रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-19112026-278066
CG-DL-E-19112026-278066

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 6049] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, नवम्बर 19, 2026/कार्तिक 28, 1948
No. 6049] NEW DELHI, THURSDAY, NOVEMBER 19, 2026/KARTIKA 28, 1948

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

(दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 18 नवम्बर, 2026

का.आ. 6289(अ).—केन्द्रीय सरकार, दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) की धारा 56 द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, और भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 14 मार्च, 2024 को भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग-II, खंड 3, उपखंड-(ii) में प्रकाशित अधिसूचना संख्यांक का. आ. 1338 (अ.) तारीख 12 मार्च, 2024, को उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए, जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या करने का लोप किया गया है, उपबन्ध में यथा ब्यौरेवार किसी व्यक्ति में विनिर्दिष्ट दिव्यांगताओं की सीमा का निर्धारण करने के लिए, विशेषज्ञों की उप-समितियों की सिफारिशों पर विचार करने के पश्चात्, किसी व्यक्ति में निम्नलिखित विनिर्दिष्ट दिव्यांगताओं की सीमा का निर्धारण करने के प्रयोजन के लिए मार्गदर्शक सिद्धांतों को अधिसूचित करती है, अर्थात् -

i. गतिविषयक दिव्यांगता;

ii. दृष्टि बाधिता;

iii. श्रवण बाधिता और वाक् एवं भाषा दिव्यांगता

iv. विनिर्दिष्ट अधिगम दिव्यांगता, बौद्धिक दिव्यांगता और आटिज्म स्पेक्ट्रम विकार;

v. मानसिक बीमारी;

vi. रक्त विकार;

vii. बहु विकार; और

viii. चिरकालिक तंत्रिका संबंधी विकार

टिप्पण 1:- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) की धारा 57 के निबंधनों के अनुसार, यथास्थिति राज्य सरकार या संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन, अपेक्षित अर्हताएं और अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को प्रमाणन प्राधिकारी के रूप में पदाभिहित करेंगे, जो दिव्यांगता प्रमाण पत्र और विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी कार्ड) जारी करने के लिए सक्षम होंगे और अधिकारिता जिसमें निबंधनों और शर्तों को भी अधिसूचित करेंगे जिनके अधीन रहते हुए प्रमाणन प्राधिकारी अपने प्रमाणन कार्य निष्पादित करेंगे।

टिप्पण 2:- महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, उन मामलों का विनिश्चय करने का प्राधिकरण होगा जहां उक्त मार्गदर्शक सिद्धांतों के संबंध में परिभाषाओं या वर्गीकरणों या मूल्यांकन प्रक्रियाओं के निर्वचन से संबंधित मामलों में कोई विवाद या संदेह पैदा हो।

[फा. सं. पी-13013/12/2023-यूडीआईडी/आईटी/सांख्यिकी]

गिरीश चंद्रशेखर होसुर, संयुक्त सचिव

उपबन्ध

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) के तहत शामिल किसी व्यक्ति में निर्धारित दिव्यांगता की सीमा के मूल्यांकन के उद्देश्य हेतु दिशा-निर्देश-2024

I. गतिविषयक दिव्यांगता

परिभाषा - "गतिविषयक दिव्यांगता" का अर्थ मस्कुलोस्केलटल या तंत्रिका-तंत्र या दोनों की पीड़ा के परिणामस्वरूप स्वयं या वस्तुओं की चलन संबंधी गति से संबंधित विभेदक गतिविधियों के निष्पादन के लिए एक व्यक्ति की अक्षमता से है।

खंड क:

चरम सीमा (ऊपरी और निचली चरम सीमा) के स्थायी शारीरिक ह्रास (पीपीआई) के मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देश

1.1. ऊपरी चरम सीमा के स्थायी शारीरिक ह्यस (पीपीआई) के मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देश

(क) अनुमान और परिमाप तब किया जाएगा जब नैदानिक स्थिति चिकित्सा उपचार से अधिकतम सुधार के चरण

तक पहुँच चुकी हो। सामान्यतः समय अवधि उस चिकित्सा चिकित्सक द्वारा निर्धारित की जानी है जो प्रमाणपत्र के मानक प्रपत्र के अनुसार पीपीआई प्रमाणपत्र जारी करने के लिए इस मामले का मूल्यांकन कर रहा है।

(ख) ऊपरी चरम सीमा दो घटकों; भुजा घटक और हाथ घटक में विभाजित की गई है।

(ग) भुजा घटक के कार्य के नुकसान के परिमाप में चलन संबंधी गति की सीमा, मांसपेशीय ताकत और सहयोजित गतिविधियों के नुकसान का माप करना शामिल है।

(घ) हाथ घटक के कार्य के नुकसान के परिमाप में पकड़, संवेदना और ताकत का निर्धारण करना शामिल है। पकड़ निषेधक, पार्श्विक चुटकी, बेलनाकार पकड़, गोलाकार पकड़ और हुक पकड़ का आकलन करने के लिए मूल्यांकन किया जाना चाहिए ।

(ङ) संपूर्ण चरम सीमा का ह्रास दोनों घटकों की बाधिताओं के संयोजन पर निर्भर करती है।

(च) कुल दिव्यांगता की प्रतिशतता 100 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

(छ) दिव्यांगता को पूर्णांक के रूप में प्रमाणित किया जाना चाहिए और एक अंश के रूप में नहीं ।

(ज) दिव्यांगता की प्रतिशतता (पूरे शरीर के संबंध में दिव्यांगता की प्रतिशतता दर्शाने के लिए भारत में सामान्यतः सहमत प्रणाली के अभाव में) ऊपरी चरम सीमा के संबंध में निर्दिष्ट की जानी है जो भारत में गत कई वर्षों से उपयोग में है।

(झ) गतिशील (लोकोमोटर) दिव्यांगता के लिए धारा ग (विच्छेदन वाले व्यक्तियों में स्थायी शारीरिक हानि) को छोड़कर, अस्थायी दिव्यांगता प्रमाणपत्र लक्षणों के 6 महीने बाद जारी किया जाएगा। स्थायी दिव्यांगता के लिए, 18 वर्ष की आयु के बाद प्रमाणपत्र दिया जाएगा और प्रत्येक 10 साल में पुन: मूल्यांकन किया जाना चाहिए, जहां दिव्यांगजन द्वारा अनुरोध किया गया हो या किसी विषय विशेषज्ञ द्वारा सिफारिश की गई हो।

1.2.1. भुजा (ऊपरी चरम सीमा) घटक

भुजा घटक का कुल मूल्य 90 प्रतिशत है।

1.2.2. जोड़ों की गतिशीलता की सीमा (आरओएम) के मूल्यांकन के सिद्धान्त

(क) भुजा घटक में अधिकतम आरओएम के लिए वैल्यू (मान) 90 प्रतिशत नियत की गई है।

(ख) विभिन्न जोड़ों की भागीदारी के लिए अधिमानता (वेटेज) नीचे उल्लेख किए गए अनुसार है;

कंधा = 20 प्रतिशत तक, कोहनी = 20 प्रतिशत तक, कलाई = 10 प्रतिशत तक, हाथ = 40 प्रतिशत तक,

शारीरिक अंग की भागीदारी की सीमा पर निर्भर करते हुए आगे परिकलित की जाती है (हल्का - 1 / 3 से कम, मध्यम - 2 / 3 तक, या गंभीर - लगभग पूरा) ।

यदि ऊपरी चरम सीमा में एक से अधिक जोड़ शामिल है, तो प्रत्येक जोड़ में प्रतिशतता की हानि ऊपर दिए गए अनुसार अलग से परिकलित की जाती है और फिर एक साथ जोड़ी जाती है।

1.2.3 मांसपेशियों की ताकत के मूल्यांकन के सिद्धान्त :

(क) मांसपेशियों की ताकत दस्ती (मैनुअल) पद्धति द्वारा जाँच की जा सकती है और मांसपेशियों की ताकत पर निर्भर करते हुए चिकित्सा अनुसंधान परिषद (एमआरसी), लंदन, यू.के. द्वारा सिफारिश किए गए अनुसार 0-5 तक ग्रेड दी जा सकती है **(परिशिष्ट - I)** ।

(ख) मांसपेशी शक्ति की हानि को नीचे दिए गए अनुसार प्रतिशतता दी जा सकती है:

(i) एक जोड़ के चारों ओर की मांसपेशी के ताकत की हानि की माध्य प्रतिशतता 0.30 से गुणा की जाती है |

(ii) यदि मांसपेशी ताकत की हानि में एक से अधिक जोड़ शामिल होते हैं तो प्रत्येक जोड़ में प्रतिशतता की औसत हानि अलग से परिकलित की जाती है और फिर एक साथ जोड़ी जाती है जैसा कि ऊपर गतिशीलता की हानि के लिए निर्धारित की गई है।

1.2.4. समन्वित गतिविधियों के मूल्यांकन के सिद्धान्त :

(क) समन्वित गतिविधियों के लिए कुल मान 90 प्रतिशत नियत किया गया है।

(ख) दस विभिन्न समन्वित गतिविधियों की जाँच प्रपत्र क **(परिशिष्ट - II - ऊपरी चरम सीमा के लिए मूल्यांकन प्रपत्र)** में दिए अनुसार की जानी चाहिए।

(ग) प्रत्येक गतिविधि के लिए मान 9 प्रतिशत नियत किया गया है।

(घ) संदर्भ के लिए विभिन्न जोड़ों की औसत सामान्य सीमा **परिशिष्ट - III** पर है ।

1.2.5. भुजा घटक के लिए मूल्यों का संयोजन :

भुजा घटक के कार्य की हानि का कुल मूल्य संयुक्त सूत्र का प्रयोग करते हुए आरओएम की हानि, मांसपेशी ताकत और समन्वित गतिविधियों का मान संयोजन द्वारा प्राप्त किया जाता है ।

$$\text{क} + \frac{\text{ख}\ (90 - \text{क})}{90}$$

जहां क = उच्चतर मान और ख = निम्नतर मान है।

1.3.1. हाथ घटक:

(क) हाथ घटक के लिए कुल मान 90 प्रतिशत नियत किया गया है ।

(ख) हाथ की कार्यात्मक बाधिता पकड़न संबंधी हानि, संवेदना हानि और ताकत संबंधी हानि के रूप में व्यक्त की जाती है।

1.3.2. पकड़न संबंधी मूल्यांकन के सिद्धान्त :

पकड़न के लिए कुल मान 30 प्रतिशत नियत किया गया है।

इसमें निम्नलिखित शामिल हैं :

(क) प्रतिरोध – 8% के लिए

- तर्जनी उंगली - 2%
- मध्य उंगली - 2%
- अंगूठी उंगली - 2%
- छोटी उंगली - 2% - से जाँच किया गया

(ख) पार्श्विक चुटकी - 5%

– रोगी के अंगूठे और तर्जनी उंगली के पार्श्विक पक्ष के बीच एक चाबी पकड़ने के लिए कहकर जांच की जाता है।

(ग) बेलनाकार पकड़ - 6% के लिए

i. लगभग 4 इंच आकार की बड़ी वस्तु – 3%

ii. 1-2 इंच आकार की छोटी वस्तु – 3%

- द्वारा जांच की जाती है।

(घ) गोलाकार पकड़ - 6% के लिए

i. लगभग 4 इंच आकार की बड़ी वस्तु – 3%

ii. 1-2 इंच आकार की छोटी वस्तु – 3%- के लिए जांच

की जाती है।

(ङ) हुक पकड़– 5%

– रोगी को एक बैग को उठाने के लिए कहकर जांच की जाती है।

1.3.3. संवेदना के मूल्यांकन के सिद्धांतः

(क) हाथ में संवेदना के लिए कुल मान 30% है।

(ख) इसका मूल्यांकन नीचे दिए गए वितरण के अनुसार किया जाएगाः

(i) संवेदना को पूरी क्षति

अंगूठा (थंब)	–	9%
तर्जनी उंगली	–	6%
मध्य उंगली	–	5%
अंगूठी उंगली	–	5%
छोटी उंगली	–	5%

(ii) संवेदना की आंशिक क्षति :

अंगूठे / उंगलियों में संवेदना की क्षति के प्रतिशत के अनुसार मूल्यांकन किया जाना चाहिए ।

1.3.4. ताकत के मूल्यांकन के सिद्धांत

(क) ताकत के लिए कुल मान 30% है।

(ख) इसमें शामिल हैं:

(i) पकड़ ताकत – 20%

(ii) चुटकी की ताकत – 10%

हाथ की शक्ति की जांच हैंड डाइनेमो मीटर या नैदानिक विधि (पकड़ पद्धति) द्वारा की जानी चाहिए।

अधिग्रहित स्थितियों (रोग / चोट इत्यादि) के कारण प्रमुख ऊपरी चरम सीमा (ज्यादातर दाईं और की ऊपरी चरम सीमा) की भागीदारी वाले व्यक्तियों के मामलों में 10% अधिमानता जोड़ी जाती है और यह जन्मजात विसंगतियां, स्थितियां, हानि या विकृतियां वाले व्यक्तियों के लिए नहीं है।

तथापि, यदि यह स्थिति (जैसे कमजोरी, अंग-विच्छेदन, विकृति आदि) केवल, छोटी उंगली, अनामिका या मध्यमा उंगली से संबंधित है, तो अतिरिक्त अधिमानता 5% होगा।

ऊपरी चरम सीमा को कम करने के लिए, अतिरिक्त अधिमानता निम्नानुसार है:

पहले 1” – कोई अतिरिक्त अधिमानता नहीं।

पहले 1” के बाद प्रत्येक 1" के लिए - 2% अतिरिक्त अधिमानता

अतिरिक्त अधिमानता -

निम्नलिखित सहयोगी कारकों को कुल 10 प्रतिशत तक अतिरिक्त अधिमानता दी जा सकती है यदि वे मानक उपचार के बावजूद महत्वपूर्ण, निरंतर और स्थायी हैं।

(i) विकृति

कार्यात्मक स्थिति में – 3%

गैर-कार्यात्मक स्थिति में – 6%

(ii) दर्द

हल्के (कार्य के साथ थोड़ा सा होना) – 3%

मध्यम (कार्य के साथ होना) – 6%

गंभीर (कार्य के साथ काफी हद तक होना) – 9%

(iii) संवेदना का नुकसान

आंशिक नुकसान – 6% तक

पूर्ण नुकसान – 9%

(iv) जटिलताएं

सतही जटिलताएं – 3%

अंदरूनी जटिलताएं – 6%

पीपीआई का कुल % किसी भी मामले में 100% से अधिक नहीं होगा ।

दिव्यांगता का प्रतिशत (पूरे शरीर के संबंध में दर्शाने के लिए भारत में सामान्यत: सहमत प्रणाली के अभाव में) ऊपरी

चरम सीमा के संबंध में बताया जाना चाहिए जो भारत में पिछले कई वर्षों से उपयोग में है ।
दिव्यांगता का % पूर्णांक में उल्लिखित किया जाना है और एक अंश के रूप में नहीं ।

1.3.5. हाथ घटक के मान का संयोजन :

हाथ घटक के कार्य की हानि का अंतिम मान पकड़ने, संवेदना और ताकत के हानि के मान को जोड़कर प्राप्त किया जाता है।

1.3.6. चरम सीमा के लिए मान का संयोजन :

भुजा घटक की बाधिता और हाथ घटक की बाधिता के मान संयुक्त सूत्र उपयोग करके परिकलित किया जाना चाहिए:

$$\text{क} + \frac{\text{ख}\ (90 - \text{क})}{90}$$

जहां क = उच्चतर मान और ख = निम्नतर मान है।

2. निचली चरम सीमा में स्थायी शारीरिक बाधिता के मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देश

निचली चरम सीमा में कार्य के नुकसान का माप दो घटकों में विभाजित किया जाता है, नामत: गतिशीलता घटक और स्थिरता घटक |

2.1.1. गतिशीलता घटक

गतिशीलता घटक के लिए कुल मान 90 प्रतिशत है जिसमें गतिशीलता की सीमा (आरओएम) और मांसपेशी की ताकत शामिल है।

2.1.2. गतिशीलता की सीमा के मूल्यांकन का सिद्धांत :

(क) गतिशीलता घटक में गतिशीलता की अधिकतम सीमा के लिए मान 90% है।

(ख) नीचे दिए अनुसार समीपस्थ और मध्यम जोड़ों की भागीदारी को उचित अधिमानता दी गई है:

कूल्हा = 35% तक, घुटना = 35% तक, टखना = 20% तक,

अंग की भागीदारी की सीमा पर निर्भर (हल्का 1 / 3 से कम, मध्यम - 2 / 3 तक, या गंभीर - लगभग कुल) करते हुए आगे परिकलित की जाती है।

यदि अंग के एक से अधिक जोड़ों को शामिल किया जाता है तो प्रतिशत में आरओएम का औसत नुकसान एक जोड़ के संबंध में अलग से परिकलित किया जाना चाहिए और फिर उस विशेष अंग के संबंध में गतिशीलता और ताकत के नुकसान की गणना करने के लिए एक साथ जोड़ दिया जाना चाहिए।

2.1.3 मांसपेशी ताकत के मूल्यांकन का सिद्धांतः

(क) चरम सीमा में अधिकतम मांसपेशी ताकत के लिए मूल्य 90% है।

(ख) मांसपेशियों की ताकत की मैन्युअल पद्धति द्वारा जांच की जा सकती है और मांसपेशी समूह में शेष ताकत पर निर्भर करते हुए 0-5 तक ग्रेड दी जा सकती है ।

(ग) मैनुअल मांसपेशियों की ताकत के लिए ग्रेडिंग नीचे दिए गए अनुसार प्रतिशतता में दी जा सकती है:

मांसपेशी ताकत का संख्यात्मक स्कोर	गुणात्मक स्कोर	%में ताकत का नुकसान
0	शून्य	100
1	ट्रेस एक्टिविटी	80
2	कमजोर	60
3	बढ़िया	40
4	अच्छा	20
5	सामान्य	0

(घ) अंग के संबंध में हानि की गणना करने के लिए जोड़ के चारों ओर मांसपेशियों की ताकत के नुकसान की औसत प्रतिशतता 0.30 से गुणा की जाती है ।

(ङ) यदि एक से अधिक जोड़ को शामिल करते हुए मांसपेशियों की ताकत की हानि होती है, तो अंतिम मूल्य ऊपर निर्धारित किए गए अनुसार जोड़कर परिकलित की जाती है ।

2.1.4 गतिशीलता घटक के लिए मूल्यों का संयोजन :

आरओएम की हानि और मांसपेशियों की ताकत के नुकसान के मान को संयोजन सूत्र की सहायता से परिकलित किया जाना है :

$$\text{क} + \frac{\text{ख}\ (90 - \text{क})}{90}$$

जहां क उच्चतर =मान और ख निम्नतर =मान है।

2.2 स्थिरता घटक

(क) स्थिरता घटक के लिए कुल मान 90% है।

(ख) **परिशिष्ट II में प्रपत्र ख (निचली चरम सीमा के लिए मूल्यांकन प्रपत्र)** में दिए गए अनुसार नैदानिक पद्धति द्वारा इसकी जांच की जाएगी। इसमें दस गतिविधियां हैं, जिनकी जांच करने की आवश्यकता है, और प्रत्येक गतिविधि में नौ प्रतिशत (9%) का मान है । प्रत्येक गतिविधि के संबंध में प्रतिशत का मूल्यांकन प्रत्येक गतिविधि के संबंध में स्थिरता की हानि की प्रतिशत पर निर्भर करती है ।

2.3 अतिरिक्त अंक

विकृति, दर्द, अवकुंचन, संवेदना की हानि और हाथ-पैर छोटा होना (शॉर्टनिंग) इत्यादि के लिए अतिरिक्त अंक (हानि का %) दिए जाते हैं ।

हाथ-पैर के छोटा होने के लिए (वास्तव में छोटा है और स्पष्ट रूप से छोटा नहीं है)

प्रथम 1/2” - शून्य

प्रथम 1/2" के बाद प्रत्येक 1/2" - 4%

संबद्ध समस्याओं जैसे विकृति, दर्द, अवकुंचन आदि के लिए जोड़े जाने हेतु अधिकतम अतिरिक्त अंक 10% (हाथ-पैर के छोटा होने को छोड़कर) हैं।

(क) विकृति

कार्यात्मक स्थिति में	-	3%
गैर-कार्यात्मक स्थिति में	-	6%

(ख) दर्द

हल्का (कार्य के साथ थोड़ा सा होना)	-	3%
मध्यम (कार्य के साथ होना)	-	6%
गंभीर (कार्य के साथ काफी हद तक होना)	-	9%

(ग) संवेदना का नुकसान

आंशिक हानि	-	6%
पूर्ण हानि	-	9%

(घ) जटिलताएं

बाहरी जटिलताएं	-	3%
गहरी जटिलताएं	-	6%

खंड ख:

3. रीढ़ की हड्डी की स्थायी शारीरिक हानि के मूल्यांकन के लिए दिशा-निर्देश

मूल दिशानिर्देश:

3.1. रीढ़ की हड्डी की चोटों या विकृति के कारण होने वाली स्थायी शारीरिक हानि, समय के साथ बदल सकती है, रीढ़ की हड्डी के संबंध में जारी प्रमाण पत्र की समीक्षा दिव्यांगता प्रमाणन के लिए मानक दिशानिर्देशों के अनुसार की जानी चाहिए।

3.2. रीढ़ की हड्डी के संबंध में स्थायी शारीरिक हानि (पूरे शरीर के संबंध में दर्शाने के लिए भारत में सामान्यत: सहमत प्रणाली के अभाव में) का मूल्यांकन गत कई वर्षों से भारत में उपयोग किए गए अनुसार किया जाना चाहिए।

3.3 दर्द वाले घाव (ट्रोमेटिक क्षति)

3.3.1 सर्वाइकल स्पाइन चोटें :

सं.	सर्वाइकल स्पाइन चोटें	रीढ़ की हड्डी के संबंध में पीपीआई की प्रतिशतता
i.	एक या दो आसन्न कशेरुकाओं का 25% या अधिक संकोचन जिसमें पीछे के तत्वों (पोस्टेसरीयर एलीमेंट) की कोई भागीदारी नहीं है, तंत्रिका जड़ की भागीदारी नहीं है, गर्दन में मध्यम अकड़ और लगातार पीड़ा है।	20%
ii.	गर्दन की मोच सहित मध्यम विस्थापन / ऐंठन के रेडियोलॉजिकल सबूत के साथ पीछे के तत्व (पोस्टियर एलीमेंट) में नुकसान क) संलयन के साथ ठीक होना, कोई स्थायी गतिशील या संवेदी परिवर्तन नहीं ख) रेडियोलॉजिकल प्रदर्शनीय अस्थिरता के साथ लगातार दर्द।	10% 25%
iii.	गंभीर विस्थापन : क) बिना किसी अवशिष्ट गतिशील या संवेदी भागीदारी के संलयन के साथ या संलयन के बिना स्पष्ट से काफी कम ख) संलयन के साथ अपर्याप्त कमी और लगातार रेडिक्यूकलर दर्द	10% 15%

3.3.2 सर्वाइकल इंटरवरटेब्रल डिस्क क्षति :

सं.	सर्वाइकल इंटरवरटेब्रल डिस्क क्षति:	रीढ़ की हड्डी के संबंध में पीपीआई की प्रतिशतता
i.	लगातार दर्द के साथ डिस्क क्षति का उपचारित मामला लेकिन कोई न्यूरोलॉजिकल कमी नहीं	10%
ii.	दर्द और अस्थिरता के साथ डिस्क क्षति का उपचारित मामला	15%

3.3.3 थोरैसिक और थोरैकोलम्बर स्पाइन इंजरी-

सं .	थोरैसिक और थोरैकोलम्बर स्पाइन इंजरी	रीढ़ की हड्डी के संबंध में पीपीआई की प्रतिशतता
i.	किसी न्यूरोलॉजिकल प्रत्यक्षीकरण के बिना एक कशेरुकाओं को शामिल करते हुए 50% से कम का संपीड़न	10%
ii.	पोस्टेरियर तत्वों, ठीक हुए, किसी न्यूरोलॉजिकल प्रत्यक्षीकरण के बिना	20%

	लगातार दर्द, दर्शाईं गई संलयन की भागीदारी से एकल कशेरुका या अधिक को शामिल करते हुए 50% से अधिक संपीड़न	
iii.	संलयन के साथ (ii) के अनुसार वही, केवल पीठ के भारी उपयोग होने पर दर्द	15%
iv.	लगातार दर्द के साथ फ्रैक्चर या फ्रैक्चर विस्थापन से रेडियोलॉजिकल से प्रदर्शनीय अस्थिरता	30%

3.3.4 लंबर और लुंबोसैक्रल स्पाइनः फ्रैक्चर

सं.	**लंबर और / या लुंबोसैक्रल स्पाइन फ्रैक्चर**	**रीढ़ की हड्डी के संबंध में पीपीआई की**
i.	एक या दो आसन्न कशेरुकाओं का 25% या उससे कम संपीड़न, कोई निश्चित पैटर्न नहीं, कोई न्यूरोलॉजिकल कमी नहीं	10%
ii.	पीछे के तत्वों (पोस्टेरियर एलिमेंट), में खराबी से 25% से अधिक संपीड़न। लगातार दर्द और अकड़न, संलयन के साथ या संलयन के बिना ठीक हुए, 10 किलोग्राम से अधिक भार उठाने में असमर्थता।	20%
iii.	दर्द के साथ निचले लंबर या लुंबोसैक्रल रीढ़ में रेडियोलॉजिकल प्रदर्शनीय अस्थिरता	30%

3.3.5 इंटरवेर्टिब्रल डिस्क क्षति:

सं .	**इंटरवेर्टिब्रल डिस्क क्षति**	**रीढ़ की हड्डी के संबंध में पीपीआई की प्रतिशतता**
i.	लगातार दर्द का उपचारित मामला	10%
ii.	लगातार दर्द और अस्थिरता का उपचारित मामला	20%
iii.	लगातार दर्द के उपचारित मामले और वजन उठाने की गतिविधियों में मध्यम सुधार	25%
iv.	दर्द और अकड़न के उपचारित मामले, जिससे भारी सामान उठाने वाली अपेक्षित सभी गतिविधियों में सुधार की आवश्यकता होती है।	30%

4. बिना दर्द वाली (नॉन ट्रोमेटिक) क्षति:

स्कोलियोसिस और / या किफोसॉलियोसिसः

4.1. स्कोलियोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें एक व्यक्ति की रीढ़ की हड्डी में पार्श्विक, या दाएं व बाएं वक्रता हो

जाती है। हालांकि स्कोलियोसिस एक त्रि-आयामी विकृति है, जिसमें एक्स-रे पर, स्कोलियोसिस वक्रताएं अकसर एक साधारण "एस" या "सी" आकार की तरह दिखाई दे सकती हैं।

4.2. स्कोलियोसिस को रेडियोग्राफ के साथ परिभाषित किया गया है जिसमें संपूर्ण रीढ़ की हड्डी के एंटिरो - पोस्टेरियर दृष्टि के साथ-साथ पार्श्विक दृष्टि का एक खड़ी स्थिति में एक्स-रे शामिल है। कोब की विधि का उपयोग करके वक्र आयाम डिग्री में मापा जाता है।

एक सीधी रीढ़ की हड्डी में 0 डिग्री का वक्र होता है; 10 डिग्री से अधिक किसी भी वक्र को स्कोलियोसिस माना जाता है ।

0 डिग्री और 10 डिग्री के बीच को "पोस्चरल असमानता" माना जाता है जो कि सही में स्कोलियोसिस नहीं है।

पार्श्विक रेडियोग्राफ का उपयोग थोरैसिक किफोसिस (या राउंडबैक उपस्थिति) और लंबर लोरडोसिस (एसवैक) की मात्रा निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

4.3. सामान्य तौर पर, स्कोलियोसिस की गंभीरता वक्रता की डिग्री पर निर्भर करती है चाहे यह महत्वपूर्ण अंगों के कार्य को, विशेष रूप से फेफड़े और दिल के कार्यों को प्रतिकूल रूप से प्रस्तावित करती हो। स्थायी शारीरिक हानि की प्रतिशतता को नीचे दिए अनुसार परिकलित किया जाता है:

समूह	**कोब एंगल**	**स्थायी शारीरिक हानि की %**
समूह 1	10-20 डिग्री	1 से 5%
समूह 2	21-30 डिग्री	6 से 9%
समूह 3	30-51 डिग्री	10 से 19%
समूह 4	51-75 डिग्री	20 से 29%
समूह 5	76-100 डिग्री	30 से 39%
समूह 6	101-125 डिग्री	40 से 60%
समूह 7	126 डिग्री या अधिक	60 से 70%

4.4. स्कोलियोसिस या किफोसॉलियोसिस वाले व्यक्ति का, यदि उपस्थित हो तो, कार्डियोरेसस्पिरेटरी सीमाओं के लिए मूल्यांकन किया जाना चाहिए। संबंधित खंड के तहत दिशानिर्देशों में उल्लेख किए गए अनुसार नैदानिक मूल्यांकन या प्रासंगिक जांच से भागीदारी की गंभीरता के अनुसार स्थायी की प्रतिशतता में अतिरिक्त अधिमानता दी जानी चाहिए।

4.5 गंभीर प्रकार के स्कोवलियोसिस के मामलों में कार्डियोपल्मोकनरी कार्य की जांच और असामान्य से विचलन की प्रतिशतता का मूल्यांकन निम्नलिखित सरल विधियों में से एक का पालन करते हुए किया जाएगा जो भी मूल्यांकन के समय नैदानिक रूप से अधिक विश्वसनीय होगी। इस प्रकार प्राप्त संयुक्त सूत्र द्वारा जोड़ा जाएगा।

(क) छाती का विस्तार

छाती की गतिशीलता का आकलन करने के लिए छाती विस्तार एक सरल, किफायती और बिना चीर-फाड़ की

नैदानिक / बेडसाइड जांच है। इसकी इंट्रा-रेटर और इंटर-रेटर विश्वसनीयता काफी हद तक स्वस्थ आबादी और श्वसन रोग वाले व्यक्तियों में प्रदर्शित की गई है। आंक्यलोसिंग स्पॉन्डिलाइटिस, न्यूमोथोरैक्स, प्लूरल एफ्यूशन, एस्बेस्टस से संबंधित प्लूरल फाइब्रोसिस, और छाती की दीवार विकृति वाले विषयों में छाती के विस्तार और फेफड़ों के कार्य के बीच एक सह संबंध बताया गया है।

छाती के विस्तार को पसली पिंजरे के 2 अलग-अलग स्तरों पर एक मापने वाले टेप का उपयोग करके मापा जाना चाहिए। ऊपरी छाती के विस्तार को परिभाषित करने के लिए उपयोग किए जाने वाले शारीरिक मार्कर क्लेविकुलर लाइन के स्तर पर तीसरा इंटरकोस्टल स्पेस और पांचवें थोरेकिक कशेरुका की स्पिनस प्रक्रियाएं हैं। निचले छाती के विस्तार को परिभाषित करने के लिए, सीफॉइड प्रक्रिया की नोक और दसवें वक्ष कशेरुका की स्पिनस प्रक्रिया का उपयोग मार्कर के रूप में किया जाता है।

व्यक्ति (सब्जेक्ट) को निर्देश दिए जाते हैं और पर्याप्त समझ सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया का प्रदर्शन किया जाता है। छाती के व्यास के 2 माप गहरी श्वसन और निःश्वसन क्रिया के अंत में लिए जाते हैं। निर्दिष्ट शारीरिक मार्करों के अनुसार, ऊपरी और निचली छाती के विस्तार को निःश्वसन व्यास से श्वसन व्यास को घटाकर प्राप्त किया जाता है। व्यक्ति(सब्जेक्ट) अपनी बाहों को अपनी तरफ रखकर बैठा है, जिसमें शरीर का धड़ और छाती खुला हुआ है। परीक्षक व्यक्ति के शरीर के चारों ओर अंगूठे और तर्जनी उंगली से मापने वाले टेप के दोनों सिरों को पकड़ते हुए ऊपरी छाती के विस्तार का 1 माप और फिर निचले छाती के विस्तार का 1 माप लेता है। मापने वाले टेप को कसकर पकड़ने के बदले आराम से पकड़ना चाहिए।

छाती के विस्तार और शारीरिक बाध्यता की सीमा के संबंध में एक अन्य मानकीकृत सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य विधि की कमी में, निम्नलिखित प्रस्तावित है क्योंकि यह पिछले कई वर्षों से उपयोग में है-

सं .	अधिकतम छाती विस्तार	स्थायी शारीरिक हानि का %
1	4 से.मी. से अधिक	शून्य
2	3 से.मी. से 4 से.मी.	5
3	2 से.मी. से 3 से.मी.	10
4	1 से.मी. से 2 से.मी.	15
5	1 से.मी. से कम	20

(ख) एक सांस में गिनती:

यह एक सरल बिना चीर-फाड़ की नैदानिक / बेडसाइड स्क्रीनिंग जांच है जिसका उपयोग कभी-कभी श्वसन मांसपेशियों की ताकत का आकलन करने के लिए किया जाता है। यह अधिकतम श्वसन लेकर और एक ही सांस में सामान्य आवाज में जितना संभव हो उतने देर तक / उच्च संख्या की गिनती करके किया जाता है। माप के बीच एक मिनट के आराम के बाद दो बार प्रयास दर्ज किए जा सकते हैं। यह उपयोगी हो सकता है जब औपचारिक महत्वपूर्ण क्षमता माप मुश्किल है या संभव नहीं है।

एकल सांस की गणना के संबंध में एक मानकीकृत सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य विधि के अभाव में, निम्नलिखित प्रस्तावित है क्योंकि यह पिछले कई वर्षों से उपयोग में है-

सं .	एक सांस में गिनती:	स्थायी शारीरिक हानि का %
1	40 से अधिक	शून्य
2	31 से 40	5
3	21 से 30	10
4	11 से 20	15
5	5 से 10	20
6	5 से कम	25

संयुक्त सूत्र का उपयोग करके अतिरिक्त अधिमानता को जोड़ा जाना है:

$$\text{क} + \frac{\text{ख}\ (90 - \text{क})}{90}$$

जहां क = उच्चतर मूल्य और ख = निम्नतर मूल्य है।

4.6. धड़ असंतुलन:

उपरोक्त पीपीआई के अलावा, धड़ असंतुलन के संबंध में भी मूल्यांकन किया जाना चाहिए ।

धड़ असंतुलन के संबंध में मानकीकृत सार्वभौमिक स्वीकार्य विधि के अभाव में, गत कई वर्षों से उपयोग किए गए अनुसार निम्नलिखित प्रस्तावित है।

धड़ असंतुलन को ग्लुटील क्रीज से प्लंब लाइन की दूरी को सी7 रीढ़ से एक प्लंब लाइन द्वारा मापा जाना चाहिए।

सं.	प्लंब लाइन का विचलन	स्थायी शारीरिक हानि का %
1.	1.5 से.मी. तक	4
2.	1.6 - 3.0 से.मी.	8
3.	3.1 - 5.0 से.मी.	16
4.	5.1 से भी या उससे अधिक	32
सं.	**सिर का सी 7 रीढ़ पर झुकाव**	**स्थायी शारीरिक हानि का %**
1.	15° तक	4
2.	15° से अधिक	10

नीचे दिए गए अनुसार संबद्ध समस्याएं: सीधे जोड़े जाने के लिए लेकिन धड़ (ट्रंक) के संबंध में पीपीआई का कुल मूल्य 100% से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(क) दर्द

क्र.सं.	**गतिविधि (एडीएल*) सीमा का विस्तार**	**स्थायी शारीरिक हानि का %**
1.	एडीएल के साथ हल्की बाधा	4
2.	एडीएल की मध्यम बाधा	6
3.	एडीएल की गंभीर बाधा	10

* एडीएल – दैनिक जीवन की गतिविधियां

(ख) कॉस्मेटिक अपीयरेंस :

- कपड़ों के साथ कोई स्पष्ट विरूपण नहीं – शून्य

- हल्का विरूपण - 2%

- गंभीर विरूपण - 4%

(ग) पैरों की लंबाई में विसंगतिः

- प्रथम 1 / 2” छोटी - शून्य

- पहले 1 / 2” के बाद प्रत्येक 1/2" – 4%

(घ) तंत्रिका संबंधी कमी – ऐसे मामलों में पीपीआई के मूल्यांकन के निर्धारित तंत्र के अनुसार तंत्रिका संबंधी कमी की गणना की जानी चाहिए । इस प्रकार प्राप्त मूल्य को संयुक्त सूत्र के उपयोग से जोड़ा जाना चाहिए ।

4.7. कुबड़पन (किफोसिस)

कुबड़पन रीढ़ की हड्डी में एक सामान्य से अधिक बड़ा मोड़ है, जो आमतौर पर ऊपरी पीठ में होता है । थोरैकिक कुबड़ापन (स्कोलियोसिस रिसर्च सोसाइटी के अनुसार) की सामान्य सीमा 20 डिग्री से 40 डिग्री के बीच होती है, और 40 डिग्री से अधिक कोई भी वक्रता असामान्य मानी जाती है ।

निम्नलिखित संशोधनों के साथ ऊपर निर्धारित स्कोलियोसिस के लिए उपयोग किए गए समान दिशानिर्देशों पर मूल्यांकन किया जाना चाहिए:

रीढ़ की हड्डी में कीफोटिक विकृति	**स्थायी शारीरिक हानि**
40 से कम	शून्य
41-50°	10%
51-60°	20%

61-70°	30%
71-80°	40%
81-90°	50%
91-100°	60%

4.8. धड़ असंतुलन-: बाहरी कान से गिराया जाने वाला प्लंब लाइन आमतौर पर टखने के स्तर पर गिरता है । सामान्य से विचलन को टखना पूर्ववर्ती जोड़ लाइन से प्लंब लाइन तक मापा जाए।

टखने की आगे की जोड़ से प्लंब लाइन तक की दूरी	**स्थायी शारीरिक हानि का प्रतिशत**
5 से.मी. से कम	4% तक
5 से 10 से.मी.	8% तक, दूरी पर निर्भर करते हुए
10 से 15 से.मी.	16% तक, दूरी पर निर्भर करते हुए
15 से.मी. से अधिक	32% तक, दूरी पर निर्भर करते हुए

इसे सीधे जोड़ा जाता है।

4.9. विविध शर्तें:

रीढ़ की हड्डी की वे स्थितियां, जो कठोरता और दर्द आदि के कारण हैं लेकिन ऊपर सूचीबद्ध नहीं हैं, का मूल्यांकन निम्नानुसार किया जाता है-:

सं.	**स्थिति**	**स्थायी शारीरिक हानि का प्रतिशत**
1.	दर्द के विषयपरक लक्षण, कोई अनैच्छिक मांसपेशियों की ऐंठन नहीं है, जो स्पष्ट संरचनात्मक विकृति से स्पष्ट नहीं होती है	शून्य
2.	दर्द, लगातार मांसपेशी ऐंठन और रीढ़ की हड्डी की कठोरता, हल्के रेडियोलॉजिकल परिवर्तनों से कायम होती है और नियमित उपचार की आवश्यकता है(दवाइयां और गैर-औषधीय उपाय)	20
3.	मध्यम रेडियोलॉजिकल परिवर्तनों के साथ उक्त (2) के समान और नियमित उपचार की आवश्यकता है (दवाइयां और गैर-औषधीय उपाय)	25
4.	रीढ़ की हड्डी के किसी एक क्षेत्र से जुड़े हुए गंभीर रेडियोलॉजिकल परिवर्तनों के साथ उक्त (2) के समान और नियमित उपचार की आवश्यकता है (दवाइयां और गैर-औषधीय उपाय)	30

5.	संपूर्ण रीढ़ की हड्डी के साथ उक्त (4) के समान और नियमित उपचार की आवश्यकता है (दवाइयां और गैर-औषधीय उपाय)	40

खंड ग:

5. विच्छेदन (एम्प्यूटीस) वाले व्यक्तियों में स्थायी शारीरिक हानि के मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देश:

5.1. मूल दिशानिर्देश:

(क) एकाधिक विच्छेदन (एम्प्युटिज) के मामलों में, स्थायी हानि की % संयुक्त सूत्र का उपयोग करके गणना की जानी है:

$$\text{क} + \frac{\text{ख}\,(90-\text{क})}{90}$$

जहां क = उच्चतर मूल्य और ख = निम्नतर मूल्य है।

(ख) यदि स्टंप प्रोस्थेसिस फिटिंग के लिए उपयुक्त नहीं है तो मूल्य में 5% अतिरिक्त अधिमानता जोड़ा जाए।

(ग) समीपस्थ जोड़, न्यूरोमा, संक्रमण आदि की कठोरता के रूप में किसी भी जटिलता को कुल 10% तक अतिरिक्त अधिमानता दी जानी चाहिए।

(घ) अधिगृहित विच्छेदन (एम्प्युटेशन) में प्रमुख ऊपरी अंग (अधिकतर व्यक्तियों में दायां ऊपरी अंग) की भागीदारी को 10% अतिरिक्त अधिमानता दी जानी चाहिए।

5.2. ऊपरी अंग का विच्छेदन :

सं.	**ऊपरी अंग के विच्छेदन का स्तर**	**स्थायी शारीरिक हानि का प्रतिशत**
1.	फोर-क्वार्टर एम्प्युटेशन	100
2.	कंधा विच्छेदन	90
3.	ट्रांस ह्यूमरल (कोहनी के ऊपर) बांह के समीपस्थ **1/2 भाग** तक	85
4.	ट्रांस ह्यूमरल (कोहनी के ऊपर) बांह के आधे हिस्से के डिस्टेल के भीतर	80
5.	कोहनी विच्छेदन	75
6.	ट्रांस रेडियल (कोहनी के नीचे) अग्रबाहु के **1/2 भाग** के समीपस्थ	70
7.	ट्रांस रेडियल (कोहनी के नीचे) अग्रबाहु के **1/2 भाग** के डिस्टेल के भीतर	65
8.	क्रुकेनबर्ग ऑप्टेशन या एम्प्युटेशन	65
9.	कलाई विच्छेदन	60

10.	कार्पल हड्डियों में से हाथ	55
11.	हाथ का आंशिक विच्छेदन (सभी मेटाकार्पेल के शाफ्ट के स्तर पर); पूरा अंगूठा	30
12.	सीएम में से या 1 एमसी जोड़ में से अंगूठा	30
13.	मेटाकार्पोफ्लैंजल जोड़ में से या समीपस्थ फैंलक्स में से अंगूठा विच्छेदन	25
14.	अंतर फैलांगिल जोड़ में से या डिस्टल फैलेंक्स में से अंगूठा विच्छेदन	15
15.	समीपस्थ फैलंक्स में से विच्छेदन या तर्जनी उंगली का एमपी जोड़ में से विच्छेदन	15
	समीपस्थ फैलंक्स में से विच्छेदन या मध्य उंगली का एमपी जोड़ में से विच्छेदन	5
	समीपस्थ फैलंक्स में से विच्छेदन या अंगूठी उंगली का एमपी जोड़ में से विच्छेदन	3
	समीपस्थ फैलंक्स में से विच्छेदन या छोटी उंगली का एमपी जोड़ में से विच्छेदन	2
16.	मध्य फैलंक्स में से विच्छेदन या तर्जनी उंगली का पीआईपी जोड़ में से विच्छेदन	10
	मध्य फैलंक्स में से विच्छेदन या मध्य उंगली का पीआईपी जोड़ में से विच्छेदन	4
	मध्य फैलंक्स में से विच्छेदन या अंगूठी उंगली का पीआईपी जोड़ में से विच्छेदन	2
	मध्य फैलंक्स में से विच्छेदन या छोटी उंगली का पीआईपी जोड़ में से विच्छेदन	1
17.	डिस्टल फैलंक्स में से विच्छेदन या तर्जनी उंगली का डीआईपी जोड़ में से विच्छेदन	5
	डिस्टल फैलंक्स में से विच्छेदन या मध्य उंगली का डीआईपी जोड़ में से विच्छेदन	2
	डिस्टल फैलंक्स में से विच्छेदन या अंगूठी उंगली का डीआईपी जोड़ में से विच्छेदन	1
	डिस्टल फैलंक्स में से विच्छेदन या छोटी उंगली का डीआईपी जोड़ में से विच्छेदन	1

5.3. निचले अंग का विच्छेदन-

सं.	निचला अंग के विच्छेदन का स्तर	स्थायी शारीरिक हानि का %
1.	हिंड क्वार्टर	100
2.	हिप डिसार्टिकुलेशन	90
3.	ट्रांस फेमोरल (घुटने के ऊपर) जांघ के समीपस्थ **1/2 भाग** तक	85
4.	ट्रांस फेमोरल (घुटने के ऊपर) जांघ के **1/2 भाग** के साथ	80
5.	घुटने में से	75
6.	ट्रांस टिबियल (घुटने के नीचे) पैर के **1/3 भाग** समीपस्थ	70
7.	ट्रांस टिबियल (घुटने के नीचे) पैर के मध्य **1/3 भाग** तक	65
7(i)	ट्रांस टिबियल (घुटने के नीचे) पैर के **1/3 भाग** के डिस्टेल के भीतर	60
8.	टखने में से	55
9.	साइम्स	50
10.	मध्य पैर तक (टार्सो - मेटाट्रैर्सल जोड़ों के स्तर के समीपस्थ)	40
11.	आगे के पैर तक (टार्सो - मेटाट्रैर्सल जोड़ों के स्तर तक दूरस्थ)	30
12.	पैर की सभी उंगलियां की हानि	20
13.	पैर की पहली उंगली का नुकसान	10
14.	पैर की दूसरी उंगली का नुकसान	4
15.	पैर की तीसरी उंगली का नुकसान	3
16.	पैर की चौथी उंगली का नुकसान	2
17.	पैर की पांचवी उंगली का नुकसान	1

6. चरम सीमा की जन्मजात कमियों की स्थायी शारीरिक हानि के मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देश-

जन्मजात अंग दोष का सामान्य अर्थ जन्म के समय उस अंग की आंशिक अथवा पूर्ण अनुपस्थिति है। यह थोड़ा बहुत (स्पोअराडिक) या रोग के अनेक लक्षणों का समावेश हो सकता है।

वर्षों से विविध अंग वर्गीकरण प्रणालियों का प्रयोग किया जा रहा है। वर्ष 1998 से अंतर्राष्ट्रीय रूप में अधिग्रहित वर्गीकरण की वर्तमान एवं स्वीकृत प्रणाली आईएसपीओ (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर प्रोसथेटिक्स एवं आर्थोटिक्स) वर्गीकरण प्रणाली है।

जन्मजात अंग दोष के सामान्य उदाहरणों में जन्मजात ऊर्वस्थि दोष, समीपस्थ नाभीय ऊर्वस्थि दोष एवं निम्न अंग में जन्मजात टिवियल दोष एवं ऊपरी अंग में जन्मजात रेडियल अनुदैर्ध्यि कमी (रेडियल क्लब हैंड) और जन्मगजात अल्नर अनुदैर्ध्यव कमी शामिल है।

अनुप्रस्थ कमियां

6.1. कार्यात्मक रूप से जन्मजात अनुप्रस्थ अंग कमियां अधिगृहित विच्छेदनों से तुलनीय हैं और इसे जन्मजात विच्छेदन के रूप में कहा जा सकता है। हालांकि, कुछ मामलों में विच्छेदन का संशोधन एक कृत्रिम अंग फिट करने के लिए आवश्यक है।

6.2. इसलिए पिछले अध्याय में दिए गए विच्छेदनों के मामलों में पीपीआई के मूल्यांकन के लिए लागू दिशानिर्देशों के आधार पर अनुप्रस्थ अंग की कमी का मूल्यांकन निम्नानुसार किया जाना चाहिए:

स्तर	**स्थायी शारीरिक हानि का %**
अनुप्रस्थ कमी दायी बांह पूर्ण (कंधा विच्छेदन)	90%
अनुप्रस्थ कमी पूर्ण जांघ में (हिप डिसर्टिक्यूलेशन)	90%
अनुप्रस्थ कमी समीपस्थ ऊपरी बांह (कोहनी के ऊपर)	85%
अनुप्रस्थ कमी नीचे जांघ पर (घुटने के ऊपर, 1/3 नीचे)	80%
अनुप्रस्थ कमी अग्र भुजा पूर्ण (कोहनी विच्छेदन)	75%
अनुप्रस्थ कमी नीचे अग्र भुजा (कोहनी के नीचे)	65%
अनुप्रस्थ कमी कार्पल पूर्ण (कलाई विच्छेदन)	60%
अनुप्रस्थ कमी मेटाकार्पल पूर्ण (कार्पल हड्डियों में से विच्छेदन)	55%

अनुदैर्ध्य कमियां

मूल दिशानिर्देश

6.3. अंगों की अनुदैर्ध्यं कमियों के मामलों में, उचित विचार कार्यात्मक हानि के लिए दिया जाएगा।

6.4. ऊपरी अंग में, आरओएम की हानि, मांसपेशियों की ताकत में हानि और पकड़ने जैसे हाथ के कार्य में हानि आदि की जांच पीपीआई के मामले का मूल्यांकन करते समय परीक्षण किया जाएगा।

6.5. निचले अंग में स्थिरता घटक की नैदानिक पद्धति और निचले अंग के छोटा होने को उचित अधिमानता दी जाएगी।

6.6. कार्यात्मक मूल्यांकन के अलावा, ऊपरी चरम सीमा और नीचले चरम सीमा के विच्छेदन में पीपीआई के मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देशों में दिए गए वितरण के अनुसार खोए हुए जोड़ / शरीर के हिस्से को भी मूल्य दिया जाना चाहिए। इस प्रकार प्राप्त किए गए मान संयोजन सूत्र की मदद से जोड़े जाएंगे।

6.7. अग्र भुजा में एकल हड्डी के नुकसान के मामलों में मूल्यांकन बांह (आर्म) घटक के मूल्यांकन के सिद्धांतों पर आधारित होगा, जिसमें आरओएम, मांसपेशी की शक्ति और समन्वित गतिविधियों का मूल्यांकन शामिल है। इस प्रकार प्राप्त किए गए मान संयोजन सूत्र की मदद से एक साथ जोड़े जाएंगे ।

6.8. पैर में एक हड्डी के नुकसान के मामलों में मूल्यांकन निचली चरम सीमा की गतिशीलता घटक और स्थिरता घटकों के मूल्यांकन के सिद्धांतों के आधार पर होना चाहिए । इस प्रकार प्राप्त किए गए मान संयोजन सूत्र की मदद से एक साथ जोड़े जाएंगे ।

खंड घः

क्लब फुट और कुछ अन्य गतिशीलता स्थितियों वाले व्यक्तियों में स्थायी शारीरिक हानि के मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देश

7. क्लब फुटः

क्लब फुट पैर की एक सामान्य विकृति है। यह प्राय: जन्म के समय देखा जाता है। यद्यपि इसी प्रकार की अन्य विकृतियां अन्य कुछ परिस्थितियों में भी देखी जा सकती है ।

विकृति हल्केस, मध्यम अथवा गंभीर हो सकती है।

भारत में क्लब फुट विकार की गंभीरता का सामान्यतः मूल्यांकन क्लिनिकल सेटिंग शफीक पुरानी द्वारा विकसित समंकन (स्कोरिंग) विधि का प्रयोग करते हुए किया जाता है। यह छह क्लिनिकल संकेतों (पश्च पांव के तीन संकेत एवं मध्य पांव के तीन संकेत) पर आधारित है। प्रत्येक संकेत के लिए समंकन 0 (सामान्य), 0.5 (आंशिक रूप से असामान्य) अथवा 1 (गंभीर रूप से असामान्य) के रूप में है । विकृति की मात्रा "समंकन" है और यह "पार्श्व पांव समंकन" "मध्य पांव समंकन " तथा "समग्र समंकन" के रूप में दर्ज की जाती है ।

पार्श्व पैर समंकन (एचएस) पोस्टेसरियर क्रीस (पीसी), रिजिड ईक्यीकनस (आरई) एवं एम्पटी हील (इएच) के लिए समंकनों का संकलन है। एचएस मूल्य 0 (विकृति नहीं) से 3 (गंभीर विकृति) तक के संकुचन के बाद का परिमाप है।

मध्य पैर का समंकन (एमएस) मीडियल क्रीज (एमसी), सीएलबी तथा तालु का पार्श्व 5 सिर (एलएचटी) की समंकन का योग है। एमएस मूल्य 0 (कोई विकार नहीं) से 3 (गंभीर विकार) तक के मध्य रूप से संकुचन का परिमाप है।

कुल समंकन (टीएस) एचएस और एमएस का जोड़ है । टीएस मूल्य 0 (कोई विकार नहीं) से 6 (गंभीर विकार) तक के समग्र विकार का परिमाप है ।

क्ल्ब फुट के संबंध में मानकीकृत सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य विधि के अभाव में, पिछले कुछ वर्षों के लिए उपयोग किए गए अनुसार स्थायी शारीरिक हानि की गणना हेतु पुरानी गंभीरता समंकन का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित समंकन प्रणाली प्रस्तावित है:-

कुल समंकन	स्थायी शारीरिक हानि का %
0	0
0.5	3
1	7

1.5	10
2	14
2.5	17
3	20
3.5	24
4	27
4.5	31
5	35
5.5	37
6	40

क्लब फुट वाले कई लोगों में ऑपरेशन या बिना ऑपरेशन के सुधार का प्रयास किया गया हो सकता है या लंबे समय तक उसका उपचार न करने के कारण पैर-टखने की संरचना विकृत/विरूपित हो गई हो, जिससे कोणों को मापना मुश्किल हो जाता है। ऐसी स्थितियों में, दिव्यांगता के प्रतिशत का अनुमान लगाते समय विभिन्न जोड़ों में गति की सीमा, भार की मात्रा, कार्यात्मक क्षमता आदि के वस्तुनिष्ठ नैदानिक मूल्यांकन को ध्यान में रखा जा सकता है।

नोट:-

(i) दिव्यांगता को पूर्ण संख्या के रूप में प्रमाणित किया जाना है और एक अंश के रूप में नहीं ।

(ii) दिव्यांगता उसकी निचली चरम सीमा के संबंध में प्रमाणित की जानी है जैसा कि पिछले कई वर्षों से भारत में उपयोग किया जाता है (पूरे शरीर के संबंध में दर्शाते हुए भारत में सामान्य रूप से सहमत प्रणाली के अभाव में)

(iii) द्विपक्षीय भागीदारी के मामले में, % पीपीआई प्रत्येक ओर के लिए परिकलित की जाती है और फिर संयोजन सूत्र उपयोग किया जाता है।

(iv) कुल दिव्यांगता का प्रतिशत 100% से अधिक नहीं होगा।

8.1 लिम्फेनडेमा

चिरकालिक लिम्फेनडेमा एक महत्वपूर्ण स्थिति है चाहे उसे प्राथमिक या माध्यमिक के रूप में वर्गीकृत किया गया हो और सामान्य से प्रोटीन युक्त द्रव का एक संग्रह के रूप में इसका वर्णन नहीं किया जा सकता। यह नरम ऊतकों, त्वचा, लसीका वाहिकाओं और नोड को प्रभावित करने वाली एक पुरानी क्षयकारी और सूजन संबंधी प्रक्रिया है और इसका परिणाम गंभीर हो सकता है और अक्सर सूजन को निष्क्रिय कर सकता है ।

लिम्फेनडेमा चरम सीमाओं, धड़, पेट, सिर और गर्दन तथा बाहरी जननांग में उपस्थित हो सकता है और प्राथमिक

मामलों में जीवनकाल में कभी भी विकसित हो सकता है; द्वितीयक मामले शल्य चिकित्सा या आघात के तुरंत बाद हो सकते हैं, जो कुछ महीनों के भीतर, कुछ वर्षों में, या इलाज के बाद बीस साल या इससे ज्यादा हो सकता है।

8.2 इसकी गंभीरता निम्नानुसार मूल्यांकित और ग्रेड की जाती है:

• **ग्रेड 1**: सबसे बड़े-दृश्यमान अंतर के बिंदु पर; निकट निरीक्षण पर शारीरिक संरचना का सूजन या अस्पष्टता; पिट्टींग एडिमा के मुद्दे पर मात्रा या परिधि में 5% से 10% अंत:अंग विसंगति ।

• **ग्रेड 2**: सबसे बड़े दृश्यमान अंतर के बिंदु पर, शारीरिक संरचना का आसानी से स्पष्ट रूप से अस्पष्टता; त्वचा की परतों का विस्मरण; सामान्य शारीरिक रचना से आसानी से स्पष्ट विचलन के मुद्दे पर मात्रा या परिमाण में 10% से 30% अंत: अंग विसंगति ।

• **ग्रेड 3**: लिम्फोमर्रिया; सामान्य शारीरिक रचना से सकल विचलन; दैनिक जीवन की गतिविधियों के साथ हस्तक्षेप के मुद्दे पर मात्रा या में 30% से अधिक अंत: अंग विसंगति ।

• **ग्रेड 4**: मिलिगनेनसी वृद्धि (अर्थात, लिम्फैंग्यसोरकोमा); दर्शाई गई विच्छेदन ; लिम्फेडमा अक्षम करना।

लिम्फोरडेमा के संबंध में मानकीकृत सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य विधि के अभाव में, पिछले कई वर्षों से प्रयोग किए जाने के अनुसार स्थायी शारीरिक हानि की गणना हेतु प्रस्तावित विधि निम्नअलिखित है:

लिम्फोडेमा ग्रेड	**स्थायी शारीरिक हानि**
1	10% से कम
2	10-39% इस ग्रेड के भीतर गंभीरता पर निर्भर करते हुए
3	40-50% इस ग्रेड के भीतर गंभीरता पर निर्भर करते हुए
4	51 से 70% इस ग्रेड के भीतर गंभीरता पर निर्भर करते हुए

टिप्पण:-

(i) दिव्यांगता को पूर्ण संख्या के रूप में प्रमाणित किया जाना है और एक अंश के रूप में नहीं।

(ii) दिव्यांगता उसकी चरम सीमा के संबंध में प्रमाणित की जानी है । जैसा कि भारत में गत कई वर्षों से प्रयोग में है (पूरे शरीर के संबंध में दर्शाने हुए भारत में सामान्यर रूप से सहमत प्रणाली के अभाव में)

(iii) द्विपक्षीय / एक से अधिक अंग की भागीदारी के मामले में, % पीपीआई प्रत्येक अंग के लिए परिकलित किया जाता है और फिर संयोजन सूत्र उपयोग किया जाता है ।

(iv) कुल दिव्यांगता प्रतिशत 100 % से अधिक नहीं होगा ।

9. चारकोट जोड़

चारकोट जोड़ अथवा स्नायुतंत्रिका जोड़ अथवा चारकोट आर्थ्रोपेथी मांसपेशिय ढांचे की प्रगतिशील स्थिति है जो जोड़ विस्थापन, पेथोलाजिक फ्रेक्चर एवं दुर्बलता विकार से अभिलक्षित है।

इस स्थिति से संबद्ध प्रमाणक विकार मध्य पाद शक्तिपात है जिसका वर्णन "रॉकर बॉटम" फुट के रूप में किया जाता है।

चारकोट आर्थ्रोपेथी के कारण भार युक्त जोड़ों के हड्डियों एवं कोमल तंतुओं की प्रगामी क्षति होती है; अत्यधिक गंभीर स्थिति में, इसके कारण अस्थिगत संरचना में महत्वपूर्ण अवरोध उत्पन्न हो सकता है।

चारकोट आर्थ्रोपेथी किसी भी जोड़ में हो सकता है; यद्यपि अधिकांशतः यह निम्न चरम सीमा अर्थात् पैर अथवा टखने में होता है।

चारकोट फुट विभिन्न पेरीफेरल स्नायुतंत्रिकाओं के परिणाम स्वरूप होता है, यद्यपि मधुमेह न्यूरोपेथी अत्यधिक सामान्य इटयोलॉजी बन गयी है ।

स्थिति की गंभीरता/स्थान एवं जटिलता के अनुसार चारकोट फुट के वर्गीकरण के लिए असंख्य वर्गीकरण प्रणालियां उपलब्ध हैं। चारकोट फुट की अधिकांश वर्गीकरण प्रणालियों में रेडियोग्राफिक एवं एनॉटोमिकल निष्कर्ष सम्मिलित है। यद्यपि, **ली सी रोजर का वर्गीकरण** चारकोट फुट विकार के स्तर / जटिलता एवं स्थान पर आधारित है, जो इस स्थिति का अत्यधिक सटीक पूर्वानुमान है। इसके अतिरिक्त यह वर्गीकरण प्रणाली चारकोट फुट विकास की बढती हुई गंभीरता एवं स्थान के कारण विच्छेदन के जोखिम के कारकों को भी दर्शाता है ।

चारकोट की जोड़ के संबंध में मानकीकृत सार्वभौमिक स्वीकार्य विधि के अभाव में, ली सी रोजर की वर्गीकरण का प्रयोग करते हुए स्थायी शारीरिक हानि की गणना के लिए प्रस्तावित विधि निम्नानुसार है जो पिछले कुछ वर्षों से उपयोग में है-

स्थान और स्तर	अग्र पैर	मध्य पैर	पीछे का पैर / एंकल
विकृति के बिना तीव्र चारकोट	15%	20%	25%
विकृति के साथ चारकोट	20%	25%	30%
विकृति और अल्सरेशन के साथ चारकोट	30%	35%	40%
विकृति और अस्थि शल्यता के साथ चारकोट	40%	45%	50%

टिप्पणी-

(i) दिव्यांगता को सम्पूर्ण संख्या के रुप में प्रमाणित किया जाना है, अंश रुप में नहीं ।

(ii) दिव्यांगता को उसकी चरम सीमा के संबंध में प्रमाणित किया जाना है । जैसा कि भारत में पिछले कई वर्षों से प्रयोग किया जाता है (पूरे शरीर के लिए भारत में सामान्य रूप से सहमत प्रणाली के अभाव में)

(iii) द्विपाक्षिक अंग भागीदारी के मामलों में प्रत्येक अंग के लिए प्रतिशत पीपीआई की गणना की गयी है तथा तत्पश्चात संयोजक तंत्र का प्रयोग किया गया है।

(iv) दिव्यांगता की कुल प्रतिशतता 100 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

खंड ङ :

10. चिरकालिक स्नायु संबंधी स्थितियों के कारण गतिशील दिव्यांगता के मूल्यांकन के लिए दिशा-निर्देश ।

मूल दिशा – निर्देश

10.1. तंत्रिका संबंधी परिस्थितियों का मूल्यांकन, रोग का मूल्यांकन नहीं, किन्तु इसके प्रभावों अर्थात नैदानिक प्रकटन का मूल्यांकन है।

10.2. ये दिशा-निर्देश केवल केन्द्रीय और ऊपरी मोटर तंत्रिका कोशिका क्षति के लिए ही प्रयोग किए जाएंगे।

10.3. निचले मोटर तंत्रिका कोशिका, मांसपेशिय विकार तथा अन्य गतिशील परिस्थितियों के मूल्यांकन के लिए उपरोक्त यथा मूल्यांकन विधि का प्रयोग किया जाएगा |

10.4. सामान्यतः प्रमाणन के प्रयोजन के लिए किसी प्रकार का तंत्रिका संबंधी मूल्यांकन, रोग के प्रारम्भ होने के छः मास के पश्चात किया जाना चाहिए, तथापि उपयुक्त समय अवधि का निर्धारण मूल्यांकन करने वाले चिकित्सक द्वारा किया जाना है तथा प्रमाण-पत्र के मानक प्रपत्र में दिए गए अनुसार प्रमाण-पत्र के समीक्षा की सिफारिश करेगा ।

10.5. किसी भी तंत्रिका संबंधी स्थिति में शारीरिक हानि की कुल प्रतिशतता 100 प्रतिशत से अधिक न हो ।

10.6. मिश्रित मामलों में अधिकतम अंकों पर विचार किया जाएगा। संयुक्त तंत्र का प्रयोग करते हुए न्यूनतम अंकों को जोड़ा जाएगा ।

$$\text{क} + \frac{\text{ख}\ (90 - \text{क})}{90}$$

जहां, क = उच्चतर मान

ख = निम्नतर मान है।

10.7. अधिग्रहीत स्थिति वाले मामलें में प्रमुख ऊपरी चरम सीमा की भागीदारी के लिए इसे 10 प्रतिशत की अतिरिक्त रेटिंग दी जाएगी।

10.8. प्रत्येक चरम सीमा में संवेदनात्मकता की कमी के लिए अतिरिक्त 10% अधिमानता प्रदान किया जा सकता है, किन्तु समग्र शारीरिक ह्रास 100 प्रतिशत से अधिक नहीं हो।

चलन (मोटर) प्रणाली दिव्यांगता

11. पक्षाघात

11.1. वैज्ञानिक साहित्य में कई पैमाने बताए गए हैं। संशोधित रैंकिन स्केल (एमआरएस) इन पैमानों में से एक है जिसका उपयोग आमतौर पर उन लोगों की दिव्यांगता की डिग्री या दैनिक गतिविधियों में निर्भरता को मापने के लिए किया जाता है जो पक्षघात या तंत्रिका संबंधी दिव्यांगता के अन्य कारणों से ग्रस्त हैं।

यह एक एकल आइटम, वैश्विक परिणाम रेटिंग पैमाना है। स्केल 0-6 तक चलता है जो बिना किसी लक्षणों के पूर्ण स्वास्थ्य से लेकर मृत्यु तक होता है।

11.2. पक्षघात के संबंध में मानकीकृत सार्वभौमिक स्वीकार्य विधि के अभाव में, संशोधित रैंकिन स्केल (एमआरएस) का उपयोग करते हुए स्थायी शारीरिक हानि की गणना के लिए प्रस्तावित विधि निम्नानुसार है जो पिछले कुछ वर्षों से उपयोग में है--

एमआरएस समंकन	**सुविधाएं**	**स्थायी शारीरिक हानि का %**
0	कोई लक्षण नहीं	शून्य
1	लक्षणों के बावजूद कोई महत्वपूर्ण दिव्यांगता नहीं; सभी सामान्य कर्तव्यों और गतिविधियों को पूरा करने में सक्षम	कमी की सीमा के आधार पर 30% तक
2	मामूली दिव्यांगता: पिछली सभी गतिविधियों को पूरा करने में असमर्थ, लेकिन सहायता के बिना अपने से संबंधित देखभाल करने में सक्षम	40%-50%
3	मध्यम दिव्यांगता: कुछ मदद की आवश्यकता होती है, लेकिन सहायता के बिना चलने में सक्षम	51% - 60%
4	मामूली रुप से गंभीर दिव्यांगता: सहायता के बिना चलने में असमर्थ और सहायता के बिना अपनी शारीरिक जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ	61% - 80%
5	गंभीर दिव्यांगता: बिस्तर से उठने में असमर्थ, असंयमी और निरंतर नर्सिंग देखभाल और ध्यान देने की आवश्यकता	80% से अधिक
6	मृत	लागू नहीं

12. अन्य चिरकालिक तंत्रिका संबंधी दिव्यांगता/ स्थितियां

12.1. पार्किंसनिज़्म

पार्किंसनिज़्म बेसल गैन्ग्लिया, अतिरिक्त-पिरामिड प्रणाली की भागीदारी के कारण चलन का एक महत्वपूर्ण विकार है। यह आमतौर पर गतिशील लक्षणों और गैर-गतिशील लक्षणों के रूप में प्रकट होता है। सामान्य गतिशील लक्षणों में कंपकंपी, कठोरता, चलने में मंद गति, असंतुलन, गैट हानि आदि शामिल हैं। ये हानियां अक्सर बढ़ती दिव्यांगता के कारण बढ़ते हुए देखा जाता है। नैदानिक डोमेन में बड़ी संख्या में पैमाने मौजूद हैं, लेकिन दिव्यांगता के मूल्यांकन के लिए पैमाने के सर्वोत्तम विकल्प पर बहुत कम सार्वभौमिक सहमति है।

पार्किंसनिज़्म से संबंधित दिव्यांगता के संबंध में एक मानकीकृत सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य विधि के अभाव में, स्थायी शारीरिक हानि की गणना के लिए निम्नलिखित सरल विधि प्रस्तावित है जिसे कुछ महत्वपूर्ण प्रकाशित दिशानिर्देशों से अपनाया गया है :

ऊपरी चरम सीमा की हानि की रेटिंग के लिए मानदंड:

क्रम सं.	सुविधाएं	स्थायी शारीरिक हानि का %
1.	व्यक्ति सकल गति (मूवमेंट) से जुड़े एडीएल के लिए शामिल चरम सीमा का उपयोग कर सकता है लेकिन उंगलियों के ठीक गति(मूवमेंट) नियंत्रण (डिजिटल निपुणता) के साथ कठिनाई होती है।	गैर-प्रमुख अंग= 20% प्रमुख अंग = 30%
2.	व्यक्ति बुनियादी एडीएल के लिए शामिल चरम सीमा का उपयोग कर सकता है, कठिनाई के साथ वस्तुओं को पकड़ और पकड़े रह सकता है, लेकिन उंगलियों के ठीक गति (मूवमेंट) नियंत्रण (डिजिटल निपुणता) का अभाव है।	गैर-प्रमुख अंग = 30% प्रमुख अंग = 40%
3.	व्यक्ति केवल बुनियादी एडीएल में सकल सहायता के रूप में शामिल चरम सीमा का उपयोग कर सकता है।	गैर-प्रमुख अंग = 40% प्रमुख अंग = 50%
4.	व्यक्ति बुनियादी एडीएल के लिए शामिल चरम सीमा का उपयोग नहीं कर सकता है।	गैर-प्रमुख अंग = 50 % प्रमुख अंग = 60%

खड़े रहने, गैट और निचली चरम सीमा की हानि की रेटिंग के लिए मानदंड:

क्रम सं.	सुविधाएं	स्थायी शारीरिक हानि का %
1.	व्यक्ति खड़े होने के लिए उठ सकता है, बिना सहायता के चल सकता है, लेकिन ऊंचाई, सीढ़ियों, असमान सतहों, अधिक गहराई वाले कुर्सियों से उठने में कठिनाई होती है, गिरता नहीं है और / या लंबी दूरी तक चल सकता है।	30% तक
2.	व्यक्ति खड़े होने के लिए उठ सकता है, कठिनाई के साथ और सहायता के बिना कुछ दूरी तक चल सकता है, लेकिन स्तर की सतहों तक सीमित है, गिरना असामान्य है।	40% तक
3.	व्यक्ति उठ सकता है और कठिनाई के साथ खड़ा रह सकता है, सहायता के बिना नहीं चल सकता है, कभी-कभी नीचे गिर जाता है।	50% तक
4.	व्यक्ति मदद, यांत्रिक सहायता और / या एक सहायक उपकरण के बिना खड़ा नहीं हो सकता है, प्रायः गिरता है।	60% तक

ऊपरी और निचले अंगों की महत्वपूर्ण भागीदारी वाले व्यक्ति में, दिव्यांगता के प्रतिशत की गणना संयोजन सूत्र को आपनाकर की जाती है :

$$\text{क} + \frac{\text{ख}\ (90 - \text{क})}{90}$$

जहां क = उच्चतर मूल्य, ख= निम्नतर मूल्य है।

दिव्यांगता पूरे शरीर के संबंध में व्यक्त की जाती है।

12.2 संवेदी कमी की शारीरिक हानि की सीमा

संवेदी कमी के कारण हुई दिव्यांगता के संबंध में मानकीकृत सार्वभौमिक विधि के अभाव में, स्थायी शारीरिक हानि की गणना के लिए प्रस्तावित सरल विधि निम्नानुसार है, जिसे कुछ महत्वपूर्ण प्रकाशित दिशा-निर्देशों से अपनाया गया है-

सं.	सुविधाएं	स्थायी शारीरिक हानि का %
1.	एनेस्थीसिया	प्रत्येक अंग के लिए 10% तक
2.	हाइपोएस्थीसिया	संवेदना के नुकसान के % पर निर्भर करता है
3.	पैराएस्थेसिया	संवेदना के नुकसान के आधार पर 30% तक

12.3. एटैक्सिया (सेरेबेलर)

चिरकालिक तंत्रिका संबंधी विकारों का संदर्भ लें (25.4.2)

दिव्यांगता पूरे शरीर के संबंध में व्यक्त की जाती है।

खंड च :

13. मेरुदण्डीय क्षतियां (स्पाइनल कार्ड इंजुरी)

13.1. मेरुदण्डीय क्षति (एससीआई) के पश्चात परिणामस्वरूप होने वाले ह्रास और दिव्यांगता अत्यंत गंभीर और नष्ट करने वाली होती है। एससीआई के बाद ह्यस और दिव्यांगता का निर्धारण सामान्यत: सरल है और यह किसी व्यक्ति के तंत्रिका संबंधी एवं क्रियात्मक स्तर के सामान्य वर्गीकरण से निष्पादित किया जा सकता है। यद्यपि अन्य कम महत्व वाली चिकित्सीकय जटिलताएं जैसे प्रैशर अल्सर, स्पासटिसिटी, डीप वीनस थरोमबोसिस, हेटरोटोपिक ओसिफिकेशन, मायोपैथक पैन सिन्ड्रोम, रिस्ट्रिक्टिव पलमोनरी कम्प्रोमाइस आदि, जो ह्रास और दिव्यांगता दोनों को प्रभावित कर सकते हैं, एससीआई के पश्चात किसी भी समय उत्पन्न हो सकते हैं, तंत्रिका संबंधी और कार्यात्मक सामर्थ्य , बारह मास तक विशिष्ट रूप में स्थायी हो जाती है।

13.2. एससीआई वाले व्यक्ति में प्रलेख ह्यस का उत्तम निर्धारण, न्यूरालिकल क्लासीफिकेशन ऑफ स्पाइनल कोर्ड इंजुरी (आईएससनसीएससीआई) रोगियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों द्वारा पृष्ठांकित मानकीकृत तंत्रिका-संबंधी जांच द्वारा किया जा सकता है। मेरुदण्डीय क्षतियों वाले व्यक्तियों का मूल्यांकन 'एशिया' (अमेरिकन स्पाइनल इंजुरी

एसोसिएशन) क्षति परिमाप के अनुसार वर्गीकरण किया जाता है। 'एशिया' (अमेरिकन स्पाइनल इंजुरी एसोसिएशन) क्षति परिमापः

स्तर-प्रकार	विशेषताएं
क = पूर्ण	एस4 - एस5 खंड में कोई चलित (मोटर) अथवा संवेदी कार्य नहीं रखे गए है ।
ख = अपूर्ण	संवेदी किंतु तंत्रिका संबंधी स्तर से कम कोई चलित (मोटर) कार्य नहीं रखा गया परंतु एस4 – एस5 श्रेणी इसमें शामिल है । (एस4 - एस5 पर हल्का स्पर्श अथवा मामूली कष्ट अथवा गहन गुदा संवेदन) । और शरीर के दोनों ओर मोटर स्तकर से कम तीन से अधिक मोटर कार्य सुरक्षित नहीं रखा गया है।
ग = अपूर्ण	मोटर कार्य तंत्रिका संबंधी स्तर से कम में रखे हैं तथा स्नायु तंत्र स्तर से नीचे मुख्य मांसपेशियों की आधी से अधिक मांसपेशिय श्रेणी सुरक्षित हो ।
घ = अपूर्ण	मोटरकार्य तंत्रिका संबंधी स्तर से कम में सुरक्षित है, तथा स्नायु तंत्र स्तर से नीचे मुख्य मांसपेशियों के कम से कम आधे (आधा अथवा अधिक) में मांसपेशिय श्रेणी > 3 हो ।
ङ = सामान्य	आईएसएनसीएससीआई परीक्षण के अनुसार सभी श्रेणियों में यदि संवेदनशीलता अथवा मोटर कार्य सामान्य है तथा रोगी में पहले से कुछ कमी है, तो एआईएस श्रेणी ङ है। एससीआई के बिना कोई व्यक्ति एआईएस श्रेणी प्राप्त नहीं करता ।

13.3. एससीआई व्यक्तियों को दिव्यांगता मूल्यांकन और प्रमाणीकरण के संबंध में तंत्रिका संबंधी ब्लैडर के प्रयोजन के लिए चार मुख्य निदानसूचक श्रेणियों में से एक में वर्गीकृत किया जाए-

मूत्राशय की कार्यात्मक में कमी का आकलन इस प्रकार किया जाए

मूत्राशय की कार्यात्मकता की कमी की सीमा /प्रकृति	शारीरिक हानि का प्रतिशत
हल्का (हिचकिचाहट होती है, आवृत्ति) *	20%
मध्यम (तेजी से)*	30%
गंभीर (कभी कभार या बार-बार होने वाला असंयम)*	40%
अति गंभीर (प्रतिधारण /पूर्ण असंयम)*	50%

*** मूत्राशय की शिथिलता की परिभाषाएँ**

शब्दावली	परिभाषाएँ
आवृत्ति	• बढ़ी हुई आवृत्ति की परिभाषा है कि ये बच्चे प्रति दिन 8 या उससे अधिक बार मूत्राशय खाली करते हैं। • घटी हुई आवृति की परिभाषा है कि ये बच्चे प्रति दिन 3 या उससे कम बार मूत्राशय खाली करते हैं।
अत्यावश्यकता	मूत्राशय खाली करने की तत्काल और बाध्यकारी स्थिति का अचानक और अप्रत्याशित अनुभव । मूत्राशय नियंत्रण की प्राप्ति से पहले यह शब्द लागू नहीं होता है ।
हिचकिचाहट होती है	जब बच्चा मूत्राशय खाली करने के लिए तैयार हो तो उसे ऐसा शुरू करने में कठिनाई होती है।
तेजी से	मूत्र असंयम के रूप में भी जाना जाता है। मूत्र के अनैच्छिक रिसाव के रूप में परिभाषित किया गया

न्यूरोलॉजिकल स्थिति:

सं.	निदानात्मक श्रेणी	स्थायी शारीरिक हानि की %
1.	ट्रेटाप्लेजिया अथवा अधिक विस्तार से ऊपरी चरम सीमा की दुतरफा तीव्र क्षति तथा अधरांगघात की मौजूदगी तंत्रिका संबंधी स्तैर सी5 या उससे अधिक तंत्रिका संबंधी स्तैर सी6 या उससे नीचे	90 प्रतिशत तक 80 प्रतिशत तक
2.	अधरांगघात तंत्रिका संबंधी स्तैर टी6 या उससे अधिक तंत्रिका संबंधी स्तैर टी7 और टी10 के नीचे तंत्रिका संबंधी स्तैर टी11 या टी12	70 प्रतिशत तक 65 प्रतिशत तक 60 प्रतिशत तक
3.	मूत्राशय अथवा आंत असमान्यता के बिना कौडा इक्विना सिन्ड्रोम	40 प्रतिशत तक

4.	कौडा - इक्विना जैसे सिन्ड्रोम मूत्राशय एवं आंत ह्यस सहित जैसे कि लूम्बोसाकरल प्लेक्सोपेथिइज	60 प्रतिशत तक

(क) क्वैडरप्लेगिया शब्द को वर्ष 1992 में परिवर्तित करके टेट्राप्लेगिया किया गया ।

(ख) शब्दावली अर्थात् ट्रेट्रोपेरिसिस, क्वैडरिपैरिसिस, पैरापेरीसिस से बचना है ।

(ग) महत्वपूर्ण न्येरोपैथिक दर्द, स्पाइनल विकृति, स्पासटिसिटी, कानट्रेकचर, हिश्रोटोपिक औसिफिकेशन, प्रैशर अल्सर इत्यादि की उपस्थिति के लिए उसकी प्रचंडता के आधार पर 20 प्रतिशत तक का अतिरिक्त अधिमानता दिया गया है, तथा उपरोक्त अनुसार परिकलित स्थायी शारीरिक कमी की प्रतिशतता में जोड़ा जायेगा ।

(घ) दिव्यांगता की कुल प्रतिशतता 100 प्रतिशत से अधिक न हो ।

(ङ) दिव्यांगता संपूर्ण अंक के रूप में प्रमाणित की जायेगी ।

(च) दिव्यांगता संपूर्ण शरीर के संबंध में व्यक्ति है।

खंड-छ

प्रमाणन के लिए न्यूनतम आयु एक (01) वर्ष पूरी होनी चाहिए। एक वर्ष से अधिक और 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों को वैश्विक विकासात्मक देरी का निदान दिया जाएगा। 5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को बौद्धिक दिव्यांगता का निदान और प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

21.7. चिकित्सा प्राधिकारी*

राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित चिकित्सा अधीक्षक या मुख्य चिकित्सा अधिकारी या सिविल सर्जन या कोई अन्य समकक्ष प्राधिकारी मेडिकल बोर्ड के प्रमुख होंगे। प्राधिकारी में निम्नलिखित शामिल होंगे:

क. चिकित्सा अधीक्षक या मुख्य चिकित्सा अधिकारी या सिविल सर्जन या राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित कोई अन्य समकक्ष प्राधिकारी

ख. बाल रोग विशेषज्ञ या बाल न्यूरोलॉजिस्ट (जहाँ उपलब्ध हो) या विकासात्मक बाल रोग विशेषज्ञ (जहाँ उपलब्ध हो) या चिकित्सक (यदि आयु >18 वर्ष है)

ग. मनोचिकित्सक या बाल और किशोर मनोचिकित्सक (जहाँ भी उपलब्ध हो)

घ. मनोवैज्ञानिक (नैदानिक / पुनर्वास) या विशेष शिक्षक**

[मनोवैज्ञानिक की अनुपलब्धता के मामले में, बाल रोग विशेषज्ञ / विकासात्मक बाल रोग विशेषज्ञ / बाल न्यूरोलॉजिस्ट / मनोचिकित्सक / बाल और किशोर मनोचिकित्सक (जहाँ भी आवश्यक हो, आरसीआई पंजीकृत मनोवैज्ञानिक से पिछले 3 महीनों में प्राप्त मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन रिपोर्ट)]

नोट* - दिव्यांगता मूल्यांकन में भारी लंबित मामलों के परिणामस्वरूप विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को देखते हुए, दिव्यांगता मूल्यांकन बोर्ड के अध्यक्ष (जिन्हें अनिवार्य रूप से सरकारी डॉक्टर होना चाहिए, जैसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी या सिविल सर्जन या जैसा कि निर्दिष्ट किया गया है) यदि आवश्यक हो, तो निजी चिकित्सक (संबंधित चिकित्सा क्षेत्र में विधिवत योग्य) को बोर्ड के सदस्य के रूप में शामिल कर सकते हैं।

**एनआईईपीआईडी इंडियन अडैप्टिव बिहेवियर स्केल (NIABS) के लिए, मूल्यांकन प्रशिक्षित विशेष शिक्षक (NIABS में उल्लिखित आवश्यकता के अनुसार) और लाइसेंस प्राप्त मनोवैज्ञानिक दोनों द्वारा किया जा सकता है।

21.8. प्रमाण पत्र की वैधता:

5 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए अस्थायी प्रमाण पत्र:

- पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए, वैश्विक विकासात्मक देरी के निदान के साथ एक अस्थायी प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। यह प्रमाण पत्र 05 वर्ष की आयु तक वैध रहेगा।

5 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के लिए:

≥5 वर्ष की आयु में जारी किए गए प्रमाण पत्रों की वैधता निम्नलिखित होगी:

- **75% या उससे अधिक दिव्यांगता वाले बच्चे:** 5 वर्ष की आयु के बाद प्रारंभिक प्रमाणन के बाद, 18 वर्ष की आयु में पुनः मूल्यांकन और पुनः प्रमाणन किया जाएगा। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु में जारी किया गया प्रमाण पत्र आजीवन वैध रहेगा।
- **75% से कम दिव्यांगता वाले बच्चे:** प्रमाण पत्र में नवीनीकरण की आयु का उल्लेख होगा। 5 वर्ष की आयु के बाद जारी किए गए प्रमाण पत्र को 10 वर्ष और 18 वर्ष की आयु में नवीनीकृत करना होगा। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु में जारी किया गया प्रमाण पत्र आजीवन वैध रहेगा।

चित्र 1. वैश्विक विकासात्मक देरी/बौद्धिक दिव्यांगता वाले बच्चे के लिए मूल्यांकन और दिव्यांगता गणना का विवरण

वैश्विक विकासात्मक विलंब (GDD) और बौद्धिक दिव्यांगता (ID) के लिए मूल्यांकन फ्लोचार्ट

<table>
<tr><td colspan="2">माता-पिता/शिक्षक कम समझ की शिकायत करते हैं</td><td colspan="2">हेल्थकेयर सुविधा में बच्चों के विकासात्मक विलंब / बौद्धिक दिव्यांगता के लिए जांच की गई</td><td>OPD में संदिग्ध विलंब/विचलन वाले बच्चे को देखा गया</td></tr>
<tr><td colspan="5">सह-रूग्णता के लिए विस्तृत न्यूरोलॉजिकल जांच के साथ जांच की</td></tr>
<tr><td colspan="5">प्रभावित डोमेन और गतिविषयक /दृष्य/श्रवण क्षमता की भागीदारी का चार्ट बनाएं</td></tr>
<tr><td colspan="2">1-5 वर्ष की आयु के बच्चे</td><td colspan="3">5 वर्ष से अधिक आयु का बच्चा</td></tr>
<tr><td colspan="2">वीएसएमएस/एनआईएबीएस</td><td colspan="3">VSMS/NIABS द्वारा एडैप्टिव फंक्शनिंग का असेसमेंट; BKT/MISC/NIEPID ITI/WISC-IV द्वारा IQ का असेसमेंट</td></tr>
<tr><td colspan="2">वैश्विक विकासात्मक विलंब:
2 से ज़्यादा डोमेन में नुकसान</td><td colspan="3">बौद्धिक दिव्यांगता: अडैप्टिव फंक्शनिंग और IQ में कमी</td></tr>
<tr><td colspan="5">दिव्यांगता वर्गीकरण</td></tr>
<tr><td>वीएसएमएस (एसक्यू)</td><td>एनआईएबीएस एबीसी</td><td>आईक्यू/एफएसआईक्यू</td><td colspan="2">दिव्यांगता का प्रतिशत</td></tr>
<tr><td>70-84</td><td>70-84</td><td>70-84</td><td colspan="2">25%</td></tr>
<tr><td>55-69</td><td>55-69</td><td>55-69</td><td colspan="2">50%</td></tr>
<tr><td>35-54</td><td>40-54</td><td>40-54</td><td colspan="2">75%</td></tr>
<tr><td>20-34</td><td>25-39</td><td>25-39</td><td colspan="2">90%</td></tr>
<tr><td>20 से नीचे</td><td>25 से नीचे</td><td>25 से नीचे</td><td colspan="2">100%</td></tr>
</table>

खंड ख: विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता

22.1. परिभाषा

विशिष्ट अधिगम दिव्यांगताएं विकासात्मक अधिगम विकारों के एक विविध समूह को संदर्भित करती हैं जिनमें बोली जाने वाली या लिखित भाषा के प्रसंस्करण में कमी होती है, जो समझने, बोलने, पढ़ने, लिखने, वर्तनी लिखने या गणितीय गणना करने में कठिनाई के रूप में प्रकट हो सकती है और इसमें प्रत्यक्ष संबंधी दिव्यांगता, डिस्लेक्सिया (पठन वैकल्य), डिस्ग्राफिया (लेखन वैकल्य), डिस्कैल्कुलिया (गणितीय वैकल्य), डिस्प्रैक्सिया और विकासात्मक एफेसिया जैसी स्थितियाँ शामिल हैं।

नैदानिक और विकृति-निर्णय के उद्देश्यों के लिए, यह स्थिति डीएसएम-5-टीआर (DSM-5-TR) में वर्णित विशिष्ट अधिगम विकार से मेल खाती है: एक तंत्रिका-विकास संबंधी विकार जो पढ़ने, लिखित अभिव्यक्ति और/या गणित में लगातार कठिनाइयों से परिलक्षित होती है, आयु की अपेक्षा से काफी नीचे हैं। डीएसएम-5-टीआर के तहत निदान चार मानदंडों (ए से डी) का उपयोग करके स्थापित किया जाता है और इसे प्रभावित क्षेत्र (क्षेत्रों) और वर्तमान गंभीरता स्थिति (हल्की, मध्यम या गंभीर) द्वारा आगे दर्शाया जाता है। डिस्लेक्सिया और डिस्कैल्कुलिया को क्रमशः पठन और गणित प्रस्तुतियों के लिए वैकल्पिक शब्दों के रूप में मान्यता प्राप्त है, और ये अलग निदान नहीं हैं। यह ध्यान दिया जाए कि डिस्प्रैक्सिया और विकासात्मक एफेसिया, हालांकि ऊपर दी गई वैधानिक परिभाषा में शामिल हैं,

डीएसएम-5-टीआर में अलग से वर्गीकृत किए गए हैं: क्रमशः विकासात्मक समन्वय विकार (एक मोटर विकार) और संचार या भाषा विकार के रूप में।

22.2. जाँच

जाँच सरकारी और निजी स्कूल के शिक्षकों द्वारा आठ वर्ष की आयु में या कक्षा III में, जो भी पहले हो, की जा सकती है। जाँच परीक्षण एनआईईपीआईडी-जीएलएआईएस के निदान प्रोटोकॉल के अनुसार फॉर्म ए या एनआईईपीआईडी ग्रेड लेवल असेसमेंट इंस्ट्रूमेंट फॉर स्कूल्स (NIEPID-GLAIS) की संबंधित ग्रेड स्तर की कार्यपत्रिकाओं में दर्शाया गया है। यदि जाँच के उत्तर में "बार-बार" ("frequently") कॉलम में तीन या अधिक उत्तर आते हैं, तो बच्चे को आगे के मूल्यांकन के लिए भेजा जाना चाहिए।

प्रत्येक स्कूल (सरकारी और निजी) में स्कूल के प्रिंसिपल की अध्यक्षता में एक जाँच समिति होनी चाहिए। जाँच परीक्षण लागू करने के बाद, यदि कोई विसंगति पाई जाती है, तो शिक्षक को इसे स्कूल के प्रिंसिपल और जाँच समिति के संज्ञान में लाना चाहिए। शिक्षक अपने बच्चे की शिक्षा के संबंध में माता-पिता की भागीदारी और प्रेरणा का आकलन करने के लिए उनका साक्षात्कार लेंगे। यदि माता-पिता प्रेरित हैं और जाँच प्रश्नावली विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता का सुझाव देती है, तो बच्चे को आगे के मूल्यांकन के लिए भेजा जाना चाहिए।

जांच समिति की अनुशंसाओं का समर्थन करते हुए स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता मूल्यांकन के लिए बच्चे को बाल रोग विशेषज्ञ / बाल न्यूरोलॉजिस्ट / विकासात्मक बाल रोग विशेषज्ञ / मनोचिकित्सक / लाइसेंस प्राप्त मनोवैज्ञानिक / विशेष शिक्षक के पास भेजा जाना चाहिए।

22.3. निदान

निदान के लिए एक टीम दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी जिसमें एक बाल रोग विशेषज्ञ (या बाल न्यूरोलॉजिस्ट या विकासात्मक बाल रोग विशेषज्ञ), मनोचिकित्सक (या बाल और किशोर मनोचिकित्सक), नैदानिक या पुनर्वास मनोवैज्ञानिक या विशेष शिक्षा में मास्टर डिग्री धारक विशेष शिक्षक (एनआईईपीआईडी जीएलएआईएस प्रोटोकॉल के अनुसार) शामिल हों, जैसा कि **(चित्र 2)** में निर्धारित है। इसमें तीन चरण शामिल होंगे:

<u>चरण 1: नैदानिक मूल्यांकन</u>

(क) **बाल रोग विशेषज्ञ द्वारा मूल्यांकन:** बाल रोग विशेषज्ञ (या बाल न्यूरोलॉजिस्ट या विकासात्मक बाल रोग विशेषज्ञ, जहाँ उपलब्ध हो) प्रारंभिक मूल्यांकन करेंगे। इसमें न्यूरोलॉजिकल परीक्षा, और दृष्टि एवं श्रवण मूल्यांकन सहित एक विस्तृत नैदानिक परीक्षण शामिल होगा। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि अगले चरण में आगे बढ़ने से पहले बच्चे की दृष्टि तीक्ष्णता और श्रवण शक्ति सामान्य है। दृष्टि और श्रवण का मूल्यांकन करने के लिए औपचारिक आयु-उपयुक्त परीक्षण उपकरणों का उपयोग किया जाना चाहिए।

(ख) **मनोचिकित्सक द्वारा मूल्यांकन:** भावनात्मक और व्यवहार संबंधी विकारों सहित संबंधित सह-रुग्णताओं और नकल करने वाली स्थितियों को बाहर करने के लिए मनोचिकित्सक द्वारा मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

चरण 2: बुद्धिमत्ता लब्धि (IQ) मूल्यांकन

- नैदानिक मूल्यांकन के बाद, MISIC / WISC-IV / NIEPID इंडियन टेस्ट ऑफ़ इंटेलिजेंस / BKT **(परिशिष्ट- VII और VIII (A), (B), (C))** का उपयोग करके बाल / नैदानिक / पुनर्वास मनोवैज्ञानिकों द्वारा IQ परीक्षण किया जाना चाहिए। यदि IQ 85 से अधिक निर्धारित किया जाता है, तो चरण 3 लागू किया जाएगा।

चरण 3: विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता मूल्यांकन

- इसमें विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता के निदान के लिए विशिष्ट साइकोमेट्रिक परीक्षणों का अनुप्रयोग शामिल होगा। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (NIMHANS) बैटरी **(परिशिष्ट-IX)** या एनआईईपीआईडी ग्रेड लेवल असेसमेंट इंस्ट्रूमेंट फॉर स्कूल्स (NIEPID-GLAIS) **(परिशिष्ट-X)** या एनआईईपीआईडी अडल्ट असेसमेंट टूल फॉर स्पेसिफिक लर्निंग डिसएबिलिटी (NAATS) **(परिशिष्ट- IX(A))** को एसएलडी (SLD) के लिए नैदानिक परीक्षण के रूप में लागू किया जाएगा।

- NIMHANS बैटरी और NIEPID GLAIS उपकरणों का उपयोग 18 वर्ष से कम आयु के स्कूली बच्चों के लिए किया जाएगा और NIEPID अडल्ट असेसमेंट टूल फॉर स्पेसिफिक लर्निंग डिसएबिलिटी (NAATS) का उपयोग 18 वर्ष से अधिक आयु के वयस्कों के लिए किया जाएगा। विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता का निदान तभी दिया जाएगा जब निम्नलिखित सभी मानदंड पूरे होते हैं:

  - IQ 85 या अधिक ➢ ऐसी कोई दृष्टि और/या श्रवण हानि नहीं जो अधिगम को प्रभावित करने की संभावना रखती हो।
  - ऐसा कोई भावनात्मक और व्यवहार संबंधी विकार नहीं जो एसएलडी की नकल करते हों
  - उचित प्रेरणा के साथ अधिगम के लिए पर्याप्त अवसर की उपस्थिति
  - बच्चा NIMHANS बैटरी पर वर्तमान कक्षा से 3 मानक विचलन नीचे कार्य कर रहा है या उसका NIEPID-GLAIS स्कोर वर्तमान ग्रेड स्तर से तीन ग्रेड स्तर नीचे के लिए 40% से कम है।
  - लक्षित, साक्ष्य-आधारित हस्तक्षेप के प्रावधान के बावजूद अकादमिक कठिनाइयाँ कम से कम 6 महीने तक बनी रही हैं, और स्कूली उम्र के वर्षों के दौरान शुरू हुई थीं।
  - कठिनाइयाँ अकादमिक निर्देश की भाषा में दक्षता की कमी के कारण नहीं हैं, और बौद्धिक विकासात्मक विकार या अपर्याप्त शैक्षिक निर्देश द्वारा बेहतर ढंग से स्पष्ट नहीं की जाती हैं।
  - वयस्कों के लिए, एनआईईपीआईडी अडल्ट असेसमेंट टूल फॉर स्पेसिफिक लर्निंग डिसएबिलिटी (NAATS) में उल्लिखित प्रोटोकॉल के अनुसार निदान मानदंड।

निदान की पुष्टि होने पर, प्रभावित क्षेत्र या क्षेत्रों को एनआईईपीआईडी GLAIS प्रोटोकॉल के अनुसार वर्तमान गंभीरता (हल्की, मध्यम या गंभीर) के साथ दर्ज किया जाएगा (पठन में हानि, जिसे डिस्लेक्सिया भी कहा

जाता है; लिखित अभिव्यक्ति में हानि; और/या गणित में हानि, जिसे डिस्कैल्कुलिया भी कहा जाता है)। यह सुनिश्चित करता है कि नैदानिक रिकॉर्ड और प्रमाण पत्र विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता के एक सामान्य लेबल के बजाय हानि के विशिष्ट पैटर्न और स्तर को दर्शाते हैं।

22.4. चिकित्सा प्राधिकारी*

चिकित्सा अधीक्षक या मुख्य चिकित्सा अधिकारी या सिविल सर्जन या राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित कोई अन्य समकक्ष प्राधिकारी मेडिकल बोर्ड के प्रमुख होंगे। प्राधिकारी में निम्नलिखित शामिल होंगे:

- चिकित्सा अधीक्षक या मुख्य चिकित्सा अधिकारी या सिविल सर्जन या राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित कोई अन्य समकक्ष प्राधिकारी
- बाल रोग विशेषज्ञ या बाल न्यूरोलॉजिस्ट (जहाँ उपलब्ध हो) या विकासात्मक बाल रोग विशेषज्ञ (जहाँ उपलब्ध हो)
- मनोचिकित्सक या बाल और किशोर मनोचिकित्सक (जहाँ भी उपलब्ध हो)
- मनोवैज्ञानिक (नैदानिक / पुनर्वास)# या विशेष शिक्षा में मास्टर (आईडी/एसएलडी/एएसडी/एमडी) वाले विशेष शिक्षक जिन्हें एसएलडी (SLD) मूल्यांकन और निदान में पर्याप्त प्रशिक्षण प्राप्त हो

#[मनोवैज्ञानिक की अनुपलब्धता के मामले में, बाल रोग विशेषज्ञ / विकासात्मक बाल रोग विशेषज्ञ / बाल न्यूरोलॉजिस्ट / मनोचिकित्सक / बाल और किशोर मनोचिकित्सक (जहाँ भी आवश्यक हो, आरसीआई (RCI) पंजीकृत मनोवैज्ञानिक की पिछले 3 महीनों में प्राप्त मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन रिपोर्ट)]

नोट* - दिव्यांगता मूल्यांकन में भारी लंबित मामलों के परिणामस्वरूप विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी को देखते हुए, दिव्यांगता मूल्यांकन बोर्ड के अध्यक्ष (जिन्हें अनिवार्य रूप से सरकारी डॉक्टर होना चाहिए, जैसे मुख्य चिकित्सा अधिकारी या सिविल सर्जन या जैसा कि निर्दिष्ट किया गया है) यदि आवश्यक हो, तो निजी चिकित्सक (चिकित्सा क्षेत्र में विधिवत योग्य) को बोर्ड के सदस्य के रूप में शामिल कर सकते हैं।

22.5. प्रमाण पत्र की वैधता:

प्रमाणन केवल आठ वर्ष और उससे अधिक आयु के बच्चों के लिए किया जाएगा और यह अस्थायी प्रकृति का होगा। बच्चे को पुनः प्रमाणन से गुजरना होगा; 18 वर्ष या उससे अधिक आयु प्राप्त करने पर पुनः मूल्यांकन किया जाएगा, और आजीवन वैधता के साथ एक स्थायी प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। 18 वर्ष से अधिक आयु के वयस्कों के लिए जारी किया गया प्रमाण पत्र, जिनका निदान 18 वर्ष के बाद किया जाता है, वह भी आजीवन वैध होगा।

प्रपत्र क

अधिगम दिव्यांगता के लिए जाँच (स्क्रीनिंग)

छात्र का नाम: _____ _____

जन्मतिथि: _____

कक्षा: _____

विद्यालय का नाम: _____ _____

शिक्षक छात्र से कितने समय से परिचित है: _____

प्रिय शिक्षक,

क्या आपने अपने दैनिक शिक्षण में यह देखा है कि छात्र को निम्नलिखित में से कुछ कठिनाईयाँ हैं?

उचित कॉलम में 'X' लिखकर उत्तर दें

क्र.सं.	कथन	कभी नहीं	कभी-कभी	बार-बार
1.	पढ़ने में गलतियाँ करता है जैसे: - शब्दों को छोड़ देता है - शब्दों को बदल देता है (प्रतिस्थापित करता है) - शब्द जोड़ देता है - लाइनें छोड़ देता है - वाक्यों को बार-बार पढ़ता है			
2.	मौखिक रूप से प्रश्नों के उत्तर दे सकता है लेकिन लिखने में कठिनाई होती है या मौखिक कार्य लिखित कार्य से बेहतर है			
3.	अंकों या अक्षरों को गलत तरीके से लिखता या पढ़ता है, उदाहरण के लिए, 51 के स्थान पर 15, 6 के स्थान पर 9, b के स्थान पर d			
4.	स्वरों और मिश्रित ध्वनियों के लिए अक्षरों की ध्वनियों में अंतर करने में कठिनाई, उदाहरण के लिए "I" के लिए "E"; "sh" के लिए "ch";			
5.	तुकांत शब्दों (राईमिंग वर्ड्स) को पहचानने और उन्हें दोहराने में कठिनाई			

6.	जबकि पाठ वर्तमान काल में लिखा गया है तब भी भूतकाल में पढ़ता है या इसके विपरीत; उदाहरण के लिए "is" को "was" से बदल देता है			
7.	पढ़ते समय वर्णमाला के क्रम को बदल देता है; उदाहरण के लिए "green" के बजाय "neerg" कहता है			
8.	लंबे शब्दों को छोटे (संक्षिप्त) शब्दों से बदल देता है; उदाहरण के लिए "museum" के लिए "musim"			
9.	ब्लैकबोर्ड और पुस्तकों से नोट्स लेने या उन्हें कॉपी करने में कठिनाई			
10.	शब्दिक सवालों को हल करते समय और गणितीय गणना में गणित के चिह्नों (+, -, X, भाग) में भ्रम होना			
11.	वर्तनी में कठिनाई			
12.	स्थानिक (स्पेशल) अभिविन्यास और दिशा में कठिनाई; उदाहरण के लिए बाएं और दाएं, पूर्व और पश्चिम, ऊपर और नीचे आदि के बीच भ्रम			
13.	बड़े और छोटे अक्षरों को आपस में मिला देता है (अस्थानीकृत कर देता है), उदाहरण के लिए BeTTer, N के लिए n, I के लिए i			
14.	दर्पण छवि में लिखता है; उदाहरण के लिए “ram” - “mar”			

*कभी-कभी: 2-3 महीनों में 6-7 बार तक

**बार-बार: 2-3 महीनों में 7 बार से अधिक

चित्र 2. विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता वाले बच्चे के मूल्यांकन का विवरण

विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता (एसएलडी) मूल्यांकन और निदान फ्लोचार्ट




क्लिनिकल मूल्यांकन
बाल रोग विशेषज्ञ या बाल तंत्रिका विज्ञानी (पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजिस्ट) या विकासात्मक बाल रोग विशेषज्ञ (डेवलपमेंटल पीडियाट्रिशियन) द्वारा मूल्यांकन
दृष्टि/श्रवण हानि को बाहर करना (नकारना)
मनोचिकित्सक द्वारा मूल्यांकन
एसएलडी की नकल करने वाले भावनात्मक और व्यवहार संबंधी विकारों को बाहर करना (नकारना)
बुद्धिमत्ता (IQ) मूल्यांकन
बुद्धिमत्ता (IQ) मूल्यांकन
IQ > 85
IQ <= 85
एसएलडी मूल्यांकन और निदान
निमहंस बैटरी या स्कूलों के लिए ग्रेड लेवल असेसमेंट इंस्ट्रूमेंट (NIEPID-GLAIS) / विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता के लिए NIEPID एडल्ट असेसमेंट टूल लागू करें
निमहंस बैटरी पर बच्चा वर्तमान कक्षा से 3 मानक नीचे काम कर रहा है या उसका NIEPID-GLAIS स्कोर बच्चे के वर्तमान ग्रेड से तीन ग्रेड नीचे के स्तर के लिए 40% से कम है / वयस्कों में, NAATS में उल्लिखित प्रोटोकॉल के अनुसार निदान मानदंड
विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता
एसएलडी नहीं। आईडी (बौद्धिक अक्षमता) के लिए वर्कअप (जांच) पर विचार करें

खंड ग: ऑटिस्म स्पेक्ट्रम विकार

23.1. परिभाषा

ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार एक आजीवन न्यूरोलॉजिकल स्थिति है जो आमतौर पर जीवन के पहले तीन वर्षों में दिखाई देती है जो सामाजिक कौशल और संचार के क्षेत्रों में व्यापक हानि से चिह्नित होती है, यह अक्सर संवेदी इनपुट के लिए हाइपर-या-हाइपो-प्रतिक्रियाशीलता से जुड़ी होती है; रूढ़िवादी अनुष्ठानों या व्यवहारों में असामान्य रुचि; और बौद्धिक हानि के साथ हो भी सकता है और नहीं भी हो सकता है।

23.2. निदान

ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार का निदान डीएसएम-5-आधारित एम्स-संशोधित आईएनसीएलईएन नैदानिक उपकरण **(परिशिष्ट-XI)** द्वारा स्थापित किया जाएगा। ऑटिज्म के आकलन के भारतीय पैमाने का उपयोग 6 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले बच्चों के बीच दिव्यांगता की गणना के लिए किया जाएगा।

23.3. दिव्यांगता की गणना

<u>6 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे</u>

सभी ऐसे बच्चे जिनमें ऑटिज़्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर है और जिनकी आयु 6 वर्ष से कम है, उनका मूल्यांकन किया जाएगा और उन्हें **मध्यम स्तर के ऑटिज़्म** की दिव्यांगता प्रदान की जाएगी। ऑटिज्म के आकलन के भारतीय पैमाने **(परिशिष्ट-XII)** के अनुसार गंभीरता-आधारित दिव्यांगता गणना के लिए 6 वर्ष या उससे अधिक आयु में उनका पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा। **6 वर्ष से कम आयु के सभी बच्चों का एम्स द्वारा संशोधित INCLEN निदान उपकरण के आधार पर ऑटिज्म का निदान किया जाएगा।**

<u>बच्चे/किशोर > 6 वर्ष</u>

ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार के लिए गंभीरता आधारित दिव्यांगता गणना 'ऑटिज्म के आकलन के भारतीय पैमाने' पर आधारित होगी। दिव्यांगता का स्तर तालिका 1 के अनुसार होगा।

तालिका 1. ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार वाले बच्चों के लिए दिव्यांगता प्रतिशत

रेंज ISAA परीक्षण के अनुसार है, सटीक प्रतिशत जानने के लिए कृपया ISAA मैनुअल और नीचे दी गई तालिका का पालन करें

	ISAA स्कोर	**दिव्यांगता का %**
ऑटिज़्म नहीं	<70	
हल्का	70	40
	71-88	50
	89-106	60
मध्यम	107-123	70
	124-140	80
	141-153	90
गंभीर	>153	100

23.4. चिकित्सा प्राधिकरण *:

चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिविल सर्जन या कोई अन्य समकक्ष प्राधिकारी, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है, चिकित्सा बोर्ड का प्रमुख होगा। बोर्ड में निम्नलिखित शामिल होंगे:

I. चिकित्सा अधीक्षक, या मुख्य चिकित्सा अधिकारी, या सिविल सर्जन या राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित कोई अन्य समकक्ष प्राधिकारी

II. बाल रोग चिकित्सक या बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजिस्ट (जहां उपलब्ध हो) या विकासात्मक बाल रोग चिकित्सक (जहां उपलब्ध हो) या फिजिशियन यदि 18 वर्ष से अधिक आयु के हैं (एमडी आंतरिक चिकित्सा या पारिवारिक चिकित्सा)

III. मनोचिकित्सक या बाल और किशोर मनोचिकित्सक (जहां उपलब्ध हो)

IV. मनोवैज्ञानिक (क्लिनिकल/पुनर्वास) **मनोवैज्ञानिक (नैदानिक/पुनर्वास) [मनोवैज्ञानिक, बाल रोग विशेषज्ञ/विकासात्मक बाल रोग विशेषज्ञ/बाल रोग विशेषज्ञ न्यूरोलॉजिस्ट/मनोचिकित्सक/बाल एवं किशोर मनोचिकित्सक की अनुपलब्धता की स्थिति में (जहाँ आवश्यक हो, पिछले 3 महीनों में आरसीआई पंजीकृत मनोवैज्ञानिक से प्राप्त मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन रिपोर्ट)]**

नोट* - विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण दिव्यांगता मूल्यांकन में भारी विलंब को ध्यान में रखते हुए, दिव्यांगता के मूल्यांकन के लिए दिव्यांगता मूल्यांकन बोर्ड का अध्यक्ष (जिसे अनिवार्य रूप से सरकारी डॉक्टर होना चाहिए जैसे कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी या सिविल सर्जन या यथानिर्दिष्ट), यदि आवश्यक हो, तो बोर्ड के सदस्य के रूप में निजी मेडिकल प्रैक्टिशनर (संबंधित चिकित्सा क्षेत्र में विधिवत योग्य) को शामिल कर सकता है।

23.5. प्रमाणपत्र की वैधता:

<u>6 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे:</u>

छ: वर्ष से कम आयु के प्रमाणित बच्चों के लिए, प्रमाण पत्र अस्थायी होगा। इन बच्चों को पुन: प्रमाणन और दिव्यांगता की गणना के लिए 6 से 7 वर्ष की आयु के बीच पुनर्मूल्यांकन की आवश्यकता होगी।

<u>6 वर्ष या उससे अधिक तथा 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे:</u>

6 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए, वैधता निम्नानुसार होगी: प्रारंभिक प्रमाणीकरण के बाद जहां 40% या उससे अधिक की दिव्यांगता प्रमाणित की गई है वहां पुनर्मूल्यांकन और पुन: प्रमाणन 18 वर्ष की आयु में किया जाएगा। 18 वर्ष की आयु में जारी प्रमाण पत्र आजीवन वैध होगा।

<u>18 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले किशोर:</u>

18 वर्ष से अधिक आयु वाले मरीजों के लिए 18 वर्ष की आयु के बाद जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र स्थायी होगा।

V. मानसिक रुग्णता

24.1. परिभाषा: "मानसिक रूग्णता" से तात्पर्य है – सूझ-बूझ, मनोदशा, निर्देश, उम्मुखीकरण अथवा स्मृति का पर्याप्त रूप में विकारग्रस्त होना, जो कि विनिश्चय, व्यवहार, वास्तविकता को पहचानने की क्षमता अथवा जीवन की साधारण मांगों की पूर्ति की योग्यता की समस्तरूप में क्षति है, परन्तु इसमें मानसिक मंदता शामिल नहीं है जो कि व्यक्ति के अवरूद्ध अथवा अधूरे दिमाग के विकास की स्थिति है और विशेषतया बुद्धिमता के सामान्य से कम होने के द्वारा वर्गीकृत की गई है।

24.2. निदान हेतु प्रक्रिया:

परीक्षा प्रक्रिया में आवश्यकतानुसार निम्नलिखित घटक शामिल होंगे;

1) मनोचिकित्सक द्वारा नैदानिक मूल्यांकन। मनोचिकित्सक प्रारंभिक मूल्यांकन करेंगे। इसमें अगले चरण पर आगे बढ़ने से पहले रोग का इतिहास जान लेना और मानसिक स्थिति की जांच करना शामिल होगा।
2) आईडीईएएस पैमाना। भारतीय दिव्यांगता मूल्यांकन और आकलन पैमाना (आईडीईएएस) लागू करना। **(परिशिष्ट-XIII)**
3) आईक्यू मूल्यांकन (यदि आवश्यक हो)।

अपवाद:

क. कुछ मामलों में, जहां बौद्धिक न्यूनता में संदेह है अथवा किसी कारण से अतिरिक्त बौद्धिक मूल्यांकन अपेक्षित है वहां बौद्धिक दिव्यांगता दिशानिर्देशों में निर्धारित मानकों के अनुसार मानकीकृत आईक्यू परीक्षण करवाया जा सकता है।

ख. ऐसे मामलों में जहाँ मानसिक व्यवहार संबंधी स्थिति के लिए केवल IDEAS की आवश्यकता होती है, केवल IDEAS ही दिया जा सकता है **(परिशिष्ट-XIII),** और दिव्यांगता की डिग्री प्रमाणित की जा सकती है।

ग. ऐसे मामलों में, जहां बौद्धिक दिव्यांगता और मानसिक रुग्णता दिव्यांगता दोनों हैं, वहां व्यक्ति को बहु दिव्यांगता के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है और तदनुसार जिम्मेदार चिकित्सा बोर्ड द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है।

घ. मानसिक रुग्णता की अवधि मानसिक रुग्णता की शुरुआत से निर्धारित की जानी चाहिए। स्थायी दिव्यांगता को प्रमाणित करने के लिए, मानसिक रूग्णता के कम से कम दो साल की न्यूनतम अवधि आवश्यक है।

24.3. प्रमाण पत्र की वैधता:

क. दो साल से कम अवधि की किसी भी मानसिक रुग्णता के लिए, केवल समय वैधता के साथ प्रमाण पत्र की अनुमति दी जा सकती है जिसमें डिग्री दिव्यांगता की सीमा के आधार पर होगी। यदि दिव्यांगता अति गंभीर या गंभीर है, तो चिकित्सा बोर्ड स्थायी प्रमाणीकरण पर विचार कर सकता है।

ख. मानसिक रुग्णता वाले व्यक्तियों (पीडब्ल्यूएमआई) के लिए, जिन्हें उचित स्तर का देखभाल उपचार नहीं मिला है उन्हें बोर्ड द्वारा दो वर्ष तक की वैधता के साथ केवल दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है।

ग. दिव्यांगता बोर्ड किसी भी मानसिक स्वास्थ्य प्रतिष्ठान (एमएचई) से उपचार के लिए सिफारिश कर सकता है और फिर पीडब्ल्यूएमआई बोर्ड द्वारा निर्धारित पर्याप्त अवधि के लिए उपचार प्राप्त करने के बाद ही स्थायी

दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी कर सकता है।

घ. स्थायी दिव्यांगता प्रमाणन चिकित्सा अभिलेखों में प्रलेखित उचित साक्ष्य-आधारित उपचार के बावजूद अवशिष्ट दिव्यांगता के मूल्यांकन के आधार पर जारी किया जाएगा।

ङ. उन मानसिक रुग्णता वाले रोगियों जिन्होंने उपचार नहीं कराया है/उनके केयरगिवर्स को सशक्त बनाने के लिए उचित उपचार कराने की सलाह दी जानी चाहिए और पर्याप्त उपचार के बावजूद दिव्यांगता के दिव्यांगता प्रमाणन प्राप्त करने की सलाह दी जानी चाहिए।

च. मानसिक रुग्णता वाले व्यक्तियों के लिए जिन्होंने मनोरोग उपचार लिया है, लेकिन उनके पास कोई उपचार रिकॉर्ड नहीं है, समय वैधता के साथ दिव्यांगता प्रमाण पत्र उचित मनोरोग उपचार कराने, मेडिकल रिकॉर्ड संभाल कर रखने और 2 वर्ष बाद दिव्यांगता प्रमाणन दोहराने की सलाह के साथ जारी किया जा सकता है।

24.4. चिकित्सा प्राधिकरण *:

चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिविल सर्जन या कोई अन्य समकक्ष प्राधिकारी, जैसा कि राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया है, चिकित्सा बोर्ड का प्रमुख होगा। बोर्ड में निम्नलिखित शामिल होंगे:

I. चिकित्सा अधीक्षक, या मुख्य चिकित्सा अधिकारी, या सिविल सर्जन या राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किसी अन्य समकक्ष प्राधिकारी

II. मनोचिकित्सक

III. मनोचिकित्सक / फिजिशियन या आरसीआई पंजीकृत क्लीनिकल मनोवैज्ञानिक / पुनर्वास मनोवैज्ञानिक / मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता (जहां भी आवश्यक हो, पिछले तीन महीनों में आरसीआई पंजीकृत मनोवैज्ञानिक से प्राप्त मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन रिपोर्ट)।

नोट * - विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण दिव्यांगता मूल्यांकन में भारी विलंब को ध्यान में रखते हुए, दिव्यांगता के मूल्यांकन के लिए दिव्यांगता मूल्यांकन बोर्ड का अध्यक्ष (जिसे अनिवार्य रूप से सरकारी डॉक्टर होना चाहिए जैसे कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी या सिविल सर्जन या यथानिर्दिष्ट), यदि आवश्यक हो, तो बोर्ड के सदस्य के रूप में निजी मेडिकल प्रैक्टीशनर (संबंधित चिकित्सा क्षेत्र में विधिवत योग्य) को शामिल कर सकता है।

नोट-I: दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी करते समय कृपया उल्लेख करें : दिव्यांगता: मानसिक बीमारी (बीमारी का नाम) दिव्यांगता का प्रतिशत।

VI. चिरकालिक तंत्रिका दशाएं

25.1 तंत्रिका दशाओं में शारीरिक हानि के मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देश

मूल दिशानिर्देश

1. तंत्रिका दशाओं का आकलन बीमारी का आकलन नहीं है, बल्कि इसके प्रभावों का आकलन है, अर्थात, क्लीनिकल अभिव्यक्तियाँ।
2. **इन दिशानिर्देशों का उपयोग केवल केंद्रीय और ऊपरी मोटर न्यूरॉन क्षति के लिए किया जाना चाहिए।**
3. आम तौर पर प्रमाणीकरण के उद्देश्य के लिए किसी भी तंत्रिका मूल्यांकन को बीमारी की शुरुआत के छह महीने बाद किया जाना चाहिए, हालांकि सटीक समय अवधि मामले का मूल्यांकन कर रहे और स्थायी प्रमाणीकरण के लिए पहले मूल्यांकन से दो साल बाद पुनर्मूल्यांकन कर रहे मेडिकल चिकित्सक द्वारा तय की जानी है।
4. किसी भी तंत्रिका दशाओं में शारीरिक हानि का कुल प्रतिशत 100% से अधिक नहीं होगा।
5. मिश्रित मामलों में उच्चतम अंक को ध्यान में रखा जाएगा। निम्न स्कोर को संयोजन सूत्र की मदद से इसमें जोड़ा जाएगा:

$$\text{क} + \frac{\text{ख}\ (90 - \text{क})}{90}$$

जहां क = अधिकतम मूल्य और ख= निम्नतम मूल्य है ।

6. अतिरिक्त 10% प्रमुख ऊपरी चरम सीमा की भागीदारी के लिए दिया जाएगा।
7. प्रत्येक चरम सीमा में संवेदना की हानि के लिए 10% तक अतिरिक्त भारांक दिया जा सकता है लेकिन कुल शारीरिक हानि 100% से अधिक नहीं होनी चाहिए।
8. तंत्रिका दशाएं जो प्रतिवर्ती हैं और रोगोत्तर लक्षण (सीक्वेल) के बिना प्रमाणित नहीं हैं। केवल तंत्रिका दशाएं जो स्थायी हैं, प्रमाणित हैं। यदि आवश्यक हो, तो विशिष्ट मामलों में, दिव्यांगता का मूल्यांकन एक वर्ष की अवधि के बाद किया जा सकता है।
9. दिव्यांगता प्रमाण पत्र में चिरकालिक तंत्रिका दशाओं के नाम का उल्लेख होना चाहिए। (जहां तक संभव हो क्लीनिकल निदान/रोग का नाम, प्रकृति और दिव्यांगता की सीमा)।
10. यदि दिव्यांग व्यक्ति को कुछ विशिष्ट आवश्यकताओं/जरूरतों के लिए अपेक्षित हो तो स्थायी दिव्यांगता प्रमाण पत्र कुछ अपरिवर्तनीय/प्रगतिशील मामलों में जारी किया जा सकता है, जैसे कि न्यायालय के निर्देशों पर। यदि विशिष्ट मामलों में आवश्यक हो, तो दिव्यांगता का पुनर्मूल्यांकन उचित और निर्दिष्ट अवधि के बाद

आवश्यक हो सकता है जैसे कि 5 वर्ष या उससे अधिक या नामित मेडिकल बोर्ड में निर्दिष्ट दिव्यांगता विशेषज्ञों द्वारा तय किए गए अनुसार या कानून द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया हो ।

11. दिव्यांगता प्रमाण पत्र में स्पष्ट रूप से चिरकालिक तंत्रिका दशाओं के नाम का उल्लेख होगा।

25.2 सीएनएस के चिरकालिक तंत्रिका संबंधी रोग।

परिभाषा: 3 महीने से अधिक समय से तंत्रिका कार्यों में कोई हानि ।

निम्नलिखित बीमारियों का मूल्यांकन **" गतिविषयक दिव्यांगता"** की श्रेणी के तहत किया जा सकता है।

निम्नलिखित के परिणामस्वरूप उत्पन्न गतिविषयक विकार

1. एटैक्सिया
2. सेरेब्रोवास्कुलर दुर्घटना (स्ट्रोक)
3. चिरकालिक गति संबंधी विकार (न्यूरोनल ब्रेन आयरन एक्युमुलेशन (एनबीआईए), पार्किंसंस रोग, विल्सन रोग, जेनेटिक डिस्टोनिया, हंटिंगटन कोरिया, सबएक्यूट स्क्लेरोसिंग पैनेसेफलाइटिस (एसएसपीई), मल्टीपल सिस्टम एट्रोफी, प्रोग्रेसिव सुपरन्यूक्लियर पाल्सी, टयूरेट सिंड्रोम (कोरियोएथेटोसिस / झटके/ डिस्टोनिया/ पार्किंसनिज़्म /मायोक्लोनस /कंपन/ क्रोनिक टिक्स)
4. वंशानुगत और अधिग्रहित न्यूरोपैथी
5. मोटर न्यूरॉन रोग
6. मायोपैथी

अन्य विकार;

1. न्यूरोडीजेनेरेटिव विकार

2 पुनरावर्ती डिमिलिनेटिंग विकारों (जैसे मल्टीपल स्केलेरोसिस, न्यूरोमाइलाइटिस ऑप्टिका स्पेक्ट्रम विकार, माइलिन ओलिगोडेंड्रोसाइट एंटीबॉडी रोग) ।

3. पैरानियोप्लास्टिक सिंड्रोम

4. क्रोनिक ड्रग रिफ्रेक्टरी एपिलेप्सी

नोट: इन सभी विकारों का मूल्यांकन गतिविषयक दिव्यांगता के होने के साथ-साथ स्पेस्टिसीटि, अनुभूति (आईक्यू / डीक्यू), दृष्टि एवं श्रवण और कपाल तंत्रिका भागीदारी के रूप में अन्य क्लीनिकल विशेषताओं के होने के आधार पर किया जाएगा।

25.3 मूल्यांकन का आधार

एक सामान्य जीवन के आवश्यक कार्यों के प्रदर्शन के लिए शारीरिक या मानसिक क्षमता के संदर्भ में अनुमान लगाया जाता है, जो एक ही उम्र और लिंग के स्वस्थ व्यक्ति में अपेक्षित होगा। इसे उस सीमा को दर्शाना चाहिए जिस तक हानि ने उस कार्यात्मक क्षमता को कम कर दिया है। यह पूरी तरह से सामान्य कार्यात्मक क्षमता पर निर्धारित किया जाता है। सदस्य की क्षमता या अपने स्वयं के या किसी विशिष्ट व्यापार या व्यवसाय का पालन करने में असमर्थता पर विचार नहीं किया जाना चाहिए। मूल्यांकन उद्देश्य मापदंडों के माप पर आधारित होना चाहिए जिसका उपयोग कार्यात्मक नुकसान को मापने के लिए किया जा सकता है।

एक हानि के उचित मूल्यांकन पर पहुंचने के लिए, एक निर्णायक इतिहास को प्राप्त करना, एक संपूर्ण क्लीनिकल परीक्षा और सभी प्रासंगिक प्रयोगशाला और रेडियोलॉजिकल जांच करना आवश्यक है। यह निर्धारित किया जाना है कि क्या हानि **अस्थायी (2 वर्ष) या स्थायी** है और हानि की डिग्री भी क्योंकि यह कार्यात्मक क्षमता से संबंधित है। व्यवहार में, बाल रोगियों के लिए दिव्यांगता आकलन को अस्थायी रखा जा सकता है और 3-5 वर्षों के भीतर पुनर्मूल्यांकन के लिए कहा जा सकता है। वयस्क रोगियों के लिए, उन विकारों के लिए अस्थायी दिव्यांगता मूल्यांकन दिया जा सकता है जो अधिग्रहित प्रकृति के हैं और चिकित्सा के साथ सुधार की उम्मीद है। अथक प्रगति के साथ आनुवंशिक विकारों के लिए, एक स्थायी दिव्यांगता की पेशकश की जा सकती है।

लक्षणों और शिकायतों को प्रमाणित या अस्वीकार करने के लिए शारीरिक परीक्षा और प्रयोगशाला परीक्षणों पर पहले से कहीं अधिक भरोसा किया जाना चाहिए। कार्यात्मकता के माप के आधार पर एक हानि का मूल्यांकन एक अच्छी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से अंतर्ज्ञान, अनुमान या धारणा के बजाय कारण या तर्क से एक विश्वसनीय चिकित्सा राय तक पहुंचा जा सकता है।

कार्यात्मक मूल्यांकन पैरामीटर आधारित है और आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 के आधार पर मूल्यांकन के दिशानिर्देशों, जीएआरपी और अन्य अंतरराष्ट्रीय रोग विशिष्ट दिशानिर्देशों से व्युत्पन्न जिसे संबंधित विशेषज्ञ द्वारा प्रदान किए जाएंगे।

25.4 निम्नलिखित चिरकालिक तंत्रिका बीमारियों का मूल्यांकन लोकोमोटर दिव्यांगता के तहत किया जाएगा।

25.4.1. आघात (स्ट्रोक)

स्ट्रोक तंत्रिका अक्ष (न्यूरल एक्सिस) के कई स्तरों को शामिल करता है और हानि में योगदान देता है- जो वाक् / भाषा, कपाल तंत्रिका, मोटर, संवेदी, लोकोमोटर और अनुमस्तिष्क रोग हैं। कुल कार्यात्मक हानि का मूल्यांकन 2016 के आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम के अनुसार किया जाता है। **संशोधित रैंकिन स्केल (एमआरएस)** आमतौर पर उन लोगों की दैनिक गतिविधियों में हानि या निर्भरता की डिग्री को मापने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला पैमाना है, जिन्हें स्ट्रोक या तंत्रिका हानि के अन्य कारणों का सामना करना पड़ा है। **(पैरा 11.2 का संदर्भ लें)**

एमआरएस के अलावा जो मुख्य रूप से गति संबंधी कार्यों के कारण हानि को दर्शाता है, दृश्य या क्षेत्रीय नुकसान, एफेसिया या डिसरथ्रिया आदि जैसे कुछ अक्षम कमी के कारण होने वाली अतिरिक्त हानि की गणना संबंधित वर्गों से की जा सकती है और एक समेकित हानि (100% से अधिक नहीं) पर पहुंचा जा सकता है।

25.4.2 चिरकालिक विकासशील एटैक्सिया (संवेदी या अनुमस्तिष्क)

एटैक्सिया की गंभीरता	**शारीरिक हानि**
अंक 0-10 हल्का (जांच में पता चला)	25%
अंक 11-20 मध्यम	50%
अंक 21-30 गंभीर	75%
अंक 31-40 अति गंभीर	100%

एक बहुत ही उद्देश्य मूल्यांकन के लिए **एटैक्सिया (एसएआरए) के मूल्यांकन और रेटिंग के लिए पैमाने का उपयोग** किया जा सकता है **(परिशिष्ट- XIV)**। कुल अंक प्राप्त करने के लिए आठ मदों में से प्रत्येक से औसत मूल्यों को अभिव्यक्त

किया जाता है। कुल स्कोर 0 (कोई एटैक्सिया नहीं है) से लेकर 40 (गंभीर एटैक्सिया है) तक होता है।

**** नोट: 8 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में एसएआरए अंक सावधानी के साथ व्याख्या की जानी चाहिए (केवल 8 वर्ष की आयु के बाद दी जानी चाहिए)।**

एसएआरए अंक के अनुसार कोई प्रतिशत स्कोरिंग उपलब्ध नहीं है। अंक के अनुसार दिव्यांगता प्रतिशत उद्देश्य और समान गणना की सुविधा के लिए है।

25.4.3 चिरकालिक तंत्रिका संबंधी बीमारियों के कारण गति वाले विकारों के परिणामस्वरूप लोकोमोटर विकार

निम्नलिखित गति संबंधी विकारों का मूल्यांकन चिरकालिक गति संबंधी विकारों जैसे न्यूरोनल ब्रेन आयरन एक्यूमुलेशन, विल्सन रोग, हंटिंगटन कोरिया, जेनेटिक डिस्टोनिया आदि के रोगियों में किया जाना चाहिए।

डायस्टोनिया के आकलन के लिए उद्देश्य अंक की आवश्यकता होती है।

डायस्टोनिया की गंभीरता	**शारीरिक हानि**
हल्का (कभी-कभी होते हैं)	**25%**
मध्यम (दिन में अधिकांश होता है)	**50%**
गंभीर (हमेशा होता है)	**75%**

25.4.4. कोरिया: कोरिया से संबंधित दिव्यांगता के संबंध में एक मानकीकृत सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य विधि की अनुपस्थिति में, स्थायी शारीरिक हानि की गणना के लिए निम्नलिखित को अपनाया जा सकता है।

कोरिया की गंभीरता	**शारीरिक हानि**
हल्का- व्यक्ति दैनिक जीवन की गतिविधियों (एडीएल) के लिए शामिल चरम सीमा का उपयोग कर सकते हैं जिसमें सकल गति शामिल हैं, लेकिन उचित गति में हल्की कठिनाई होती है।	गैर प्रमुख अंग -20% प्रमुख अंग -30%
मध्यम - व्यक्ति दैनिक जीवन की गतिविधियों (एडीएल) के लिए शामिल चरम सीमा का उपयोग कर सकता है, जिसमें सकल गति को शामिल करने में हल्की कठिनाई होती है, लेकिन उचित गति में मध्यम कठिनाई होती है।	गैर प्रमुख अंग -30% प्रमुख अंग -40%
गंभीर - व्यक्ति को दैनिक जीवन की गतिविधियों (एडीएल) के लिए शामिल चरम सीमा में सहायता की आवश्यकता होती है, जिसमें सकल गति को शामिल करने में गंभीर कठिनाई होती है और उचित गति में गंभीर कठिनाई होती है।	गैर प्रमुख अंग -50% प्रमुख अंग -60%

25.4.5 पार्किंसनिज़्म -

"पार्किंसंस रोग" की परिभाषा का आशय है तंत्रिका तंत्र का प्रगतिशील रोग जिसमें कंपन, मांस पेशी जकड़न और धीमी, अनिश्चित गति के लक्षण पाये जाते हैं, मुख्यतः मध्यम-आयु वाले और बुजुर्ग लोगों को प्रभावित करने वाली मस्तिष्क की बेसल गैंगलिया की विकृति तथा डोपामाइन नामक न्यूरोट्रांसमीटर की कमी से संबंधित है।

पार्किंसंस रोग (पीडी) के मूल्यांकन के लिए, हानि के स्तर की गणना संशोधित होहेन और याहर स्केल से की जा सकती है जो पीडी के मामले में कार्यात्मक हानि के स्तर को ग्रेड करता है। **(परिशिष्ट-XV)**

स्तर	**संशोधित *होहेन और याहर* स्केल**	**स्थायी शारीरिक हानि**
1	केवल एकपक्षीय भागीदारी	10%
1.5	एकपक्षीय और अक्षीय (ऐक्जियल) भागीदारी	20%
2	संतुलन सम्बन्धी हानि के बिना द्विपक्षीय भागीदारी	30%
2.5	पुल टेस्ट पर स्वास्थ्य सुधार के साथ हल्का द्विपक्षीय रोग	40%
3	हल्के से मध्यम द्विपक्षीय रोग; थोड़ी पोस्टुरल अस्थिरता; शारीरिक रूप से स्वतंत्र	50%
4	गंभीर हानि; फिर भी बिना किसी सहायता के चलने या खड़े होने में सक्षम	75%
5	व्हीलचेयर या बिस्तर तक सीमित जब तक की सहायता न की जाए	100%

25.4.6 मोटर न्यूरोन रोग जैसे एमियोट्रोफिक लेटरल स्केलेरोसिस के लिए: एएलएस (परिशिष्ट-XVI) के लिए कार्यात्मक रेटिंग स्केल को इस प्रकार लागू किया जाए

कार्यात्मक स्कोर	**शारीरिक हानि का प्रतिशत**
0-15	गंभीर 80-100%
16-30	मध्यम 60-79%
29-40	मंद 40-59%
40-48	बहुत मंद <40%

25.4.7 न्यूरोपैथी और मायोपैथी के लिए निम्नलिखित मूल्यांकन का उपयोग किया जाए:

कार्यात्मक क्षमता	**शारीरिक हानि का प्रतिशत**
कोई महत्वपूर्ण हानि नहीं है। कुछ लक्षणों के बावजूद, सभी सामान्य गतिविधियों को करने में सक्षम	<40%
मंद हानि। सहायता के बिना अपने निजी कार्यों को करने में सक्षम, लेकिन सभी सामान्य गतिविधियों को पूरा करने में असमर्थ है।	40-50%

मध्यम हानि। मदद की आवश्यकता होती है लेकिन बिना सहायता के चलने में सक्षम।	51-60%
गंभीर हानि । निरंतर नर्सिंग देखभाल की आवश्यकता होती है जिसमें सहायक श्वसन उपकरणों का उपयोग शामिल है तथा बिस्तर तक सीमित हैं।	>80%

25.4.8 मूत्राशय की निष्क्रियता (ब्लैडर डिसफंक्शन) का मूल्यांकन चिरकालिक तंत्रिका संबंधी दशाओं के व्यापक रूप के तहत किया जाए:

मूत्राशय की कार्यात्मकता की कमी (ब्लैडर फंक्शिन डेफिसिट) की सीमा/प्रकृति	**शारीरिक हानि का प्रतिशत**
हल्का (हैज़ीटेन्सी, आवृत्ति)	20%
मध्यम (तेजी से)	30%
गंभीर (कभी कभार या बार-बार होने वाला असंयम)	40%
अति गंभीर (प्रतिधारण /पूर्ण असंयम)	50%

*** मूत्राशय की शिथिलता की परिभाषाएँ**

शब्दावली	**परिभाषाएँ**
आवृत्ति	• बढ़ी हुई आवृत्ति की परिभाषा है कि ये बच्चे प्रति दिन 8 या उससे अधिक बार मूत्राशय खाली करते हैं। • घटी हुई आवृति की परिभाषा है कि ये बच्चे प्रति दिन 3 या उससे कम बार मूत्राशय खाली करते हैं।
अत्यावश्यकता	मूत्राशय खाली करने की तत्काल और बाध्यकारी स्थिति की अचानक और अप्रत्याशित अनुभव । मूत्राशय नियंत्रण की प्राप्ति से पहले यह शब्द लागू नहीं होता है ।
हिचकिचाहट होती है	जब बच्चा मूत्राशय खाली करने के लिए तैयार हो तो उसे ऐसा शुरू करने में कठिनाई होती है।
तेजी से	मूत्र असंयम के रूप में भी जाना जाता है। मूत्र के अनैच्छिक रिसाव के रूप में परिभाषित किया गया

25.4.9 . एपिलेप्सी में दिव्यांगता के लिए समंकन हेतु विधि

दिव्यांगता की गंभीरता	आक्षेप (कॉन्वेल्शईन) की संख्या	दिव्यांगता प्रतिशत
हल्का	मात्र एक आक्षेप	शून्य
मध्यम	1-5/माह	25
गंभीर	6-10/ माह	50
अति-गंभीर	>10/ माह	75

25.4.10. संज्ञानात्मक विकार (कोगनीटिव डिसफंक्शन) - नैदानिक मनोवैज्ञानिक द्वारा बच्चों में संज्ञान का मूल्यांकन मानक स्कोर पर एक आईक्यू स्कोर के मूल्यांकन द्वारा किया जाएगा।

25.4.11. मनोभ्रंश (डिमेंशिया) : डिमेंशिया के लिए दिव्यांगता के प्रतिशत का मूल्यांकन आईडीईएएस पैमाने के अनुसार किया जाना है।

25.5. "मल्टीपल स्केलेरोसिस" का अर्थ है एक सूजन-संबंधी, तंत्रिका तंत्र रोग जिसमें मस्तिष्क और मेरुदंड की तंत्रिका कोशिकाओं के अक्षतंतु (एक्जियोंस) के चारों ओर का माइलिन कोष क्षतिग्रस्त हो जाता है, जिसमें तंत्रिका का माइलिन आवरण नाड़ी से अलग हो जाता है तथा मस्तिष्क और मेरुदंड में तंत्रिका कोशिकाओं की एक दूसरे के साथ संचार करने की क्षमता प्रभावित होती है ।

25.6. मल्टीपल स्केलोरिसिस सहित चिरकालिक तंत्रिका संबंधी दशाओं के कारण होने वाली हानि बहु-आयामी हैं जिसमें मांसपेशी कंकाल प्रणाली की हानि, डिमेंशिया और मनो-सामाजिक व्यवहार का दिखना भी शामिल है-

i. इन स्थितियों में मांसपेशी कंकाल प्रणाली में होने वाली हानि का मूल्यांमकन खंड-I में उल्लेख किए गए अनुसार गतिशील दिव्यां गता के मूल्यांकन में दिए गए चिरकालिक तंत्रिका स्थितियों के कारण हुई गतिशील हानि के मूल्यांपकन से संबंधित दिशा निर्देशों के अनुसार किया जाएगा ।

ii. खंड II में उल्लेख किए गए अनुसार दृष्टि हानि का मूल्यांकन।

iii. खंड III क में उल्लेख किए गए अनुसार श्रवण हानि का मूल्यांकन।

iv. कपाल तंत्रिका की भागीदारी (दृष्टि और श्रवण के अलावा)

कपाल तंत्रिका के प्रकार	हानि का स्तर
पृथक मोटर कपाल तंत्रिका	**प्रत्येक तंत्रिका के लिए 20%**
पृथक संवेदी कपाल तंत्रिका	**प्रत्येक तंत्रिका के लिए 10%**

v. खंड III ख में उल्लेख किए गए अनुसार वाक् और भाषा हानि का मूल्यांकन ।

vi. खंड IV में उल्लेख किए गए अनुसार बौद्धिक दिव्यांगता का मूल्यांकन ।

vii. खंड-V में उल्लेख किए गए अनुसार मनोसामाजिक दिव्यांगता (मानसिक रुग्णता) का मूल्यांकन ।

किसी भी तंत्रिका संबंधी जटिल विकार में बहु कार्यात्मक बाधाओं के मामले में, उच्चतम स्कोर को ध्यान में रखा जाएगा। निम्नतम स्कोर को संयोजन सूत्र की सहायता से इसमें जोड़ा जाएगा:

$$x = क + \frac{ख(100 - क)}{100}$$

जहां

"एक्स" पार्किंसंस रोग / मल्टीपल स्केलेरोसिस / अन्य चिरकालिक न्यूरोलॉजिकल स्थितियों के साथ विभिन्न अक्षम स्थितियों के कारण समग्र प्रतिशत है।

"क" = उच्चतर मान सहित दिव्यांगता का प्रतिशत है, और

और "ख" = निम्नतर मान सहित दिव्यांगता का प्रतिशत है ।

हालांकि, बहु दिव्यांगताओं का अधिकतम कुल प्रतिशत, 100% प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

25.7. चिकित्सा प्राधिकरण:

चिकित्सा अधीक्षक या मुख्य चिकित्सा अधिकारी या सिविल सर्जन या राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित कोई अन्य समकक्ष प्राधिकारी निम्नलिखित दो अन्य सदस्यों के साथ प्रमाणन प्राधिकरण (सर्टिफिकेशन ऑथोरिटी) का प्रमुख होगा :

क. 18 वर्ष से कम या समतुल्यन आयु के रोगियों के लिए बाल रोग विशेषज्ञ / बाल रोग न्यूरोलॉजिस्ट; 18 वर्ष से अधिक आयु के रोगियों के लिए चिकित्सक (मेडिसिन स्पेशलिस्ट)/ न्यूरोलॉजिस्ट ।

ख. लोकोमोटर दिव्यांगता घटक को प्रमाणित करने के लिए भौतिक चिकित्सा और पुनर्वास (पीएमआर) में विशेषज्ञ या पीएमआर विशेषज्ञ की अनुपलब्धता के मामले में, आर्थोपेडिक में एक विशेषज्ञ ।

ग. चिरकालिक तंत्रिका संबंधी दशाओं के कारण मानसिक रुग्णता के लिए मनोचिकित्सक ।

घ. प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिक (आरसीआई प्रमाणित नैदानिक या पुनर्वास)

ङ. क और ख अनिवार्य हैं तथा ग और घ को मामले की मांग के अनुसार सहयोजित किया जाएगा।

नोट * - विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण दिव्यांगता मूल्यांकन में भारी विलंब को ध्यान में रखते हुए, दिव्यांगता के मूल्यांकन के लिए दिव्यांगता मूल्यांकन बोर्ड का अध्यक्ष (जिसे अनिवार्य रूप से सरकारी डॉक्टर होना चाहिए जैसे कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी या सिविल सर्जन या यथा निर्दिष्ट), यदि आवश्यक हो, तो बोर्ड के सदस्य के रूप में निजी मेडिकल प्रैक्टिशनर (संबंधित चिकित्सा क्षेत्र में विधिवत योग्यो) को शामिल कर सकता है।

VII. रक्त विकारों के कारण दिव्यांगता

शामिल किये गए रोग:

क. हीमोफीलिया

ख. थैलेसीमिया

ग. सिकल कोशिका रोग

पृष्ठभूमि

वर्तमान में आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम, 2016 द्वारा कवर किए गए वंशानुगत रक्त विकारों में गंभीर **हीमोफिलिया ए या बी; थैलेसीमिया मेजर, और होमोजीगस सिकल कोशिका रोग शामिल हैं।** इन सभी से गंभीर और स्थायी स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं जो व्यक्ति के जीवनकाल में बढ़ती जाती है। इन विकारों वाले व्यक्तियों में एक स्थायी दिव्यांगता होती है जो प्रतिकूल जटिलताओं का कारण बन सकती है और बढ़ती जाती हैं। इन व्यक्तियों को जीवित रहने के लिए तथा इस बीमारी के साथ जीने हेतु आजीवन उपचार की आवश्यकता होती है। अच्छे उपचार के साथ, उनके लक्षण में कुछ सुधार होगा, परन्तु अच्छे उपचार के बावजूद उनकी बीमारी या उनके उपचार के कारण जटिलताएं बनी रहेंगी । उन्हें नियमित जांच की आवश्यकता होती है और यह उनकी शैक्षिक गतिविधियों और रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्हें नियमित आधार पर आवश्यक उपचार का लाभ उठाने के लिए परिवार की सहायता की आवश्यकता होती है। यहां तक कि भारत में उपलब्ध देखभाल उपचार के मानकों के बाद भी रक्त विकार वाले सभी व्यक्ति बीमारी के कारण जटिलताओं का अनुभव करेंगे, बाधाओं के कारण कष्ट उठाना होगा तथा जीवन-काल कम हो जाएगा।

इसलिए 40% की बेंचमार्क दिव्यांगता गंभीर हीमोफीलिया, थैलेसीमिया मेजर, होमोजीगस सिकल कोशिका रोग और यौगिक हेटेरोजाईगस सिकल सेल सिंड्रोम (सिकल-बीटा थैलेसीमिया और सिकल-एचबी डी) के गंभीर रूपों के नैदानिक मानदंडों को पूरा करने वाले रोगियों को निर्दिष्ट की गई है। ट्रांसफ्यूजन डिपेंडेंट थैलेसीमिया (टीडीटी) और नॉन-ट्रांसफ्यूजन डिपेंडेंट थैलेसीमिया (एनटीडीटी) शब्दावली का प्रयोग वर्तमान में अधिकांश हेमेटोलॉजिस्ट द्वारा किया जा रहा है। सभी दिव्यांगता अकेले ट्रांसफ्यूजन से संबंधित नहीं होती हैं और इन शब्दों का उपयोग कुछ लोगों द्वारा नहीं किया जा रहा है जो इस शब्दावली से परिचित नहीं हैं, इसलिए हमने पुरानी शब्दावली को भी रखा है ।

दिव्यांगता को स्थायी माना जाता है इसलिए रोगी या चिकित्सा प्राधिकरण द्वारा पुनर्मूल्यांकन का अनुरोध न करने तक एक बार जारी किया गया प्रमाणपत्र मान्य होना चाहिए जो तब आवश्यक होगा जब रोगी को जीन थेरेपी, जीन एडिटिंग या हेमेटोपोइएटिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण जैसे उपचारात्मक उपचार प्राप्त होते हैं या हीमोफिलिया बी से पीड़ित व्यक्तियों में यकृत प्रत्यारोपण (लीवर ट्रैंस्प्लैंट) होना होता हैं। सभी निदान रिपोर्ट (डायग्नोसिस रिपोर्ट) आदर्श रूप से एक सरकारी प्रयोगशाला, या एक मानक प्रयोगशाला से होनी चाहिए; इन दिशानिर्देशों का पालन करने से किसी भी विसंगति से बचा जा सकेगा। यदि गंभीर जटिलताएं मौजूद हैं, या दिव्यांगता मूल्यांकन के दौरान पाई जाती हैं, तो ऐसे व्यक्तियों को इन समस्याओं को नियंत्रित करने के लिए उचित चिकित्सा के लिए भेजा जाना चाहिए और इस रोग को आगे बढ़ने से रोकना जरूरी है ।

रक्त विकार से संबंधित दिव्यांगता वाले व्यक्ति अनिवार्य सहायता के लिए पात्र होंगे यदि वे उच्च निर्भरता की आवश्यकता वाले व्यक्ति हैं और यदि वे उच्च निर्भरता वाले व्यक्ति के लिए मौजूदा मानदंडों को पूरा करते हैं। रक्त

विकार से संबंधित दिव्यांगता वाले व्यक्ति को उच्च सहायता की आवश्यकता होती है, जिसका अर्थ बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्ति से है, जिसे दैनिक जीवन की गतिविधियों को पूरा करने, सुविधाओं / सेवाओं तक पहुंचने और निर्णय लेने के लिए शारीरिक, मनोवैज्ञानिक या अन्यथा गहन सहायता की आवश्यकता होती है।

खंड क: हीमोफिलिया

26.1 हीमोफिलिया के लिए दिव्यांतगता मूल्यांकन और प्रमाणन दिशानिर्देश

हीमोफिलिया ए और बी वंशानुगत रक्तस्रावी विकार हैं जो क्रमशः प्रोटीन के जमाव कारक VIII और IX की कमी या निष्क्रियता के कारण होती है। जोड़ों और मांसपेशियों में बार-बार रक्तस्राव होता है और इससे गंभीर और प्रगतिशील मस्कुलोस्केलेटल क्षति होती है। किसी भी चल रही गैर-उपचारात्मक चिकित्सा के बावजूद दिव्यांगता का मूल्यांकन किया जाएगा।

5 प्रतिशत से कम कारक स्तर वाले सभी हीमोफिलिया रोगियों को 40% की बेंचमार्क दिव्यांगता प्रदान की जानी चाहिए। दिव्यांगता प्रमाणन के उद्देश्य के लिए, मानदंडों में हीमोफिलिया का निदान किया गया मामला शामिल है, जिसमें प्रमुख जोड़ों में दो या अधिक रक्तस्राव का इतिहास या इंट्राक्रैनियल रक्तकस्राव का प्रकरण या मांसपेशी रक्तस्राव का प्रकरण और 5% से कम स्कंदन कारक VIII या IX स्तर को 40% की बेंचमार्क दिव्यांगता माना जाता है।

26.2 हीमोफीलिया क्या है?

"हीमोफिलिया" एक्स-संबंधित एक वंशानुगत रक्त विकार है। रोग रक्त की सामान्य स्कंदन (क्लोटिंग) की क्षमता से संबंधित बाधिता से अभिलक्षित है क्योंकि मामूली चोट या यहां तक कि दांत निकालने के परिणामस्वरूप घातक रक्तस्राव होता है । गंभीर हीमोफिलिया वाले रोगी में बिना किसी चोट के स्वंत: ही रक्त बहता है । यह रोग मुख्यतः पुरुषों में देखा जाता है और यह महिलाओं में प्रायः नहीं देखा गया है ।

हीमोफिलिया एक वंशानुगत रक्त विकार है जिसमें परिवारों में दो-तिहाई एक्स-संबंधित आवर्ती वंशानुक्रम होता है और एक-तिहाई मामलों में नया स्वतः प्रवर्तित उत्परिवर्तन (म्युटेशन) देखा जाता है।

कारक VIII की कमी हीमोफिलिया ए का कारण बनती है और कारक IX की कमी से हीमोफिलिया बी होता है।

कमी की गंभीरता रक्तस्राव फेनोटाइप का कारण बनती है ।

कारक VIII या IX के 5 प्रतिशत से कम वाले रोगियों में जोड़ों और मांसपेशियों में स्वत: रक्तस्राव के प्रकरण होते हैं, ये विकृति और दिव्यांगता का कारण बनते हैं। इन रोगियों को मस्तिष्क या गर्दन में जानलेवा रक्तस्राव भी हो सकता है। कभी श्लेष रक्तस्राव जैसे गैस्ट्रो-आंतों, मुख, यूरिनरी ट्रैक्ट आदि से खून बहना बहुत कम देखा गया है।

26.3. प्रमाण पत्र का प्रकार

- हीमोफीलिया रोग से ग्रसित सभी रोगियों को स्थायी प्रमाण पत्र जारी किया जाना है जो प्रमाणन के लिए उपर्युक्त मानदंडों को पूरा करते है।
- रोग प्रकृति में स्थायी और प्रगतिशील हो।
- स्थायी दिव्यांगता के संबंध में, पीडब्ल्यूडी द्वारा अनुरोध किए जाने पर पुनर्मूल्यांकन पर पांच साल बाद विचार किया जाएगा यदि प्रगति नोट की जाती है (अनुबंध XXI)

- जीन थेरेपी के साथ उपचार के बाद व्यक्ति अब (जब भी लागू हो) जीन एडिटिंग/दिव्यांगता दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए पात्र नहीं होगा।

26.4. हीमोफिलिया के निदान के आधार हेतु जांच और उपचार पुष्टिकरण जांच और प्रलेखन: की आवश्यकता के सहायक प्रलेखन (सपोर्टिंग डोक्युमेंटेशन) (दस्तावेज़ के अंत में चेकलिस्ट देखें)

1) फैक्टर एस्से (कारक परख) के साथ एक दीर्घकालीन एपीटीटी रिपोर्ट। यह कारक VIII या कारक IX की कमी के संबंध में यह आवश्यक दस्तावेज है; और इस दिव्यांगता शीर्षक के तहत पात्रता मानदंडों को पूरा करने के लिए कमी के स्तर की आवश्यकता है।

यदि कोई रिपोर्ट उपलब्ध नहीं है, तो दिव्यांगता प्रमाण-पत्र देने के लिए उपयुक्त वॉशआउट अवधि के बाद एक अनुमोदित मानक प्रयोगशाला से हाल ही में जांच रिपोर्ट दोहराने की आवश्यकता होगी।

2) स्कंदन कारक या अन्य उपलब्ध उपचार के साथ हीमोफिलिया के लिए उपचार का दस्तावेजीकरण, या फिजियोथेरेपी रिकॉर्ड या रक्तस्राव के दस्तावेज और रेडियोलॉजी रिकॉर्ड जो जोड़ों में रक्तस्राव या क्षति का प्रदर्शन करते हैं।

3) कारक VIII या IX के स्तर की रिपोर्ट

स्कंदन कारक की कमी के कारण रक्तस्राव के इतिहास के लिखित साक्ष्य-

प्रमुख जोड़ों (टखने, घुटने, कूल्हे, कोहनी और कंधे के जोड़ों)

मांसपेशियों में रक्तस्राव, इंट्राक्रैनीयल रक्तस्राव, चोट या सर्जरी के दौरान रक्तस्राव

<u>तालिका 1 हीमोफिलिया (रक्त विकार) वाले रोगियों से संबंधित दिव्यांगता स्कोर असाइनमेंट</u>

		दिव्यांगता स्कोर (%)	मापा गया कारक VIII या IX स्तर	नैदानिक मानदंड $	
केवल <u>एक</u> का चयन करें	1.	5	5-50% (कारक VIII या IX)	चोट या सर्जरी के दौरान अधिक रक्तस्राव का इतिहास लेकिन बीमारी के कारण कोई विकृति और कोई गंभीर पुराना दर्द# नहीं है	
	2.	20	5-50% (कारक VIII या IX)	चोट या सर्जरी के दौरान अधिक रक्तस्राव का इतिहास और बीमारी के कारण विकृति या गंभीर चिरकालिक दर्द# है।	
	3.	**40**	**<5% (**कारक VIII या IX**)**	**हीमोफिलिया + किसी भी <u>प्रमुख जोड़</u> * या मांसपेशियों में दो या अधिक रक्तस्राव का प्रलेखन**	

	4.	45	<5% (कारक VIII या IX)	हीमोफीलिया = एक प्रमुख जोड़ * प्रभावित जैसे कि निश्चित लचीलेपन वाली (फिक्स्ड फ्लेक्सियन) विकृति या जोड़ के चारों ओर मांसपेशियों का अत्यधिक नष्ट होना या संकुचन या गंभीर चिरकालिक दर्द#	
	5.	50	<5%	हीमोफिलिया = दो प्रमुख जोड़ * प्रभावित होते हैं जैसे कि फिक्स्ड फ्लेक्सियन विकृति या जोड़ के आसपास की मांसपेशियों का अत्यधिक नष्ट होना या संकुचन या असहनीय चिरकालिक दर्द #, या अनियंत्रित गैस्ट्रो-इंटेस्टाइनल रक्तस्राव	
	6.	55	<5%	हीमोफिलिया = तीन या अधिक प्रमुख जोड़ * प्रभावित होते हैं जैसे फिक्स्ड फ्लेक्सियन विकृति या जोड़ के आसपास की मांसपेशियों का अत्यधिक नष्ट होना या संकुचन या असहनीय चिरकालिक दर्द#	
	7.	60	<5%	हीमोफिलिया = इंट्राक्रैनीयल या सोआस रक्तस्राव या सूडो ट्युमर के कारण न्यूरोलॉजिकल सीक्वेल होता है जिससे एक अंग के उपयोग में कठिनाई होती है या सूडो ट्यूमर की उपस्थिति होती है	
	8.	65	<5%	हीमोफिलिया = इंट्राक्रैनील या सोआस ब्लीड या सूडो ट्यूमर के कारण न्यूरोलॉजिकल सीक्वेल होता है जिससे दो अंगों के उपयोग में कठिनाई होती है	
	9.	70	<5%	हीमोफिलिया = स्वतंत्र रूप से खड़ा नहीं हो सकता, लेकिन एक बैसाखी की मदद से चल सकता है,	
	10.	75	<5%	हीमोफिलिया = स्वतंत्र रूप से खड़ा नहीं हो सकता, लेकिन दो बैसाखी की मदद से चल सकता है।	

	11.	80	<5%	हीमोफिलिया = कूल्हे या रीढ़ की दिव्यांगता या निचले अंगों के पक्षाघात के कारण व्हीलचेयर तक सीमित	
	12.	85	<5%	हीमोफिलिया = कूल्हे या रीढ़ की दिव्यांगता या निचले अंगों के पक्षाघात और प्रमुख ऊपरी अंग का उपयोग करने में असमर्थता के कारण व्हीलचेयर तक सीमित	
	13.	90	<5%	हीमोफिलिया = बेड बाउंड) बिस्तर तक सीमित (और बैठने में असमर्थता तथा प्रमुख ऊपरी अंग का उपयोग करने में असमर्थता लेकिन दृष्टि और / या श्रवण दिव्यांगता नहीं है।	
	14.	95	<5%	हीमोफिलिया = बेड बाउंस और सभी चार अंगों को चलाने में असमर्थता लेकिन दृष्टि और / या श्रवण दिव्यांगता नहीं है ।	
	15.	100	<5%	हीमोफिलिया = बेड बाउंस और दृष्टि और / या श्रवण दिव्यांगता सहित सभी चार अंगों को चलाने में असमर्थता	
	बॉक्स 1 से 15 में से केवल एक का चयन करें कुल स्कोर = [16 से 18 तक अतिरिक्त स्कोर जोड़ सकते हैं। यदि अतिरिक्त समस्याएं मौजूद हैं तो नीचे दिए गए स्कोर जोड़ें]				

	16	**यदि ट्रांसफ्यूज़न-ट्रांसमिटेड संक्रमण (टीटीआई) मौजूद है, तो निम्नलिखित अतिरिक्त स्कोर जोड़ा जाएगा।** (मानक प्रयोगशाला (एचआईवी / एचबीएसएजी / एचबीवी डीएनए / एचसीवी आरएनए) से प्रयोगशाला जांच, टीटीआई के साथ चिह्नित किये गए सभी रोगियों को उपचार के लिए उच्च केंद्रों में भेजा जाना चाहिए)। *सभी टीटीआई रक्त विकार रोगियों को उचित देखभाल के मानक प्राप्त होने चाहिए, रेफरल के बारे में संदेह होने पर एक हेमेटोलॉजिस्ट / विशेषज्ञ से परामर्श लिया जाना चाहिए।* *उक्त अनुशंसा यह सुनिश्चित करने के लिए है कि उपचारात्मक योग्य टीटीआई वाले रोगियों को उचित उपचार मिले, यह भेदभाव करने के लिए नहीं अपितु हम सभी रोगियों की सुरक्षा चाहते हैं, न कि केवल एक स्कोर के लिये जांच ।*	
दर्शाये जाने पर चुनें		एचआईवी संक्रमण (उपचार पर या उपचार पर नहीं)= 5 एचबीवी संक्रमण (उपचार पर)= 5 एचसीवी संक्रमण (उपचार पर)= 5 कोई नहीं = 0	
दर्शाए जाने पर चुनें	17	***# पेन स्केल पर गंभीर चिरकालिक दर्द* 100 *से अधिक के स्कोर को दर्शाता है जिसका उल्लेख परिशिष्ट -* XX *में किया गया है।*** *यदि हीमोफिलिया वाले व्यक्ति को एंड ऑर्गन डैमेज (अंतिम अंग क्षति) होती है, जैसे, ट्रांसफ्यूज़न-ट्रांसमिटेड यकृत आदि तो कृपया यकृत की क्षति* ***(परिशिष्ट -*** XVIII) *को स्कोर करने वाली तालिका देखें, और प्रतिशत स्कोर को इस तालिका से प्राप्त स्कोर में जोड़ा जा सकता है;* *दर्द /एंड ऑर्गन डैमेज स्कोर जोड़ें)* ***परिशिष्ट*** -XVIII, XIX, XX) = *लागू नहीं =* 0	

दर्शाया गया है	18	*यदि रोगी को **तंत्रिका तंत्र संबंधित, दृष्टि, श्रवण जैसी अतिरिक्त अन्य दिव्यांगता हैं - तो अंतिम दिव्यांगता प्रतिशत की गणना इस दस्तावेज़ के भाग VIII में उल्लिखित सूत्र** के अनुसार की जाएगी।* **(एकाधिक दिव्यांगताएँ)** • $ इन प्रतिशतों को किसी भी तरह से अंतिम प्रमाणीकरण के लिए नहीं जोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, हीमोफिलिया स्कोर में अन्य दिव्यांगता स्कोर/स्कोरों को ना जोडें। • *यदि व्यक्ति बहु दिव्यांगता के मानदंडों को पूरा करता है, तो दो उच्च प्रतिशत वाली दिव्यांगताओं पर प्रमाणीकरण के लिए विचार किया जाएगा।*	**बहु-दिव्यांगता मूल्यांकन बोर्ड**
		अंतिम कुल स्कोर	

@ कारक एस्से रिपोर्ट में व्यक्ति का नाम और उम्र, प्रयोगशाला का नाम और पता, जांच करने की तिथि और हस्ताक्षरकर्ता का पूरा नाम और शैक्षणिक योग्यता शामिल होनी चाहिए। सरकारी अस्पताल या मानक प्रयोगशाला से जांच की अनुशंसा की जाती है, यदि संभव हो तो एनएबीएल को प्राथमिकता दी जाती है। प्रमाणन के समय रिपोर्ट उपलब्ध होनी चाहिए और उसी की एक प्रति रिकॉर्ड के लिए रखी जानी चाहिए।

मरीजों को ट्रांसफ्यूजन ट्रांसमिटेड इंफेक्शन) टीटीआई (के इलाज के लिए भेजा जाना चाहिए। यदि हेपेटाइटिस बी या सी उपचारित हो जाता है तो यह स्कोर विपरीत हो सकता है।

रोग की प्रगति को रोकने के लिए पाई गई सभी जटिलताओं के लिए उपचार अनुशंसा / अनुपालन इंगित किया गया है।

* प्रमुख जोड़ों का अर्थ टखने, घुटने, कूल्हे, कोहनी और कंधे के जोड़ों से है।

खंड ख: थैलेसीमिया मेजर/इंटरमीडिया

27.1. थैलेसीमिया मेजर/इंटरमीडिया के लिए दिव्यांगता मूल्यांकन और प्रमाणन दिशानिर्देश

"थैलेसीमिया "वंशानुगत विकारों का एक समूह है जो कम या अनुपस्थित हीमोग्लोबिन के कारण होता है। यह एक वंशानुगत हेमोलिटिक एनीमिया है जो हीमोग्लोबिन जीन में उत्परिवर्तन के परिणामस्वरूप होता है। बीटा-थैलेसीमिया मेजर रोगियों में बीटा-ग्लोबिन चेन का उत्पादन कम या बिल्कुल नहीं होता है, जिसके परिणामस्वरूप चिरकालिक जीवन-संकट देने वाला एनीमिया हो जाता है, जो कई अंगों को प्रभावित करता है और अधिक रुग्णता और मृत्यु दर से संबंधित है। थैलेसीमिया को जीनोटाइपिक रूप से गंभीरता के अनुसार थैलेसीमिया मेजर (टीएम), थैलेसीमिया इंटरमेडिया (टीआई) और थैलेसीमिया माइनर या ट्रेट / वाहक में विभाजित किया गया है। थैलेसीमिया मेजर (टीएम) और गंभीर थैलेसीमिया इंटरमीडिया (टीआई) रोग के प्रमुख भार का गठन करता है क्योंकि इन दोनों स्थितियों में नियमित उपचार और मोनिटरिंग की आवश्यकता होती है।

वर्तमान में, उनकी नैदानिक गंभीरता और ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता के आधार पर, इन थैलेसीमिया सिंड्रोम को फेनोटाइपिक रूप से दो मुख्य समूहों में वर्गीकृत किया जा सकता है; 1. ट्रांसफ्यूजन-डिपेंडेंट थैलेसीमिया (टीडीटी) और 2. नॉन-ट्रांसफ्यूजन डिपेंडेंट - थैलेसीमिया (एनटीडीटी)। टीडीटी वाले व्यक्तियों को जीवित रहने के लिए नियमित रक्त ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता होती है और पर्याप्त ट्रांसफ्यूजन के अभाव में, उन्हें कई जटिलताओं और एक अल्पट जीवन-काल का सामना करना पड़ेगा। इस श्रेणी में β थैलेसीमिया मेजर के मरीज और थैलेसीमिया इंटरमीडिया के कुछ मरीज शामिल हैं।

दिव्यांगता प्रमाणन के उद्देश्य के लिए, थैलेसीमिया मेजर और इंटरमीडिया के रोगी 40% की बेंचमार्क दिव्यांगता के लिए अर्हता प्राप्त करते हैं।

थैलेसीमिया माइनर या ट्रेट एक वाहक स्थिति है, ऐसे व्यक्तियों का जीवन सामान्य होता है। बीटा थैलेसीमिया ट्रेट या वाहक की तरह, कई व्यक्ति कई अन्य बीमारियों के लिए पुनरावर्ती आनुवंशिक उत्परिवर्तन (रिसेसिव जेनेटिक म्युटेशन) करते हैं लेकिन बीमारी को स्पष्ट रूप से प्रकट नहीं करते हैं, इसलिए वे दिव्यांगता जैसी स्थिति से पीड़ित नहीं होते हैं। जेनेटिक काउन्सलिंग विरासत में मिली पुनरावर्ती स्थितियों की घटनाओं को कम करने में सहायक है। अपने परिवार के इतिहास को जानना, और रोगी की उत्परिवर्तन स्थिति (म्युटेशन स्टेटस) के बारे में जागरूक होना थैलेसीमिया मेजर जैसे विरासत में मिले पुनरावर्ती दिव्यांगता वाले बच्चों के जन्म को रोकने में मदद कर सकता है। यदि परिवार के किसी सदस्य को थैलेसीमिया है, तो रिश्तेदारों की कैस्केड स्क्रीनिंग की सलाह दी जाती है। विवाह से पहले या कम से कम गर्भावस्था की योजना बनाने से पहले थैलेसीमिया वाहक की स्थिति के बारे में जागरूक होने को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। माता और पिता दोनों का प्रसवपूर्व जांच किया जाना चाहिए, यह थैलेसीमिया रोग स्थिति (टीएम और टीआई) की रोकथाम के लिए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य कदम है।

थैलेसीमिया मेजर और कुछ गंभीर थैलेसीमिया इंटरमीडिया रोगियों को एक सगे भाई-बहन से मेल खाने वाले अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण की अनुशंसा की जाती है जिसे हेमाटोपोइएटिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण या परिधीय रक्त प्रत्यारोपण भी कहा जाता है। इससे शरीर की रक्त बनाने वाली कोशिकाएं बदल जाती हैं और रोग ठीक हो जाता है। अब विभिन्न तरीकों से जीन थेरेपी और जीन एडिटिंग जैसे निदानात्मक उपचार भी कुछ देशों में अनुमोदित हैं और जल्द ही भारतीय रोगियों के लिए उपलब्ध हो सकते हैं। जब इनमें से किसी भी या भविष्य में आने वाले तरीकों से सफल उपचारात्मक थैरेपी की जाती है तो दिव्यांगता प्रमाणन और स्कोरिंग उस रोगी पर लागू नहीं होगी।

शायद ही कभी अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण की प्रक्रिया उपचारात्मक नहीं होती हो या रोगी अंग की निष्क्रियता और शेष दिव्यांगता के साथ गंभीर ग्राफ्ट बनाम होस्ट रोग से पीड़ित हो सकता है या रोगी ग्राफ्ट की असफलता के नुकसान से पीड़ित होता है जिसे अस्वीकृति रिजेक्शन भी कहा जाता है और रक्त ट्रांसफ्यूज़न की आवश्यकता जारी रहती है। तब कार्यात्मक दिव्यांगता स्कोरिंग उसी पैमाने का उपयोग करके की जाएगी जो प्रारंभिक बीमारी के समय किया गया था।

एक्स्ट्रामेडुलरी हेमटोपोइजिस, पैर के अल्सर और थ्रोम्बोफिलिया (रक्त के थक्के) को छोड़कर थैलेसीमिया इंटरमीडिया से जुड़ी कई नैदानिक जटिलताएं आमतौर पर थैलेसीमिया मेजर में नहीं देखी जाती हैं, । यह उनके जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है और समाज में उनकी पूर्ण और प्रभावी भागीदारी में बाधा डालता है।

थैलेसीमिया मेजर

27.2. "थैलेसीमिया" विकारों का सबसे गंभीर रूप बीटा थैलेसीमिया मेजर है। थैलेसीमिया मेजर एक वंशानुगत विकार है जो हीमोग्लोफबिन के प्रमुख घटक, बीटा ग्लोबिन के कम या शून्य उत्पादन की विशेषता है।

यह गंभीर एनीमिया की विशेषता है जिसमें मृत्यु को रोकने के लिए नियमित ट्रांसफ्यूज़न (रक्त आधान) की आवश्यकता होती है। ब्लड ट्रांसफ्यूज़न शैशवावस्था में शुरू होता है और 2-3 सप्ताह के अंतराल पर जीवन भर आवश्यक होता है। आयरन के गंभीर अधिभार / ट्रांसफ्यूज़न निर्भर थैलेसीमिया के परिणामस्वरूप गंभीर अंग निष्क्रियता होती है । इन व्यक्तियों को आजीवन सहायक देखभाल और चिकित्सा मॉनिटरिंग की आवश्यकता होती है। "थैलेसीमिया" विकारों का सबसे गंभीर रूप बीटा थैलेसीमिया मेजर है। थैलेसीमिया मेजर एक वंशानुगत विकार है जो हीमोग्लोबिन के प्रमुख घटक, बीटा ग्लोबिन के कम या शून्य उत्पादन की विशेषता है।

27.3. दिव्यांगता स्कोर 40%

27.4. प्रमाण पत्र का प्रकार

- ट्रांसफ्यूजन निर्भर थैलेसीमिया प्रमुख रोगियों को स्थायी वैधता के साथ प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।
- अंग की भागीदारी या दिव्यांगता के लिए अन्य अग्रणी मापदंडों पर अतिरिक्त स्कोर दिए गए हैं (तालिका 2 क देखें)।
- रोग प्रकृति में स्थायी और प्रगतिशील है।
- स्थायी दिव्यांगता के संबंध में, पीडब्ल्यूडी द्वारा अनुरोध किए जाने पर पुनर्मूल्यांकन पर पांच साल बाद विचार किया जाएगा यदि प्रगति नोट की जाती है (परिशिष्ट XXI)
- जीन थेरेपी/जीन एडिटिंग (जब भी लागू हो) के साथ सफल उपचार के बाद व्यक्ति अब दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए पात्र नहीं होगा।

27.5. थैलेसीमिया के मूल्यांकन का जांच आधार और उपचार की आवश्यकता के सहायक दस्तावेज।

<u>पुष्टिकरण जांच और प्रलेखन</u>: (दस्तावेज़ के अंत में जांच बिंदु देखें)

1) बच्चे के एचपीएलसी जांच (ट्रांसफ्यूजन पूर्व) या थैलेसीमिया वाहक की स्थिति दिखाने वाले माता-पिता के एचपीएलसी के साथ पूर्ण रक्त गणना (सीबीसी) या मोलिक्युलर म्युटेशन जांच रिपोर्ट यदि रोगी नियमित ट्रांसफ्यूजन पर है और कोई प्री ट्रांसफ्यूजन एचपीएलसी रिपोर्ट नहीं है और माता-पिता उपलब्ध नहीं हैं या यदि माता-पिता में से एक में साइलेंट म्युटेशन है।

2. उपचार केंद्र (सरकारी या गैर-सरकारी) से थैलेसीमिया मेजर के लिए नियमित रक्त ट्रांसफ्यूज़न का दस्तावेजीकरण और अन्य दवाओं के सहायक दस्तावेज जैसे, आयरन चीलेशन दवाएं, या रक्त रिपोर्ट सीरम फेरिटिन, एलएफटी, आदि।

थैलेसीमिया इंटरमीडिया/ नॉन ट्रांसफ्यूजन डिपेंडेंट थैलेसीमिया (बीटा थैलेसीमिया इंटरमीडिया) का विवरण: (रक्त विकार)

थैलेसीमिया इंटरमीडिया/एनटीडीटी

27.6. थैलेसीमिया इंटरमीडिया क्या है?

थैलेसीमिया सिंड्रोम, ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता रहित; मंद से मध्यम एनीमिया की विशेषता है; प्रमुख स्प्लेनोमेगाली और हड्डी की विकृति; एनीमिया की गंभीरता और ट्रांसफ्यूज़न की आवश्यकता के आधार पर आयरन के अधिभार का परिवर्तनीय स्तर।

नैदानिक गंभीरता लगभग लक्षणहीनता से लेकर थैलेसीमिया मेजर जैसे फेनोटाइप के समान हो सकती है।

27.7. दिव्यांगता 40%

27.8. प्रमाण पत्र का प्रकार

थैलेसीमिया इंटरमीडिया में बीटा-थैलेसीमिया फेनोटाइप का एक विस्तृत नैदानिक स्पेक्ट्रम शामिल है। कुछ थैलेसीमिया इंटरमीडिया रोगी जटिलताओं का विकास होने तक लगभग लक्षणहीन होते हैं, जबकि अन्य 2 साल की उम्र से रोगसूचक होते हैं। थैलेसीमिया इंटरमीडिया से जुड़ी कई नैदानिक जटिलताओं को आमतौर पर थैलेसीमिया मेजर में शायद ही कभी देखा गया है, जिसमें एक्स्ट्रामेडुलरी हेमटोपोइजिस, पैर के अल्सर और थ्रोम्बोफिलिया शामिल हैं। अंग भागीदारी के मामले में अतिरिक्त स्कोर दिए जाएंगे (आयरन के अधिभार से संबंधित जटिलताओं या अन्य बीमारी से संबंधित सीक्वेल के अतिरिक्त) (तालिका 2 (ग) देखें)।

रोग प्रकृति में प्रगतिशील हो सकता है और परिवार के सदस्यों या डॉक्टर द्वारा प्रगति देखे जाने पर 5 साल के बाद नियमित स्वास्थ्य जांच प्रमाणन की समीक्षा की आवश्यकता होती है।

रोगी या परिवार अथवा डॉक्टर की सलाह के अनुरोध पर व्यक्तियों का पुनर्मूल्यांकन किया जा सकता है या जब व्यक्ति सफल अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण या पोस्ट जीन थेरेपी या जीन एडिटिंग (जब भी उपलब्ध हो) के बाद दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए पात्र नहीं होगा। ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता को कम करने वाली नई दवाएं दिव्यांगता पर भी प्रभाव डालेंगी और कुछ रोगियों को रक्त ट्रांसफ्यूजन की कमी या कोई आवश्यकता नहीं हो सकती है।

27.9. थैलेसीमिया इंटरमीडिया के निदान का जांच आधार और उपचार की आवश्यकता के समर्थन में दस्तावेज

पुष्टिकरण जांच और दस्तावेजीकरण

1. रोगी के एचपीएलसी (ट्रांसफ्यूजन पूर्व या अंतिम ट्रांसफ्यूजन से 3 महीने के अंतराल के बाद) और माता-पिता के एचपीएलसी की आवश्यकता होती है। यदि कोई भी उपलब्ध नहीं है तो आणविक उत्परिवर्तन जांच (मोलिक्युलर म्युटेशन टेस्ट) की आवश्यकता होती है।

2. चिरकालिक एनीमिया, या रक्त ट्रांसफ्यूजन, और / या हाइड्रॉक्सीयूरिया या अन्य अनुमोदित उपचार के लिए नियमित स्वास्थ्य देखभाल यात्राओं के लिए दस्तावेजीकरण। दस्तावेजों में डे-केयर / थैलेसीमिया क्लिनिक / अस्पताल रिकॉर्ड / रोगी डायरी **और** किसी रक्त परीक्षण रिपोर्ट जैसे सीबीसी, सीरम, फेरिटिन, एलएफटी आदि से समर्थित दस्तावेज शामिल हैं ।

3. थ्रोम्बोसिस अथवा अन्य जटिलताओं से संबंधित दस्तावेज जो समर्थित दस्तावेज हैं किंतु आवश्यक नहीं है।

<table>
<tr><td colspan="11"><u>तालिका 2 थैलेसीमिया मेजर टीडीटी/थैलेसीमिया इंटरमीडिया एनटीडीटी (रक्त विकार) से पीड़ित रोगियों में अंग भागीदारी के लिए दिव्यांतगता स्कोर प्रपत्र</u></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="9">अंग सहभागिता (# परिशिष्ट XVII से XX में दिए अनुसार प्रलेखन या शारीरिक मूल्यांकन के आधार पर संबंधित अंग सहभागिता का चयन करें)</td><td>दिव्यांगता स्कोर (%)</td></tr>
<tr><td>1</td><td colspan="9">केवल एक का चयन करें जो लागू हो- (नैदानिक और प्रलेखन मानदंड 2 क) और 2 ख</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="9">नियमित 2-3 सप्ताह के रक्त ट्रांसफ्यूजन पर थैलेसीमिया इंटरमीडिया = 40% (थैलेसीमिया मेजर के अनुसार सहायक दस्तावेज की आवश्यकता है)</td><td rowspan="2"></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="9">नॉन ट्रांसफ्यूजन डिपेंडेंट थैलेसीमिया (एनटीडीटी)/थैलेसीमिया इंटरमीडिया = 30%</td></tr>
<tr><td rowspan="3">2</td><td colspan="9">ट्रांसफ्यूजन की आवृत्ति (डे-केयर / क्लिनिक / अस्पताल या रक्त बैंक के कम से कम 2 साल के दस्तावेजित रिकॉर्ड)</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">महीने में कम से कम एक बार / अनियमित रक्त चढ़ाना (ट्रांसफ्यूजन)</td><td colspan="2">महीने में एक बार</td><td colspan="2">महीने में दो बार</td><td></td><td>बाल रोगियों के लिए > 3 प्रति माह या 45 मिलीलीटर / किग्रा / माह</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">0</td><td colspan="2">3</td><td colspan="2">5</td><td></td><td>8</td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="3">3</td><td colspan="9">एंडोक्राइन डिसफंक्शन (जांच रिपोर्ट की आवश्यकता होती है)</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>डायबिटीज मेलीटस</td><td>थायराइड विकृति</td><td>पैराथाइरॉइड विकृति</td><td>विकास की असामान्यता</td><td></td><td>गोनाडल विकृति</td><td>ओस्टियोपोरोसिस</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>2</td><td>2</td><td>2</td><td>2</td><td></td><td>2</td><td>3</td><td></td></tr>
<tr><td>4</td><td colspan="9">ट्रांसफ्यूजन से जुड़े संक्रमण # (एचआईवी / एचबीएसएजी / एचबीवी डीएनए / एचसीवी आरएनए)
(एचआईवी, हेप बी संक्रमण या हेप सी संक्रमण के अस्पताल संबंधी दस्तावेज। टीटीआई वाले सभी रोगियों में उपचार की अनुशंसा की जानी चाहिए।)।</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="2">एचआईवी संक्रमण (उपचार पर या नहीं)</td><td colspan="2">एचबीवी संक्रमण (उपचार पर)</td><td colspan="2">एचसीवी संक्रमण (उपचार पर)</td><td></td><td colspan="2" rowspan="3"></td></tr>
<tr><td></td><td>हाँ</td><td>नहीं</td><td>हाँ</td><td>नहीं</td><td>हाँ</td><td>नहीं</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>5</td><td>0</td><td>5</td><td>0</td><td>5</td><td>0</td><td></td></tr>
<tr><td>5</td><td colspan="9">* कार्डियोपल्मोनरी विकृति और/ या अत्यधिक थकान (एनटीडीटी में ट्रांसफ्यूजन पर निर्भर रोगियों में हीमोग्लोबिन 9 ग्राम / डीएल से ऊपर या स्थिर अवस्था (3 महीने के अन्दर हीमोग्लोबिन के 2 माप) -
परिशिष्ट XVII</td><td></td></tr>
</table>

तालिका 2 थैलेसीमिया मेजर टीडीटी/थैलेसीमिया इंटरमीडिया एनटीडीटी (रक्त विकार) से पीड़ित रोगियों में अंग भागीदारी के लिए दिव्यांतगता स्कोर प्रपत्र

	एनवाईएचए क्लास	**लक्षणहीनता**		**एनवाईएचए क्लास 1**		**एनवाईएचए क्लास 2**		**एनवाईएचए क्लास3**		**एनवाईएचए क्लास 4**		
	स्कोर	**0**		**0**		**3**		**5**		**8**		
6	**हेपेटोबाइलरी (ग्रेडिंग के लिए परिशिष्ट XVIII देखें)**											
	सीटीपी < 5 अंक	सीटीपी क्लास ए (5-6 अंक)		सीटीपी क्लास बी (7-9 अंक)		सीटीपी क्लास सी (10-15 अंक)						
	0	हाँ	नहीं	हाँ	नहीं	हाँ	नहीं					
		3	0	5	0	8	0					
7.	**किडनी (ग्रेडिंग के लिए परिशिष्टप XIX देखें)**											
	ई-जीएफआर > 90	ई-जीएफआर > 90-45		ई-जीएफआर > 45-15		ई-जीएफआर 15 से कम						
	0	3		5		8						
8		**दर्द**										
	पीडीक्यू स्कोर (परिशिष्ट –XX)	बिल्कुल नहीं या कम दर्द पीडीक्यू स्कोर (0-10)		हल्का दर्द पीडीक्यू स्कोर (11-70)		मध्यम पीडीक्यू स्कोर (71-100)		गंभीर पीडीक्यू स्कोर (101-130)		अत्यधिक पीडीक्यू स्कोर (131-150)		
		हाँ	नहीं	हाँ	नहीं	हाँ	नहीं	हाँ	नहीं	हाँ	नहीं	
		0	0	2	0	3	0	5	0	8	0	
	कुल स्कोर 1 से 8 =											
	यदि अन्य दिव्यांगता के लिए मानदंड पूरे होते हैं तो अन्य दिव्यांगता दिशानिर्देशों के अनुसार मूल्यांकन किया जाना चाहिए और रोगी का बहु-दिव्यांगता बोर्ड द्वारा मूल्यांकन किया जाना चाहिए (खंड VIII देखें) मात्र स्कोर न जोड़ें।											
9	**तंत्रिकीय (न्यूरोलाजिकल)**											
		न्यूरोलॉजिकल दिव्यांगता दिशानिर्देश के अनुसार स्कोर या लागू नहीं = 0										बहु-दिव्यांगता बोर्ड
10	**लोकोमोटर (गतिविषयक)**											
		लोकोमोटर दिव्यांगता दिशानिर्देश के अनुसार स्कोर या लागू नहीं =0										बहु-दिव्यांगता बोर्ड
11	**अन्य दिव्यांगता -** दृष्टि बाधिता, श्रवण दिव्यांगता, विकास में विफलता											
		दिव्यांगता दिशानिर्देश के अनुसार स्कोर या लागू नहीं = 0										एकाधिक दिव्यांगता बोर्ड (बिंदु 25.6(vii) में दिए गए सूत्र का उपयोग करें)
	कुल अंतिम स्कोर											

(अंग भागीदारी के लिए मानदंड (किसी भी एकल अंग / शारीरिक तंत्र की भागीदारी के लिए अधिकतम अतिरिक्त स्कोर 8 होगा) ।

दिव्यांगता के प्रतिशत की गणना करने के लिए अंग भागीदारी के लिए संचयी स्कोर को 40 प्रतिशत के बेसलाइन में प्रतिशत के रूप में जोड़ा जाना चाहिए।

*कार्डियक फ़ंक्शन (हृदय के कार्य) का मूल्यांकन तब किया जाना चाहिए जब रोगी हेमोडायनामिक रूप से स्थिर हो और तीव्र (अक्यूट) एनीमिया के कारण विकृति न हो ।

टीटीआई या अन्य जटिलताओं वाले सभी रोगियों को उचित उपचार के लिए भेजा जाना चाहिए। हेपेटाइटिस बी और सी थेरेपी उपलब्ध है और सकारात्मक नतीजे वाले (रोगी) व्यक्तियों को चिकित्सा के लिए सरकारी केंद्रों में भेजा जाना चाहिए, चिकित्सा के लिए सहायता उपलब्ध है, ये इलाज होने योग्य स्थितियां हैं, शीघ्र उपचार आगे रोग की प्रगति और जटिलताओं को रोक सकता है।

यदि न्यूरोलॉजिक, दृष्टि, श्रवण, छोटा कद - हमें बहु दिव्यांयगता गणना के लिए खंड VIII में प्रदान की गई गणना के सूत्र का उपयोग करने की आवश्यकता है। रोगी की बहु-दिव्यां गता बोर्ड में समीक्षा की आवश्यकता होती है।

पीएस: प्रमुख जांचें (टी2* एमआरआई, डेक्सा स्कैन, 2 डी-इको,) वैकल्पिक हैं, लेकिन यदि की जाती हैं तो इलाज में सहायक हो सकती है। यदि ये जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है तो प्रमाणन की वैधता के लिए पिछले 2 वर्षों में की जानी चाहिए। हृदय, फेफड़ों संबंधी, यकृत या अन्य जटिलताओं वाले रोगियों को उचित चिकित्सकीय हस्तक्षेप के लिए भेजा जाना चाहिए। मानक चिकित्सा उपचार के साथ स्कोरिंग की जानी चाहिए, चिकित्सा देखभाल प्राप्त नहीं करने वाले रोगियों को जहां भी संभव हो प्रमाणन से पहले चिकित्सा उपचार लेने की सलाह दी जानी चाहिए।

यदि निम्नलिखित अंग / प्रणाली के लिए स्कोरिंग दी जा रही है तो एक बहु दिव्यांगता बोर्ड की आवश्यकता होगी

i. दृष्टि दिव्यांगता
ii. श्रवण दिव्यांगता
iii. विकास में विफलता
iv. गतिविषयक दिव्यांगता
v. न्यूरोलॉजिकल सहभागिता

खंड ग:

28. सिकल कोशिका रोग (एससीडी) सिंड्रोम के लिए दिव्यांगता मूल्यांकन और प्रमाणन के लिये दिशानिर्देश

सिकल कोशिका एनीमिया एक बहुतंत्रीय विकार है जो एकल जीन उत्परिवर्तन (सिंगल जीन म्युटेशन) के कारण होता है। शरीर का लगभग हर अंग प्रभावित हो सकता है। एचबीएस द्वारा क्षतिग्रस्त असामान्य एरिथ्रोसाइट्स की उपस्थिति की विशेषता, सामान्य वयस्क हीमोग्लोबिन (एचबीए) का यह वैरिएंट या तो माता-पिता दोनों से अनुवांशिकता में मिलता है एचबीएस जीन के लिए होमोजीगोसिटी एचबीएसएस), जिसे कभी-कभी होमोजीगस

सिकल कोशिका रोग भी कहा जाता है। कुछ रोगियों में इसके लक्षण हो सकते हैं, भले ही उन्हें माता या पिता में से किसी एक से एचबीएस और दूसरे से हीमोग्लोबिन वैरिएंट की सह-वंशानुक्रमता (को- इनहेरिटेंस) हो, जैसे कि β-थैलेसीमिया या हीमोग्लोबिन डी (एचबीडी) जो शायद ही कभी भारत में माता या पिता में से किसी एक से मिला हो। (इन विकारों को यौगिक हेटरोजाइगोट स्थिति कहा जाता है, उदाहरण के लिए सिकल-बीटा थैलेसीमिया एचबीएस)। इन तीनों को सिकल कोशिका रोग सिंड्रोम के रूप में जाना जाता है क्योंकि इन रोगों में रोगी उच्च लक्षणों और जटिलताओं से पीड़ित होते हैं।

जो लोग एक सिकल सेल जीन और एक सामान्य जीन वंशानुक्रम में पाते हैं, उनमें सिकल सेल ट्रेट (एससीटी) होता है और उन्हें सिकल सेल कैरियर कहा जाता है। एससीटी वाले लोगों में आमतौर पर सिकल सेल रोग (एससीडी) के कोई भी लक्षण नहीं होते हैं, लेकिन वे अपने बच्चों में ये लक्षण आगे बढ़ा सकते हैं। वर्तमान दिशानिर्देश में सिकल सेल ट्रेट को 5% का स्कोर मिलेगा।

यद्यपि प्रारंभिक निदान, पेनिसिलिन प्रोफिलैक्सिस, रक्त चढ़ाना (ट्रांसफ्यूज़न), ट्रांसक्रैनियल डॉपलर इमेजिंग, हाइड्रॉक्सीयूरिया और हेमेटोपोइएटिक स्टेम-सेल प्रत्यारोपण प्रभावशाली तरीके से सिकल कोशिका रोग वाले रोगियों के लिए जीवित रहने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकते हैं, फिर भी उन्हें आजीवन देखभाल और सहायता की आवश्यकता होती है।

दिव्यांगता प्रमाणन के उद्देश्य के लिए, सिकल कोशिका एनीमिया / होमोजीगस सिकल कोशिका रोग (एचबीएसएस) वाले रोगी 40% की बेंचमार्क दिव्यांगता के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे।

इसके अलावा, जो रोगी सिकल-बीटा थैलेसीमिया और एचबीडी (एचबीएस, एचबीएसडी और एचबीएससी) के साथ सिकल रोग से पीड़ित हैं, वे 40% की बेंचमार्क दिव्यांगता के लिए अर्हता प्राप्त करेंगे, क्योंकि इन रोगियों ने नैदानिक रूप से गंभीर फेनोटाइप का दस्तावेजीकरण किया है।

सिकल सेल ट्रेट वाले व्यक्ति एक वाहक स्थिति में होते हैं, ऐसे व्यक्तियों का सामान्य जीवन होता है, कई व्यक्ति बहुत सी अन्य बीमारियों के लिए पुनरावर्ती आनुवंशिक उत्परिवर्तन (रीसेस्सिव जेनेटिक म्युटेशन) करते हैं लेकिन बीमारी को प्रकट नहीं करते हैं इसलिए वे दिव्यांगता से पीड़ित नहीं होते हैं। परिवार के इतिहास को जानना, और रोगी की म्युटेशन स्टेटस के बारे में जागरूक होने से सिकल कोशिका एनीमिया और सिकल सेल यौगिक हेटरोजाइगोट जैसे सिकल बीटा थैलेसीमिया और सिकल एचबीडी रोग जैसे अनुवांशिकता में मिले पुनरावर्ती विकारों वाले बच्चों के जन्म को रोकने में मदद मिल सकती है। सिकल सेल कैरियर की स्थिति के जांच और इसके प्रति जागरूक होने को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और माता और पिता दोनों का प्रसवपूर्व जांच (एंटी-नेटल टेस्टिंग) किया जाना चाहिए।

गंभीर बीमारी और जटिलताओं वाले उन सिकल कोशिका रोगियों के लिए, जो उचित अनुपालन और पर्याप्त डॉज़ के साथ भी उपलब्ध मानक चिकित्सा द्वारा भी ठीक नहीं होते हैं, अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण, जिसे हेमटोपोइएटिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण) एचएससीटी (भी कहा जाता है, मानक दिशानिर्देशों के अनुसार अनुशंसित किया जा सकता है। यह प्रक्रिया प्रत्यारोपण में अनुभव रखने वाले केंद्रों में की जानी चाहिए। दुर्लभ मामलों में, पोस्ट बोन मैरो ट्रांसप्लांट उपचारात्मक नहीं होता है और रोगी अंग की निष्क्रियता और रेसिड्यूल (शेष) दिव्यांगता के साथ ग्राफ्ट वरसेज़ होस्ट रोग से पीड़ित हो सकता है या रोगी ग्राफ्ट के नुकसान से पीड़ित होता है और विकट गंभीरता या रक्त ट्रांसफ्यूज़न की स्थिति को रोकने के लिए दवाओं की आवश्यकता होती है। तब कार्यात्मक दिव्यांगता स्कोरिंग सिकल कोशिका रोग के

समान उसी पैमाने का उपयोग करके की जाएगी।

भविष्य में जीन थेरेपी, जीन एडिटिंग और वैकल्पिक डोनर हेमटोपोइएटिक स्टेम कोशिका प्रत्यारोपण के साथ-साथ प्रभावी उपचार और नयी दवाओं से रोगी के ठीक होने की पूरी संभावना है। एक बार ये उपलब्ध हो जाने और उपयोग होने के बाद, जो लोग अपनी बीमारी या दिव्यांगता से ठीक हो जाएगें, वे दिव्यांगता प्रमाण पत्र के हकदार नहीं होंगे।

सिकल कोशिका रोग (रक्त विकार) दिव्यांगता संबंधी जानकारी का अवलोकन।

28.1. दिव्यांगता के प्रकार

सिकल कोशिका रोग सिंड्रोम

(होमोजीगस सिकल कोशिका रोग, सिकल बीटा थैलेसीमिया और एचबीडी रोग के साथ सिकल)

28.2 सिकल सेल रोग क्या है?

"सिकल सेल "एक हेमोलिटिक विकार है जिसमें चिरकालिक एनीमिया, दर्दनाक स्थिति और संबंधित ऊतक और अंग क्षति के कारण विभिन्न जटिलताएं होती हैं; "हेमोलिटिक "लाल रक्त कोशिकाओं की कोशिका झिल्ली की क्षति को दर्शाता है जिसके परिणामस्वरूप हीमोग्लोबिन स्त्रावित होता है।

28.3 सिकल कोशिका रोग एक प्रकार से हीमोग्लोबिन विकार के कारण होता है। असामान्य हीमोग्लोबिन के परिणामस्वरूप हेमोलिसिस, लाल रक्त कोशिकाओं को क्षति होती है जो दर्द का कारण बनता है, और अंग की विकृति और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। जटिलताओं और अंग विकृति के कारण इन रोगियों के जीवन की निम्न गुणवत्ता होती है।

रोगियों को यह विकार अनुवांशिकता में मिलता है जो एक ऑटोसोमल रिसेसिव बीमारी है। इन रोगियों के माता-पिता बीमार के वाहक या ट्रेट हो सकते हैं, कुछ भाई-बहन भी वाहक हो सकते हैं और उन्हें किसी भी उपचार की आवश्यकता नहीं होती है।

कुछ रोगियों को रक्त ट्रांसफ्यूज़न सहायता की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन यह केवल कुछ ही रोगियों में आवश्यक होता है। भले ही रक्त ट्रांसफ्यूज़न की आवश्यकता ना पड़े तब भी रोगियों को वासो-ऑक्लुसिव संकट का सामना करना पड़ सकता है।

28.4. दिव्यांगता स्कोर 40%

28.5. प्रमाण पत्र का प्रकार

- सिकल कोशिका रोग से ग्रस्त सभी रोगियों को स्थायी वैधता वाला एक प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।
- रोग प्रकृति में स्थायी और प्रगतिशील है।
- स्थायी दिव्यांगता के संबंध में, पीडब्ल्यूडी द्वारा अनुरोध किए जाने पर तो यदि प्रगति नोट की जाती है पुनर्मूल्यांकन पर पांच साल बाद विचार किया जाएगा (परिशिष्टर XXI)
- जीन थेरेपी/जीन एडिटिंग (जब भी लागू हो) के साथ सफल उपचार के बाद व्यक्ति दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए पात्र नहीं होगा।

28.6. सिकल कोशिका रोग सिंड्रोम_(एससीडी) के निदान का जांच आधार और उपचार की आवश्यकता के दस्तावेज ।

पुष्टिकरण जांच और दस्तावेजीकरण :

1. रोगी की एचपीएलसी जांच (पिछले 3 महीनों में ट्रांसफ्यूज़न नहीं) या माता-पिता दोनों की एचपीएलसी में वाहक स्थिति और रोगी में लक्षण दिखते हैं।

2. जटिलताओं के लिए अस्पताल में भर्ती और जटिलताओं के लिए उपचार का दस्तावेजीकरण ।

या हाइड्रॉक्सीयूरिया या अन्य अनुमोदित उपचार आदि के साथ नियमित उपचार का दस्तावेजीकरण या सिकल कोशिका उपचार केंद्र / डे-केयर / अस्पताल (सरकारी या गैर-सरकारी) से रक्त आधान (ट्रांसफ्यूज़न) या वासो-ऑक्लुसिव संकट (वीओसी) जैसी जटिलताओं के उपचार का दस्तावेजीकरण ।

(यदि रोगी या यहां तक कि माता-पिता की एचपीएलसी उपलब्ध नहीं है - तो सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त दस्तावेज जैसे हीमोग्लोबिन इलेक्ट्रोफोरेसिस या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त पॉइंट ऑफ़ केयर टेस्ट और सिकल कोशिका रोग के लिए चिकित्सा रिपोर्ट या उपचार के रिकॉर्ड **और / या सिकल** कोशिका रोग जटिलताओं के भौतिक साक्ष्य या वर्तमान एससीडी से संबंधित जटिलताओं की जांच रिपोर्ट की उपलब्धकता)

<u>सिकल कोशिका रोग सिंड्रोम का संक्षिप्त विवरण</u>

28.7. यौगिक सिकल कोशिका रोग क्या है?

हीमोग्लोबिनोपैथी जिसमें सिकल म्यूटेशन एक अन्य ग्लोबिन जीन म्युटेशन (अल्फा ग्लोबिन, बीटा ग्लोबिन, या गामा ग्लोबिन को प्रभावित करता है) के साथ संयोजन में अनुवांशिकता में मिला है। होमोजीगस सिकल म्यूटेशन (एचबीएसएस) की तुलना में इन सिंड्रोमों में अलग-अलग नैदानिक गंभीरता हो सकती है।

28.8. दिव्यांगता स्कोर

यौगिक हेटेरोज़िगस सिकल कोशिका रोग जिसमें एक गंभीर फेनोटाइप होता है -HbS बीटा और HbSD या HbSC **40 %** अन्य यौगिक हेटेरोज़िगस सिकल कोशिका रोग **30 %**

28.9. प्रमाण पत्र का प्रकार

- स्थायी वैधता के साथ एक प्रमाण पत्र उन सभी को जारी किया जाएगा जो यौगिक (कम्पाउंड) से पीड़ित हैं
- HbSβ और HbSD हेटरोजाइगोट स्थितियां, भारत में शायद ही कभी देखी गई हैं।
- रोग प्रगतिशील हो सकता है और नियमित स्वास्थ्य जांच की आवश्यकता होती है।
- स्थायी दिव्यांगता के संबंध में, पीडब्ल्यूडी द्वारा अनुरोध किए जाने पर तो यदि प्रगति नोट की जाती है पुनर्मूल्यांकन पर पांच साल बाद विचार किया जाएगा (परिशिष्ट XXI)
- जीन थेरेपी/जीन एडिटिंग (जब भी लागू हो) के साथ सफल उपचार के बाद व्यक्ति दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए पात्र नहीं होगा।
- सफल बोन मैरो ट्रांसप्लैं ट या जीन थेरेपी/जीन एडिटिंग (जब भी लागू हो) के बाद व्यक्ति दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए पात्र नहीं होगा।

28.10. सिकल कोशिका रोग सिंड्रोम_(एससीडी) के निदान के आधार पर जांच और जटिलताओं की उपस्थिति या उपचार की आवश्यकता के समर्थन में दस्तावेजीकरण करना।

पुष्टिकरण जांच और दस्तावेजीकरण :

1. रोगी का एचपीएलसी जांच (प्री-ट्रांसफ्यूजन या पिछले 3 महीनों में ट्रांसफ्यूज नहीं किया गया)। यदि नियमित ट्रांसफ्यूज़न समर्थित हैं और कोई एचपीएलसी जांच उपलब्ध नहीं है, तो रोगी का उत्परिवर्तन (म्युटेशन) जांच या माता-पिता दोनों के एचपीएलसी में हीमोग्लोबिनोपैथी या वेरिएंट हीमोग्लोबिन दिखाई देता है। यदि दोनों में से कोई उपलब्ध नहीं है या संभव नहीं है तो उत्परिवर्तन जांच की आवश्यकता होगी।

2. गंभीर स्थितियों के लिये उपचार का दस्तावेजीकरण, और जटिलताओं के लिए अस्पताल में भर्ती।

या हाइड्रॉक्सीयूरिया या अन्य उपचार आदि के साथ नियमित उपचार के साथ चिरकालिक एनीमिया या वीओसी का प्रलेखन।

या सिकल कोशिका उपचार केंद्र/ डे-केयर / अस्पताल (सरकारी या गैर-सरकारी) से रक्त ट्रांसफ्यूज़न का रिकॉर्ड।

या सिकल कोशिका रोग से संबंधित जटिलताओं का भौतिक प्रलेखन और जांच रिपोर्ट।

रोगियों को बचपन के दौरान हाइड्रॉक्सीयूरिया, फोलिक एसिड, टीकाकरण और पेनिसिलिन प्रोफिलैक्सिस की आवश्यकता होती है। अच्छी चिकित्सा देखभाल और मोनिटरिंग दर्द की आवृत्ति को कम करती है, और जटिलताओं को कम कर सकती है या जटिलताओं की गति को धीमा कर सकती है। कुछ रोगियों को अक्सर या यहां तक कि नियमित ब्लड ट्रांसफ्यूज़न की आवश्यकता हो सकती है। हेमटोपोइएटिक स्टेम सेल प्रत्यारोपण (एचएससीटी) जिसे अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण भी कहा जाता है, उपचारात्मक है, लेकिन किसी अंग को बिना क्षति पहुंचाए, छोटे बच्चों के लिए यह सबसे उपयुक्तर है, लेकिन एचएससीटी से जुड़े जोखिमों की उपस्थिति सही ठहराते हैं।

एचएससीटी के लिए उपयोग की जाने वाली कंडीशनिंग दवाओं की जटिलताओं से प्री-ट्रांसप्लांट अवधि में संक्रमण होता है। प्रत्यारोपण की अन्य जटिलताओं में ग्राफ्ट वर्सेज होस्ट रोग, यकृत की वेनो-ऑक्लुसिव बीमारी, और त्वचा तथा प्रतिरोधकता से जुड़ी समस्याएं हैं। शायद ही कभी सेकेंडरी कैंसर विकसित हो सकते हैं। रोग के कारण होने वाली अंग क्षति आमतौर पर एचएससीटी द्वारा बदली नहीं जा सकती है। वास्तविक परिणामों के लिए पर्याप्त परामर्श की आवश्यकता है।

तालिका 3 सिकल कोशिका रोग (रक्त विकार) से पीड़ित रोगियों के लिए दिव्यांगता स्कोर प्रपत्र			
	लागू होने वाले किसी एक का चयन करें - (दस्तावेजीकरण तालिका 3 क) और 3 ख देखें)		दिव्यांगता स्कोर (%)
1	होमोजीगस सिकल कोशिका रोग (एससीडी)/सिकल कोशिका एनीमिया/एचबीएसएस = **40%**		
	यौगिक सिकल कोशिका सिंड्रोम	एचबी सिकल बीटा-थैलेसीमिया या एचबी कोशिका डी के कोशिका रोग सिंड्रोम = **40%**	

<table>
<tr><td></td><td colspan="5"></td><td>अन्य यौगिक हेटरोजाइगोट सिकल कोशिका सिंड्रोम = 30%</td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="3">2</td><td colspan="7">दर्द (चिरकालिक दर्द में पीठ दर्द, प्रिऐपिज्म, एवैस्कुलर नेक्रोसिस (एवीएन), या किसी अन्य कोशिका रोग से जुड़े दर्द शामिल हैं)</td><td></td></tr>
<tr><td>पीडीक्यू स्कोर (परिशिष्ट-XX)</td><td>कोई नहीं या न्यूनतम दर्द पीडीक्यू स्कोर (0-10)</td><td>मंद दर्द पीडीक्यू स्कोर (11-70)</td><td>मध्यम पीडीक्यू स्कोर (71-100)</td><td>तीव्र पीडीक्यू स्कोर (101-130)</td><td>गंभीर पीडीक्यू स्कोर (131-150)</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>0</td><td>2</td><td>3</td><td>5</td><td>8</td><td></td></tr>
</table>

3.	रक्त ट्रांसफ्यूज़न की आवश्यकता (डे-केयर / क्लिनिक / अस्पताल / रक्त बैंक रिकॉर्ड कम से कम 2 साल के दस्तावेज और 6 महीने से अधिक अंतराल की सीबीसी रिपोर्ट)						
		प्रति वर्ष 3 दिनों से अधिक ट्रांसफ्यूज़न		या एलोइम्यूनाइजेशन			
		5		5			
4	**एंडोक्राईन विकार**						
		मधुमेह विकार	**थायराइड विकार**	**पैराथाइरॉइड विकार**	**विकास असामान्यता**	**गोनाडल विकार**	**ओस टियोपोरेसिस**
		2	2	2	2	2	3
5	ट्रांसफ्यूजन से जुड़े संक्रमण # (एचआईवी / एचबीएसएजी / एचबीवी डीएनए / एचसीवी आरएनए) (एचआईवी, हेप बी संक्रमण या हेप सी संक्रमण या अस्पताल के उपचार दस्तावेज) टीटीआई के निदान वाले सभी रोगियों को उपचार के लिए भेजा जाना चाहिए।						
		एचआईवी संक्रमण	**एचबीवी संक्रमण (चिकित्सा पर)**	**एचसीवी संक्रमण (चिकित्सा पर)**			
		5	5	5			
6.	कार्डियोपल्मोनरी विकार और / या थकान (हीमोग्लोबिन की जांच स्थिर स्थिति में है) - कार्डियक फेलियर, कार्डियक हेमोसिडरोसिस, पलमोनरी आर्टेरियल हाइपरटेंशन, चिरकालिक फेफड़ों की बीमारी के लिए जांच करें (ग्रेड करने के लिए **परिशिष्ट XVII** देखें)						
	एनवाईएचए श्रेणी	**लक्षण हीन**	**एनवाईएचए श्रेणी 1**	**एनवाईएचए श्रेणी 2**	**एनवाईएचए श्रेणी 3**	**एनवाईएचए श्रेणी 4**	
	स्कोर	**0**	**0**	**3**	**5**	**8**	

<table>
<tr><td rowspan="3">7.</td><td colspan="4">हेपेटो-बाईलियरी संबंधी विकार (ग्रेड करने के तरीके के लिए परिशिष्टस XVIII देखें)।</td><td></td></tr>
<tr><td>सीटीपी < 5 अंक</td><td>सीटीपी क्लास ए (5-6 अंक)</td><td>सीटीपी क्लास बी (7-9 अंक)</td><td>सीटीपी क्लास सी (10-15 अंक)</td><td></td></tr>
<tr><td>0</td><td>3</td><td>5</td><td>8</td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="3">8.</td><td colspan="4">गुर्दे के विकार (ग्रेड करने के तरीके के लिए परिशिष्ट XIX देखें)</td><td></td></tr>
<tr><td>ईजीएफआर > 90</td><td>ईजीएफआर 90-45</td><td>ईजीएफआर 45-15</td><td>ईजीएफआर से कम 15</td><td></td></tr>
<tr><td>0</td><td>3</td><td>5</td><td>8</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td colspan="4">कुल स्कोर 1-9
यदि बहु दिव्यांगता (भाग VIII देखें) केवल स्कोर नहीं जोड़ती है, तो गणना के लिए परिशिष्ट में दिए गए सूत्र का उपयोग करें, यदि कई दिव्यांगता मानदंड पूरे होते हैं तो अधिकतम स्कोर के साथ दो दिव्यांगताओं का उपयोग किया जाता है। पूर्ण मूल्यांकन के लिए रोगी को बहु दिव्यांगगता बोर्ड में भेजें।</td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="2">9.</td><td colspan="4">तंत्रिका तंत्र की जटिलता
भौतिक मूल्यांकन (स्ट्रोक, न्यूरोकॉग्निटिव दिव्यांगता) (सीटी / एमआरआई के साथ इमेजिंग - यदि उपलब्ध हो तो सहायक)
या संज्ञानात्मक दिव्यांगता / एमआर स्कोरिंग हाल ही में राजपत्र अद्यतन दिशानिर्देशों के अनुसार।</td><td rowspan="2">बहु दिव्यांगता बोर्ड</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">न्यूरोलॉजिकल दिव्यांगता दिशानिर्देश के अनुसार स्कोर
या
लागू नहीं = 0</td></tr>
<tr><td rowspan="2">10.</td><td colspan="4">लोकोमोटर (एवीएन, पक्षाघात, ऑस्टियोमाइलाइटिस आदि)</td><td rowspan="2">बहु दिव्यांगता बोर्ड</td></tr>
<tr><td></td><td colspan="3">बहु दिव्यांगता बोर्ड
या
लागू नहीं = 0</td></tr>
</table>

11.	नेत्र रोग संबंधी जटिलता		बहु दिव्यांगता बोर्ड
	निम्न दृष्टि	दृष्टि दिव्यांगता मूल्यांकन के अनुसार या लागू नहीं = 0	
	कुल अंतिम स्कोर		

*कार्डियक फ़ंक्शन का मूल्यांकन तब किया जाना चाहिए जब रोगी हेमोडायनेमिक रूप से स्थिर हो और अत्यधिक एनीमिया के कारण निष्क्रियता न हो ।

अंग भागीदारी के लिए मानदंड (किसी भी एकल अंग / तंत्रिका भागीदारी के लिए अधिकतम अतिरिक्त स्कोर 8 होगा)

 # टीटीआई या अन्य जटिलताओं वाले सभी रोगियों को उचित उपचार के लिए भेजा जाना चाहिए। हेपेटाइटिस बी और सी थेरेपी उपलब्ध है और सकारात्मक जांच वाले व्यक्तियों को उपचारात्मक चिकित्सा के लिए सरकारी केंद्रों में भेजा जाना चाहिए, चिकित्सा सहायता उपलब्ध है।

यदि न्यूरोलॉजिक, दृष्टि, श्रवण, छोटा कद - हमें बहु दिव्यांगता गणना के लिए अनुलग्नक में प्रदान की गई गणना के लिए सूत्र का उपयोग करने की आवश्यकता है। रोगी को बहु-दिव्यांगता बोर्ड में समीक्षा की आवश्यकता होती है। यदि बहु दिव्यांगताएं मौजूद हैं- तो कुल दिए गए सूत्र के अनुसार है।

29.1. मल्टीस्पेशलिटी बोर्ड की आवश्यकता यदि निम्नलिखित अंग / तंत्र भागीदारी का आकलन किया जाता है

1. दृष्टि दिव्यांगता
2. विकासहीनता
3. लोकोमोटर दिव्यांगता
4. न्यूरोलॉजिकल सहभागिता संज्ञानात्मक दिव्यांगता
5. श्रवण दिव्यांगता

29.2. चिकित्सा प्राधिकरण *:

रक्त विकार के कारण दिव्यांगता के प्रमाणीकरण और मूल्यांकन के लिए प्रमाणन प्राधिकारी (सरकार या अन्य से) में निम्नलिखित शामिल होंगे: -

(क) अध्यक्ष - मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी या अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी या चिकित्सा अधीक्षक।

(ख) सदस्य-

i. उपचार करने वाले हेमेटोलॉजिस्ट (वयस्क या बाल) या सामान्य चिकित्सा या बाल रोग विशेषज्ञ या सामान्य चिकित्सक या जैसा भी मामला हो और विशेषज्ञों की उपलब्धता के अधीन ।

ii. पीएमआर विशेषज्ञ या आर्थोपेडिक सर्जन, यदि आवश्यक हो।

iii. अन्य विशेषज्ञ: दृष्टि दिव्यांगता, श्रवण दिव्यांगता, सेरेब्रल डिसफंक्शन आदि से संबंधित सीक्वल के मामले में। किसी भी विशेषज्ञ की उपलब्धता की सीमा के मामले में, जो भी अतिरिक्त विशेषज्ञ उपलब्ध हैं, उन्हें शामिल किया जा सकता है।

iv. प्रमुख अंगों की क्षति (यदि संदेह या मूल्यांकन में कठिनाई) केवल तभी आवश्यक, जब अध्यक्ष के विवेकानुसार अतिरिक्त विशेषज्ञ को शामिल किया जा सकता है। लेकिन रोगी को होने वाली असुविधा या अनुचित देरी से बचा जाना चाहिए।

नोट* - विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण दिव्यांगता मूल्यांकन में भारी विलंब को ध्यान में रखते हुए, दिव्यांगता के मूल्यांकन के लिए दिव्यांगता मूल्यांकन बोर्ड का अध्यक्ष (जिसे अनिवार्य रूप से सरकारी डॉक्टर होना चाहिए जैसे कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी या सिविल सर्जन या यथानिर्दिष्ट), यदि आवश्येक हो, तो बोर्ड के सदस्य के रूप में निजी मेडिकल प्रैक्टीशनर (संबंधित चिकित्सा क्षेत्र में विधिवत योग्य) को शामिल कर सकता है।

40% की बेंचमार्क दिव्यांगता उन रोगियों को प्रदान की जाती है जो गंभीर हीमोफिलिया, थैलेसीमिया मेजर या इंटरमीडिया, ट्रांसफ्यूजन-निर्भर थैलेसीमिया इंटरमीडिया, होमोजीगस सिकल कोशिका रोग, और यौगिक विषम सिकल कोशिका सिंड्रोम (सिकल-बीटा थैलेसीमिया और सिकल-एचबीडी) के गंभीर रूपों के नैदानिक मानदंडों को पूरा करते हैं। स्थायी दिव्यांगताओं के संबंध में, यदि पीडब्ल्यूडी अनुरोध करता है तो पुनर्मूल्यांकन पर पांच वर्ष बाद विचार किया जाएगा यदि प्रगति दिखाई देती है (नीचे दिए गए प्रपत्र के अनुसार)।

एक व्यक्ति जीन थेरेपी/ जीन एडिटिंग के सफल उपचार के बाद दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए पात्र नहीं होगा (जहां भी लागू हो) ।

दिव्यांगता के पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन

(उस प्रमाणन प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाना चाहिए जिसने मौजूदा प्रमाण पत्र जारी किया है या दिव्यांग आवेदक के वर्तमान निवास स्थान के क्षेत्राधिकार वाले प्रमाणन प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाना है)

(1) नाम : _____ _____ _____ (जैसाकि दिव्यांगता के मौजूदा प्रमाण पत्र में उल्लिखित है)

(2) पिता का नाम : _____ माता का नाम : _____

(3) जन्म तिथि : _____/_____/_____ (दिनांक) (महीना) (वर्ष)

(4) लिंग: पुरुष/महिला/ट्रांसजेंडर_____

(5) पता:

(क) स्थायी पता:

(ख) वर्तमान पता, यदि आवेदक दिव्यांगता के मौजूदा प्रमाण पत्र के प्रमाणन प्राधिकारी के अधिकार क्षेत्र से बाहर स्थानांतरित हो गया है। कृपया इसका प्रमाण संलग्न करें (उदाहरण के लिए माता-पिता / कानूनी अभिभावक का स्थानांतरण / निवास का स्थानांतरण / घर का आवंटन / किराये संबंधी समझौता पत्र), कोई अन्य प्रासंगिक दस्तावेज़):

_____ _____ _____

_____

(घ) दिव्यांगजन या कानूनी अभिभावक या उस व्यक्ति का संपर्क विवरण जिससे आवश्यकता पड़ने पर संपर्क किया जा सकता है: मोबाइल/दूरभाष नंबर:_____, ई-मेल आईडी, यदि उपलब्ध हो:_____

(6) दिव्यांगता का प्रकार :

(7) दिव्यांगता का प्रतिशत :

(8) दिव्यांगता का मौजूदा प्रमाणपत्र जारी करने वाले अस्पताल/प्रमाणन प्राधिकारी का नाम और पता (दिव्यांगता के मौजूदा प्रमाण पत्र की एक प्रति संलग्न करें):

(9) पुनर्मूल्यांकन का कारण: (कृपया उन कारणों को काट दें जो लागू नहीं हैं)

(i) मेरे मौजूदा प्रमाणपत्र की वैधता _____ को समाप्त हो गई है

(ii) मेरे मौजूदा प्रमाणपत्र की वैधता _____ को समाप्त हो जाएगी

(iii) मेरी दिव्यांगता और अधिक बढ़ गई है

(iv) मेरी दिव्यांगता में सुधार हुआ है

(v) सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट के बाद या _____ संबंधी की गई जीन थेरेपी के बाद मैं दिव्यांगता प्रमाणपत्र के लिए पात्र नहीं हूं (कृपया प्रत्यारोपण / जीन थेरेपी / जीन संपादन से संबंधित प्रमाण पत्र / रिकॉर्ड की प्रति संलग्न करें जो इलाज करने वाले डॉक्टर द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित हो)।

(10) घोषणा:

मैं एतद्वारा घोषणा करता हूं कि ऊपर बताए गए सभी विवरण मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य हैं, और कोई भी महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई नहीं गई है या गलत नहीं बताई गई है। मैं आगे अभिव्यक्त करता हूं कि यदि किसी भी स्तर पर आवेदन में कोई अशुद्धि पाई जाती है, तो मैं प्राप्त किसी भी लाभ को जब्त कर लेने और कानून के अनुसार अन्य कार्रवाई के लिए उत्तरदायी होऊंगा।

_____

(बहुदिव्यांगता वाले व्यक्तियों के मामले में दिव्यांगजन या उसके कानूनी अभिभावक के हस्ताक्षर या बाएं अंगूठे का निशान, आदि)

तारीख : _____

स्थान: _____

संलग्नक:

1. दिव्यांगता के मौजूदा प्रमाण पत्र की प्रति।

2. इलाज कर रहे डॉक्टर द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट या जीन थेरेपी से संबंधित प्रमाण पत्र/रिकॉर्ड की प्रति ।

3. निवास परिवर्तन का प्रमाण {कृपया क्र.सं. (5)(ख)देखें}। दिव्यांग या निराश्रित आदि व्यक्तियों के लिए आवासीय संस्थान में निवास के मामले में, ऐसे संस्थान के प्रमुख से निवास का प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना चाहिए ।

4. दो पासपोर्ट आकार की नवीनतम फोटो ।

(केवल कार्यालय के उपयोग के लिए)

दिव्यांगता के पुनर्मूल्यांकन पर:

(i) एक नया दिव्यांगता प्रमाणपत्र _____ प्रतिशत दिव्यांगता के साथ (दिव्यांगता के प्रकार का उल्लेख किया जाए) दिनांक_____ को जारी किया गया था और मौजूदा दिव्यांगता प्रमाण पत्र

दिनांक_____ को रद्द कर दिया गया है।

(ii) दिव्यांगता का नया प्रमाणपत्र जारी करना आवश्यक नहीं समझा जाता है।

जारीकर्ता प्राधिकारी के हस्ताक्षर

आधिकारिक मोहर

तारीख: _____

स्थान : _____

हीमोफीलिया

जांच सूची:

1. **फैक्टर** VIII **या** IX **स्तर:** *(कारक एस्से रिपोर्ट में व्यक्ति का नाम और आयु, प्रयोगशाला का नाम और पता, जांच करने की तारीख और हस्ताक्षरकर्ता का पूरा नाम और योग्यता शामिल होनी चाहिए। प्रमाणन के समय रिपोर्ट उपलब्ध होनी चाहिए और उसी की एक प्रति रिकॉर्ड के लिए रखी जानी चाहिए)*

2. **रक्तस्राव का इतिहास:**

    क. प्रमुख जोड़ों (टखने, घुटने, कूल्हे, कोहनी और कंधे के जोड़ों)

    ख. मांसपेशियों में खून बहना

    ग. इंट्राक्रैनीयल रक्तस्राव

    घ. चोट या सर्जरी के दौरान रक्तस्राव

3. **जोड़ स्थिति:**

    क. फिक्स्ड फ्लेक्सियन विकृति

    ख. जोड़ के आसपास की मांसपेशियों की महत्वपूर्ण क्षति

    ग. कांट्रेक्टर

4. **चिरकालिक दर्द की गंभीरता**

5. **एम्बुलेटरी स्थिति**

    क. बैसाखी का उपयोग

    ख. व्हीलचेयर का उपयोग

    ग. बेड बाउंड

6. **न्यूरोलॉजिकल सीक्वेल**

7. **ट्रांसफ्यूजन संचारित इंफेक्शन**

8. दिशानिर्देशों के अनुसार बहु दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए **बहु दिव्यांगता बोर्ड मूल्यांकन**

    दृष्टि दिव्यांगता

श्रवण दिव्यांगता

न्यूरोलॉजिकल सहभागिता

थैलेसीमिया रोग की स्थिति

जाँच सूची:

1. **एचपीएलसी जांच के साथ बच्चे की पूर्ण रक्त गणना (सीबीसी)** (प्रीट्रांसफ्यूजन) या माता-पिता दोनों की एचपीएलसी के साथ पूर्ण रक्त गणना (सीबीसी) जिसमें दोनों में थैलेसीमिया वाहक या मोलिक्युलर जांच रिपोर्ट दिखाती है। थैलेसीमिया सिंड्रोम के मामले में एचपीएलसी या रोगी के मोलिक्युलर जांच या यदि माता-पिता से ब्लड ट्रांस्फ्यूजन हुआ है। *(एचपीएलसी / मोलिक्युलर रिपोर्ट में व्यक्ति का नाम और आयु, प्रयोगशाला का नाम और पता, जांच करने की तारीख और हस्ताक्षरकर्ता का पूरा नाम और योग्यता शामिल होनी चाहिए। प्रमाणन के समय रिपोर्ट उपलब्ध होनी चाहिए और उसी की एक प्रति रिकॉर्ड के लिए रखी जानी चाहिए।)*

2. उपचार केंद्र (सरकारी या गैर-सरकारी) से थैलेसीमिया मेजर के लिए नियमित रक्त ट्रांसफ्यूज़न का **दस्तावेजीकरण,** डे-केयर, आउट पेशेंट कार्ड / थैलेसीमिया इंटरमीडिया में ट्रांसफ्यूजन के दस्तावेज़ ।

3. अन्य दवाओं के **सहायक रिकॉर्ड** जैसे, आयरन कीलेशन दवाएं, या रक्त रिपोर्ट सीरम फेरिटिन, एलएफटी, आदि। इमेजिंग, जटिलताओं के लिए जांच, इन-पेशेंट या आउट-पेशेंट के दौरे और दवा के दस्तावेज़।

4. **एंडोक्राइन निष्क्रियता हेतु सहायता करने के लिए जांच**- यदि कोई हो

5. **लिवर की निष्क्रियता वाले रोगियों के लिए**- बिलीरुबिन, एल्बुमिन और प्रोथ्रोम्बिन रिपोर्ट (सीटीपी गणना)

6. **गुर्दे की निष्क्रियता वाले रोगियों के लिए**- सीरम क्रिएटिनिन रिपोर्ट (ईजीएफआर गणना)

7. **ट्रांसफ्यूज़न-संचारित संक्रमण** (एचआईवी, एचबीवी, एचसीवी) हेतु समर्थन करने के लिए जांच

8. **एनवाईएचए** प्रश्नावली

9. **पीडीक्यू** प्रश्नावली

10. दिशानिर्देशों के अनुसार बहु दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए **बहु दिव्यांगता बोर्ड मूल्यांकन-**

दृष्टि दिव्यांगता

श्रवण दिव्यांगता

विकासहीनता

लोकोमोटर दिव्यांगता

न्यूरोलॉजिकल सहभागिता

सिकल कोशिका रोग

जाँच-सूची:

1. रोगी की पूर्ण रक्त गणना (सीबीसी) एचपीएलसी जांच (पिछले 3 महीनों में ट्रांसफ्यूज़न नहीं किया गया हो) या माता-पिता दोनों एचपीएलसी सिकल होमोजीगस के लिए रोगी में एचबीएस वाहक स्थिति और लक्षण दिखाते हैं। या एक माता-पिता जो सिकल वाहक हैं और एक जो या तो बीटा थैलेसीमिया ट्रेट (वाहक) या एचबीडी वाहक है।

(एचपीएलसी/मॉलिक्यूलर रिपोर्ट में व्यक्ति का नाम और उम्र, प्रयोगशाला का नाम और पता, जांच करने की तारीख और हस्ताक्षरकर्ता का पूरा नाम और योग्यता शामिल होनी चाहिए। प्रमाणन के समय रिपोर्ट उपलब्ध होनी चाहिए और उसी की एक प्रति दस्तावेज़ के लिए रखी जानी चाहिए)। या सरकार ने एससीडी जटिलताओं या उपचार के लिए स्वास्थ्य-जांच के सहायक दस्तावेज के साथ एचबी इलेक्ट्रोफोरेसिस / पीओसी को मंजूरी दे दी।

2. गंभीर स्थिति के लिए **उपचार का दस्तावेजीकरण**, और जटिलताओं के लिए अस्पताल में भर्ती या हाइड्रॉक्सीयूरिया या अन्य अनुमोदित आदि के साथ नियमित उपचार का दस्तावेजीकरण या सिकल कोशिका उपचार केंद्र / डे-केयर / अस्पताल (सरकारी या गैर-सरकारी) से रक्त ट्रांसफ्यूज़न के रिकॉर्ड।

3. रक्त ट्रांसफ्यूज़न के लिए दस्तावेजीकरण

4. एंडोक्राइन निष्क्रियता प्रमाणित करने के लिए जांच - यदि कोई हो

5. एनवाईएचए प्रश्नावली (परिशिष्टि-XVII)

6. लिवर निष्क्रियता वाले रोगियों के लिए- बिलीरुबिन, एल्बुमिन और प्रोथ्रोम्बिन रिपोर्ट (सीटीपी गणना) दावा करते समय आवश्यक है। **(परिशिष्ट-XVIII)**

7. किडनी निष्क्रियता वाले मरीजों के लिए- दावा करते समय सीरम क्रिएटिनिन रिपोर्ट (ईजीएफआर गणना) की आवश्यकता होगी। **(परिशिष्ट -XIX)**

8. ट्रांसफ्यूज़न-संचारित संक्रमण का समर्थन करने के लिए जांच- (एचआईवी, एचबीवी, एचसीवी)

9. पीडीक्यू प्रश्नावली (परिशिष्ट-XX)

10. दिशानिर्देशों के अनुसार अतिरिक्त दिव्यांगता के लिए बहु-दिव्यांगता (भाग VIII देखें) बोर्ड मूल्यांकन -

दृष्टि दिव्यांगता

श्रवण दिव्यांगता

विकासहीनता

लोकोमोटर दिव्यांगता

न्यूरोलॉजिकल सहभागिता, संज्ञानात्मक दिव्यांगता

VIII. बहु-दिव्यांगता

30.1. परिभाषा

बहु दिव्यांगता का अर्थ होता है, दो या अधिक प्रकार की दिव्यांगताओं का संयोजन, अर्थात्

(i) लोकोमोटर दिव्यांगता (आर्थोपेडिक, एसिड एक्सपोजर / अटैक के कारण जलने की चोटों सहित किसी भी कारण से)

(ii) दृश्य दिव्यांगता;

(iii) श्रवण दिव्यांगता;

(iv) रक्त संबंधी विकारों से जुड़ी दिव्यांगता;

(v) विकास संबंधी विकार (ग्लोबल डेवलपमेंट डिले, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट अधिगम दिव्यांगता, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार आदि सहित)।

(vi) मानसिक रुग्णता

(vii) चिरकालिक तंत्रिका दशाएं

मूल्यांकन

30.2. मूल्यांकन के लिए दिशानिर्देश:

बहु- दिव्यांगता वाले व्यक्ति की प्रत्येक विशिष्ट दिव्यांगता के मूल्यांकन के लिए अलग-अलग दिव्यांगता के लिए प्रयुक्त दिशा-निर्देशों का उपयोग किया जाएगा। प्रत्येक दिव्यांगता का मूल्यांकन किया जाएगा तथा दिव्यांगता की डिग्री की गणना अधिसूचित विशेषज्ञों द्वारा की जाएगी। प्रत्येक दिव्यांगता के लिए प्राप्त स्कोर के आधार पर उन्हें सबसे गंभीर से लेकर सबसे कम गंभीर तक वर्गीकृत किया जाएगा। बहु-दिव्यांगता के मामले में, केवल 25% अथवा अधिक की अलग-अलग दिव्यांगता को ही समग्र दिव्यांगता मूल्यांकन के लिए शामिल किया जाएगा।

इसके बाद, कई दिव्यांगताओं के कारण समग्र कुल प्रतिशत पर पहुंचने के लिए, निम्नलिखित संयोजन सूत्र का उपयोग किया जाएगा।

$$x = a + \frac{b(100-a)}{100}$$

जहाँ

"x" बहु दिव्यांगताओं के कारण समग्र कुल प्रतिशत है।

"a" उच्च स्कोर के साथ दिव्यांगता का प्रतिशत है और

"b" कम स्कोर के साथ दिव्यांगता का प्रतिशत है।

हालांकि, कई दिव्यांगताओं के कारण समग्र कुल प्रतिशत 100% से अधिक नहीं होगा।

उदाहरण 1: यदि श्रवण दिव्यांगता का प्रतिशत 40% है और दृश्य दिव्यांगता का प्रतिशत 30% है, तो ऊपर दिए गए संयोजन सूत्र को लागू करके, श्रवण दिव्यांगता और दृश्य दिव्यांगता के कारण बहु दिव्यांगता के कुल प्रतिशत की गणना निम्नानुसार की जाएगी: -

$$40 + \frac{30(100-40)}{100} \quad = 58\%$$

यदि किसी व्यक्ति को दो से अधिक दिव्यांगता है, तो उपरोक्त सूत्र को क्रमिक रूप से उच्चतम प्रतिशत स्कोर के साथ दो

दिव्यांगताओं के साथ शुरू किया जाएगा और अगले कम प्रतिशत स्कोर को गणना में शामिल करके आगे बढ़ाया जाएगा।

उदाहरण के लिए, एक व्यक्ति को 3 दिव्यांगताएं हैं। पहली दिव्यांगता के लिए प्रतिशत स्कोर "ए" के बराबर उच्चतम है; दूसरी दिव्यांगता के लिए स्कोर "बी" (दूसरा उच्चतम) के बराबर है; और तीसरी दिव्यांगता के लिए स्कोर "सी" सबसे कम स्कोर के बराबर है। उपरोक्त सूत्र के अनुसार:

$$x = a + \frac{b(100-a)}{100}$$

(दिव्यांगता का स्कोर 1 और 2 = x)

यह (x) तीन दिव्यांगताओं जो y है के कारण समग्र दिव्यांगता की गणना के उद्देश्य से (a) बन जाएगा ।

$$y = x + \frac{c(100-x)}{100}$$

इस तरह की गणना तब तक जारी रहेगी जब तक कि अंतिम दिव्यांगता (गंभीरता स्कोर 25% से अधिक या उसके बराबर) कवर नहीं हो जाती। अंतिम आंकड़ा सभी बहु दिव्यांगताओं के कारण समग्र दिव्यांगता होगा ।

अधिकतम संयुक्त दिव्यांगता स्कोर 100% है।

उदाहरण 2: यदि बौद्धिक दिव्यांगता का प्रतिशत 50%, श्रवण दिव्यांगता का प्रतिशत 40% और दृश्य दिव्यांगता का प्रतिशत 30% है तथा लोकोमोटर दिव्यांगता का प्रतिशत 10% है, तो ऊपर दिए गए संयोजन सूत्र को लागू करके, बहु दिव्यांगताओं के कुल प्रतिशत की गणना निम्नानुसार की जाएगी: -

चरण 1: बौद्धिक दिव्यांगता 50%, श्रवण दिव्यांगता 40%

चरण 2: बौद्धिक दिव्यांगता और श्रवण दिव्यांगता का समग्र 70% प्लस दृष्टि दिव्यांगता 30%

$$50 + \frac{40(100-50)}{100} = 70\%$$

$$70 + \frac{30(100-60)}{100} = 79\%$$

चरण 3: दो से अधिक दिव्यांगता ग्रस्त व्यक्तियों के मामले में, यह सूत्र सबसे अधिक प्रतिशत वाली दिव्यांगता से शुरू होगा और एक समय में दो दिव्यांगता शामिल होंगे। तीसरी दिव्यांगता के लिए, उपरोक्त सूत्र का परिणाम, जैसा कि

दो उच्च % वाले दिव्यांगताओं पर लागू होता है, उपर्युक्त सूत्र में उच्चतर दिव्यांगता "x" बन जाएगा। इस तरह की गणना तब तक जारी रहेगी जब तक कि अंतिम दिव्यांगता को अधिकतम 100% के अधीन कवर नहीं किया जाता है। उपर्युक्त सभी बहु दिव्यांगताओं के कारण प्राप्त बहु दिव्यांगता प्रमाण पत्र समेकित दिव्यांगता को दर्शाएगा। इसके अलावा, सभी अलग-अलग बहु दिव्यांगताओं को दिव्यांगता प्रमाण पत्र में सूचीबद्ध किया जाएगा।

30.3 चिकित्सा प्राधिकरण*:

सभी सरकारी संस्थानों में एक स्थायी मेडिकल बोर्ड होगा जो बहु दिव्यांगता को प्रमाणित करेगा। स्थायी मेडिकल बोर्ड समय-समय पर कई दिव्यांगताओं के आकलन के लिए प्राप्त आवेदनों के आधार पर बैठक करेगा।

स्थायी मेडिकल बोर्ड में निम्नलिखित शामिल होंगे: -

(क) चिकित्सा अधीक्षक या मुख्य चिकित्सा अधिकारी या सिविल सर्जन या राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित कोई अन्य समकक्ष प्राधिकारी – अध्यक्ष

(ख) लोकोमोटर दिव्यांगता, दृश्य दिव्यांगता, श्रवण दिव्यांगता, रक्त संबंधी विकारों से जुड़ी दिव्यांगता, विकास संबंधी विकार, मानसिक रूग्णता और चिरकालिक तंत्रिका दशाओं के लिए संबंधित दिशानिर्देशों की आवश्यकता के अनुसार व्यक्तिगत दिव्यांगता का आकलन करने के लिए आवश्यक विशेषज्ञ।

नोट * - विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण दिव्यांगता मूल्यांतकन में भारी विलंब को ध्यान में रखते हुए, दिव्यांगता के मूल्यांकन के लिए दिव्यांगता मूल्यांवकन बोर्ड का अध्यक्ष (जिसे अनिवार्य रूप से सरकारी डॉक्टर होना चाहिए जैसे कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी या सिविल सर्जन या यथानिर्दिष्ट), यदि आवश्यरक हो, तो बोर्ड के सदस्य के रूप में निजी मेडिकल प्रैक्टीनशनर (संबंधित चिकित्सा क्षेत्र में विधिवत योग्य) को शामिल कर सकता है।

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम,2016 (2016 का 49) के अंतर्गत शामिल किसी दिव्यांग की निर्दिष्ट दिव्यांगता की सीमा का मूल्यांकन करने के प्रयोजन के लिए दिशानिर्देश में शामिल करने हेतु परिशिष्टों की सूची		
परिशिष्ट सं.	**विषय**	**निर्बाध या प्रतिलिप्याधिकार**
I	मांशपेशीय ताकत ग्रेडिंग (चिकित्सा अनुसंधान परिषद - एमआरसी पैमाना)	निर्बाध उपलब्ध**
II	**प्रारूप क** ऊपरी भाग के लिए मूल्यांकन प्रारूप **प्रारूप ख** निचले भाग के लिए मूल्यांकन प्रारूप	निर्बाध उपलब्ध**
III	विभिन्न जोड़ों पर औसत सामान्य गमन सीमा (डिग्री में)	निर्बाध उपलब्ध**
IV	अवधारणात्मक वाक् बुद्धिमत्ता श्रेणीकरण पैमाना (एवायजेएनआईएसएचडी, 2022)	निर्बाध उपलब्ध**
V	आवाज का ऐक्य श्रव्य अवधारणा मूल्यांकन (सीएपीई - वी)	निर्बाध उपलब्ध**
VI	वाइनलैंड सामाजिक परिपक्वता पैमाना	प्रतिलिप्याधिकार
VII	भारतीय बच्चों के लिए मलिन का बुद्धिमत्ता पैमाना (एमआईएसआईसी)	प्रतिलिप्याधिकार
VIII	क. डब्ल्यूआईएससी - IV बच्चों के लिए वेक्सलर पैमाना..... ख. बिनेट कामत परीक्षण (बीकेटी) ..... ग. एनआईईपीआईडी आईक्यू परीक्षण	प्रतिलिप्याधिकार प्रतिलिप्याधिकार निर्बाध उपलब्ध**
IX	एनआईएमएचएएनएस एसएलडी सूचकांक	प्रतिलिप्याधिकार
X	स्कूल में सीखने की समस्या वाले बच्चों के लिए ग्रेड लेवल मूल्यांकन युक्ति - जीएलएडी (एनआईईपीआईडी)	निर्बाध उपलब्ध**
XI	एम्स - उपांतरित आईएनसीएलईएन नैदानिक एएसडी टूल	निर्बाध उपलब्ध**
XII	स्व-प्रयाणता के मूल्यांकन हेतु भारतीय पैमाना (एसएआरए)	निर्बाध उपलब्ध**
XIII	भारतीय दिव्यांगता और मूल्यांकन पैमाना (आईडीईएएस)	निर्बाध उपलब्ध**
XIV	एटैक्सिया के मूल्यांकन एवं श्रेणीकरण हेतु पैमाना	निर्बाध उपलब्ध**
XV	उपांतरित होएहन और याहर पैमाना	निर्बाध उपलब्ध**
XVI	एएलएस प्रकार्यात्मक श्रेणीकरण पैमाना संशोधित (एएलएस -एफआरएस - आर)	निर्बाध उपलब्ध**
XVII	द न्यूयॉर्क हर्ट एसोसिएशन (एनवायचएचए) प्रकार्यात्मक वर्गीकरण	निर्बाध उपलब्ध**
XVIII	सीटीपी संगणना	निर्बाध उपलब्ध**
XIX	ईएफजीआर संगणना	निर्बाध उपलब्ध**
XX	दर्द दिव्यांगता प्रश्नावली (पीडीक्यू)	निर्बाध उपलब्ध**

नोट**: **समय-समय पर यथा अद्यतित निर्बाध उपलब्ध परीक्षणों के नवीनतम संस्करण का उपयोग किया जाना चाहिए।**

परिशिष्ट

परिशिष्ट -I

माँसपेशियों की मजबूती की ग्रेडिंग (श्रेणीकरण) (चिकित्सा अनुसंधान परिषद-एमआरसी पैमाना):

श्रेणी	विवरण
0	परीक्षण की जा रही माँसपेशियों में कोई संकुचन नहीं
